शुक्रवार, 30 मई 2025

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 25 – 33 |
| आर्द्रता | 79% |
| सूर्योदय: 4:52 | सूर्यास्त: 18:16 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष चतुर्थी, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : किसी की मदद करो तो लोग भूल जाते हैं और ना करो तो लोग याद रखते हैं।



नौ साल बाद आईपीएल के फाइनल में पहुंची आरसीबी पृष्ठ 8

## मुर्शिदाबाद हिंसा को लेकर तृणमूल पर बरसे मोदी

# बंगाल सरकार को 'निर्मम सरकार' बताया



**अलीपुरद्वार (पश्चिम बंगाल) :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला करते हुए बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि राज्य हिंसा, भ्रष्टाचार और अराजकता से ग्रस्त है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता 'निर्मम सरकार' से छुटकारा पाने के लिए बदलाव चाहती है। मोदी ने यहां एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदा में सांप्रदायिक हिंसा की घटनाएं आम नागरिकों के प्रति तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) शासन की ''क्रूरता और उदासीनता'' की याद दिलाती हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, ''आज पश्चिम बंगाल कई संकटों से जूझ रहा है। लोग 'निर्मम सरकार' नहीं चाहते। वे बदलाव और सुशासन चाहते हैं। यही कारण है कि पूरा बंगाल कह रहा है कि उन्हें अब क्रूरता और भ्रष्टाचार नहीं चाहिए।'' मुर्शिदाबाद और मालदा में हाल की सांप्रदायिक हिंसा के लिए ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली तृणमूल कांग्रेस सरकार की आलोचना करते हुए मोदी ने कहा कि आरोप यह है कि कानून तोड़ने वालों को ''तुष्टिकरण'' की आड़ में बेरोकटोक काम करने की अनुमति दी गई जबकि पुलिस असहाय होकर खड़ी रही। उन्होंने कहा, ''मुर्शिदाबाद और मालदा में जो हुआ, उसे देखिए – सरकार की क्रूरता के स्पष्ट उदाहरण। तुष्टीकरण के नाम पर अराजकता को पनपने दिया गया। जरा भयावहता की कल्पना कीजिए: सत्ताधारी पार्टी के सदस्य घरों को चिह्नित करके उनमें आग लगा देते हैं, जबकि पुलिस मूकदर्शक बनी रहती है और कुछ नहीं करती।'' अगले साल राज्य में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर मोदी ने कहा कि लोग बदलाव चाहते हैं। मोदी ने कहा, ''मैं बंगाल के गरीब लोगों से पूछना चाहता हूं – क्या सरकार को इसी तरह काम करना चाहिए? यहां लगभग हर मामले में अदालतों को हस्तक्षेप करना पड़ता है अन्यथा कोई भी मामला सुलझ नहीं पाता। लोगों का टीएमसी की सरकार से भरोसा उठ गया है। पूरा बंगाल कह रहा है: 'बंगाल में मची चीख-पुकार, नहीं चाहिए निर्मम सरकार'।'' मोदी ने दावा किया कि टीएमसी के शासन में बंगाल एक साथ कई संकटों से घिरा है। उन्होंने पांच प्रमुख संकटों को सूचीबद्ध किया। प्रधानमंत्री ने कहा, ''राज्य में पहला संकट व्यापक हिंसा और अराजकता है जो समाज के ताने-बाने को नष्ट कर रहा है। दूसरा, माताओं और बहनों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है, जो उनके खिलाफ किए गए भयानक अपराधों से और अधिक हो गई है।'' मोदी ने कहा कि बंगाल में तीसरा संकट बढ़ती बेरोजगारी और अवसरों की कमी से युवाओं में बढ़ती निराशा है जबकि चौथा संकट ''व्यापक भ्रष्टाचार'' है जो व्यवस्था में जनता के विश्वास को खत्म कर रहा है। उन्होंने कहा, ''पांचवां संकट सत्तारूढ़ पार्टी की स्वार्थपूर्ण राजनीति से उपजा है, जिससे गरीबों को उनका वाजिब हक नहीं मिल पा रहा है। मुर्शिदाबाद और मालदा की घटनाएं तृणमूल कांग्रेस सरकार की क्रूरता और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में उसकी विफलता के स्पष्ट उदाहरण हैं।''ममता सरकार पर हमला करते हुए मोदी ने कहा, केंद्र की कई बड़ी परियोजनाएं इस राज्य में लागू की जा रही हैं। आयुष्मान भारत योजना को यहां शुरू नहीं होने दिया गया। यहां के लोग अगर बाहर जाते हैं तो उन्हें उस परियोजना का लाभ नहीं मिलता। पश्चिम बंगाल के कई लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिल सकते थे। लेकिन यहां इसकी अनुमति नहीं दी गई।

### बंगाल के युवाओं को अनिश्चितता, अंधकार की ओर धकेल रही है तृणमूल सरकार

मोदी ने रैली को संबोधित करते हुए ममता सरकार में भ्रष्टाचार के कारण हजारों शिक्षकों के बेरोजगार होने का जिक्र किया। उन्होंने कहा, बंगाल में मची चीख पुकार, नहीं चाहिए निर्मम सरकार। तृणमूल कांग्रेस सरकार शिक्षकों की भर्ती सहित कई घोटालों में शामिल रही है। यह सरकार राज्य के लोगों के कल्याण के प्रति बिल्कुल भी सहानुभूति नहीं रखती। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं तथा युवाओं से राज्य के गौरव को बहाल करने के लिए बदलाव के लिए तैयार रहने का आह्वान किया और चेतावनी दी कि भाजपा किसी को भी पश्चिम बंगाल को नष्ट करने की अनुमति नहीं देगी। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के नेता अपनी गलतियों को स्वीकार करने के बजाय न्यायपालिका सहित अन्य पर शिक्षक भर्ती घोटाले में उनके कुकृत्यों को दबाने का आरोप लगा रहे हैं।

### बंगाल में पीएनजी-सीएनजी प्रोजेक्ट की शुरुआत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल के अलीपुरद्वार जिले में 1,010 करोड़ रुपये की सिटी गैस वितरण (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में भारत की यात्रा के लिए राज्य का विकास आवश्यक है। अलीपुरद्वार और पड़ोसी कूचबिहार जिलों को कवर करने वाली इस परियोजना का उद्देश्य क्षेत्र में 2.5 लाख से अधिक घरों के साथ-साथ वाणिज्यिक और औद्योगिक उपयोगकर्ताओं को पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) उपलब्ध कराना है। योजना के हिस्से के रूप में, न्यूनतम कार्य कार्यक्रम लक्ष्यों के अनुसार, लगभग 19 संपीड़ित प्राकृतिक गैस (सीएनजी) स्टेशन भी स्थापित किए जाएंगे।

# पहले चाय बेचते थे, अब सिंदूर बेच रहे हैं मोदी : ममता



### मुख्यमंत्री का पीएम पर पलटवार, कहा... 'राजनीतिक उद्देश्य से ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया'

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा गुरुवार को अलीपुरद्वार की जनसभा से उनकी सरकार को निर्मम सरकार बताने पर पलटवार करते हुए कहा कि मोदी पहले चाय बेचते थे, अब सिंदूर बेच रहे हैं। राज्य सचिवालय नवान्न में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए ममता ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर नाम राजनीति मकसद से दिया गया। मैं अभी इस बारे में कुछ नहीं कहूंगी। ममता ने कहा कि जब विपक्षी दल व भाजपा के प्रतिनिधि देश के लिए विदेशों में चिल्ला रहे हैं। तब एक प्रधानमंत्री चुनाव प्रचार के तौर पर राजनीति का रंग लगाकर राजनीतिक होली खेलने बंगाल आए हैं। यह शोभा नहीं देता। ममता ने कहा कि पहले वे (मोदी) खुद को चायवाला कहते थे। फिर, चौकीदार कहा और अब वे कह रहे हैं कि सिंदूर बेचेंगे। वे सिंदूर का अपमान कर रहे हैं। मां और बहन की इज्जत सिंदूर इतना सस्ता नहीं और न इसे बेचा जाता। हर महिला अपने पति के हाथों से सिंदूर लेती है। मोदी ऐसे कह रहे हैं जैसे आप सबके पति हैं। ममता ने सिंदूर के बहाने मोदी पर निजी हमला भी बोला। कहा कि मोदी अपनी पत्नी को सिंदूर क्यों नहीं लगा रहे हैं? ममता ने पीएम पर तंज कसते हुए यह भी कहा कि आप खुद को दुनिया का इतना बड़ा नेता कहते हैं, लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बोलते ही चुप हो जाते हैं। सिंदूर के नाम पर केंद्र सरकार राजनीतिक होली खेल रही है। ममता ने कहा कि पीएम मोदी ने आज अलीपुरद्वार की सभा में जो कहा, उसे सुनकर हम न केवल स्तब्ध हैं, बल्कि बहुत दुखी हैं। जब विपक्ष के सांसद व नेतागण ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत का पक्ष रखने के लिए विदेशों में देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है, उनकी मौजूदगी में उनके मंत्री ने कहा कि वे ऑपरेशन बंगाल करेंगे, ऑपरेशन सिंदूर की तरह।

### ममता की चुनौती, अगर हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें

ममता ने चुनौती दी कि अगर उनमें हिम्मत है, तो कल चुनाव में उतरें, हम तैयार हैं। बंगाल आपकी चुनौती स्वीकार करने के लिए तैयार है। लेकिन कृपया याद रखें, समय एक कारक है। आपको समय याद रखना चाहिए। हमारे प्रतिनिधि सांसद अभिषेक बनर्जी भी केंद्र की ओर से विदेश गई टीम में हैं और वे हर दिन आतंकवाद के खिलाफ बोल रहे हैं। ममता ने पीएम पर हमला बोलते हुए कहा कि आप बंगाल में हमारी सरकार की आलोचना कर रहे हैं और विपक्ष को दोष देना चाहते हैं। जो पार्टी व सरकार आपको राष्ट्रीय हित के मुद्दे पर पूरा समर्थन दे रही है। अभी इस तरह से बात करना अच्छा नहीं लगता। ममता ने हालांकि स्पष्ट किया कि विदेश से बीच में प्रतिनिधिमंडल को छोड़कर उनकी पार्टी के सांसद अभिषेक बनर्जी नहीं लौटेंगे। देश सबका है।

### 'मुर्शिदाबाद और मालदह में हिंसा भाजपा ने करवाए', ममता का आरोप

हिंसा के मुद्दे पर पीएम द्वारा घेरने पर ममता ने कहा कि मुर्शिदाबाद और मालदह में हिंसा भाजपा ने करवाए। पीएम मोदी आतंकवादियों और बंगाल को एक साथ मिला दिए। वे बंगाल की इज्जत से खिलवाड़ करते हैं। मैं सबकुछ बर्दाश्त कर सकती हूं लेकिन अगर कोई इज्जत से खेले तो बर्दाश्त नहीं करूंगी। यह भी कहा कि बंगाल कभी भाजपा के हाथ में नहीं जाएगा। ममता ने कहा कि गुजरात में आतंकवादियों की घुसपैठ है, पीएम मोदी ने इसपर क्या कार्रवाई की। ममता ने पीएम मोदी को झूठ का सौदागर भी कहा। आरोप लगाया कि पीएम मोदी देश को बर्बाद करने बैठे हैं। ममता ने पीएम से पूछा कि आप मणिपुर क्यों नहीं जाते, बंगाल सुरक्षित है इसलिए आते हैं। ममता ने आइपीएल का फाइनल मैच कोलकाता से गुजरात ले जाने को लेकर भी आलोचना की। कहा कि सब खेल को गुजरात लेकर जा रहे हैं, फाइनल भी मोदी स्टेडियम ले जाया गया।

### मुख्यमंत्री ने पहलगाम हमले के आतंकियों को मारने का मांगा सबूत

ममता ने पीएम से पहलगाम हमले के आतंकवादियों को मारने का सबूत भी मांगा। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जिक्र करते हुए ममता ने कहा कि मैं सोच रही थी कि मोदी भारतीय सेना को सैल्यूट करेंगे लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। खुद अपना प्रचार में लगे हैं। ममता ने पीएम को यह भी चुनौती दी कि किसी टीवी चैनल में सीधे बैठकर मेरा मुकाबला करें। ममता ने कहा कि केंद्र पहले बंगाल का बकाया एक लाख 75 हजार करोड़ रुपये दे, फिर कोई बात करे।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## पीओके के लोग भारतीय परिवार का हिस्सा हैं, वह दिन दूर नहीं जब वे खुद भारत लौटेंगे : राजनाथ




**नयी दिल्ली :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के लोग भारतीय परिवार का हिस्सा हैं और वह दिन दूर नहीं जब वे अंतरात्मा की आवाज सुनकर खुद भारत की मुख्यधारा में लौट आएंगे। पाकिस्तान के प्रति भारत के नीतिगत दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए सिंह ने कहा कि भारत ने आतंकवाद के प्रति अपनी रणनीति और प्रतिक्रिया को ''नए सिरे से तैयार और परिभाषित'' किया है तथा पाकिस्तान के साथ संभावित वार्ता केवल आतंकवाद और पीओके के मुद्दे पर ही होगी। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के 'बिजनेस समिट' में अपने संबोधन में सिंह ने कहा कि रक्षा क्षेत्र में 'मेक-इन-इंडिया' देश की राष्ट्रीय सुरक्षा में एक आवश्यक घटक रहा है और इसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रभावी कार्रवाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सिंह ने पीओके के लोगों तक पहुंचने का व्यापक प्रयास किया और कहा कि भारत उन्हें अपने ''अपने'' परिवार का हिस्सा मानता है। उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर के लोग हमारे अपने हैं, हमारे परिवार का हिस्सा हैं।'' उन्होंने कहा, हम 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प के प्रति प्रतिबद्ध हैं और हमें पूरा विश्वास है कि हमारे जो भाई आज भौगोलिक और राजनीतिक रूप से हमसे अलग हैं, वे भी किसी न किसी दिन अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनकर, आत्मसम्मान के साथ भारत की मुख्यधारा में लौट आएंगे। सिंह ने कहा कि पीओके के अधिकतर लोग भारत के साथ ''गहरा जुड़ाव'' महसूस करते हैं और केवल कुछ ही लोग ''गुमराह'' हुए हैं। उन्होंने कहा, ''पीओके में रहने वाले हमारे भाई-बहनों की स्थिति वीर योद्धा महाराणा प्रताप के छोटे भाई शक्ति सिंह के समान है।''

### भारत, चालू वित्त वर्ष में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा: आरबीआई

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि देश वित्त वर्ष 2025-26 में भी दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आरबीआई ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि सौम्य मुद्रास्फीति परिदृश्य और जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) के विस्तार में ''धीमी गति'' के कारण मौद्रिक नीति को भविष्य में वृद्धि के लिए सहायक होना चाहिए। केंद्रीय बैंक ने नवीनतम रिपोर्ट में कहा, '...भारतीय अर्थव्यवस्था अपने मजबूत वृहद आर्थिक बुनियादी ढांचे, मजबूत वित्तीय क्षेत्र और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता का लाभ उठाकर 2025-26 में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।'' इसने वैश्विक वित्तीय बाजार में अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव, व्यापार विखंडन, आपूर्ति-श्रृंखला में व्यवधान एवं जलवायु संबंधी चुनौतियों के कारण उत्पन्न अनिश्चितताओं को विकास के दृष्टिकोण के लिए नकारात्मक जोखिम और मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण के लिए सकारात्मक पहलू के रूप में चिह्नित किया। रिपोर्ट में कहा गया है कि शुल्क नीतियों में बदलाव के परिणामस्वरूप वित्तीय बाजारों में कहीं-कहीं अस्थिरता के प्रभाव दिख सकते हैं और निर्यात को 'अंतर्मुखी नीतियों एवं शुल्क युद्धों' के कारण प्रतिकूल परिस्थितियों का सामना करना पड़ सकता है।

### अमेरिका की संघीय अदालत ने आयात पर भारी शुल्क लगाने के ट्रंप के आदेश पर रोक लगाई

**वाशिंगटन :** अमेरिका की एक संघीय अदालत ने आपातकालीन शक्तियां कानून के तहत आयात पर भारी शुल्क लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर बुधवार को रोक लगा दी। इससे ट्रंप की उन आर्थिक नीतियों को लेकर संदेह पैदा हो गया है, जिन्होंने वैश्विक वित्तीय बाजारों को हिलाकर रख दिया है। इन नीतियों ने व्यापार साझेदारों को निराश किया है और मुद्रास्फीति बढ़ने व अर्थव्यवस्था में मंदी आने की व्यापक आशंकाएं पैदा हो गई हैं। न्यूयॉर्क में स्थित अमेरिकी अंतरराष्ट्रीय व्यापार अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने यह फैसला सुनाया है। इससे पहले इस संबंध में दायर कई मुकदमों में दलील दी गई थी कि ट्रंप अपने अधिकार का दुरुपयोग करके मनमर्जी से देश की व्यापार नीति तय कर रहे हैं।

### यूपी: सेना पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी को झटका, हाईकोर्ट ने राहत देने से किया इनकार

**लखनऊ :** लखनऊ सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बृहस्पतिवार को हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ से झटका लगा है। कोर्ट ने मामले में उन्हें राहत देने से इन्कार कर उनकी याचिका खारिज कर दी है। राहुल गांधी के खिलाफ लखनऊ की एक अदालत में परिवाद दाखिल करते हुए आरोप लगाया गया है कि उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा के दौरान सेना पर कथित अपमानजनक टिप्पणी की थी। परिवाद पर सुनवाई के दौरान स्थानीय अदालत ने राहुल को तलब (समन) किया गया है। राहुल ने याचिका में इसी तलबी आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने खुली अदालत में याचिका खारिज करने का आदेश दिया। राज्य सरकार की ओर से पेश हुए अपर महाधिवक्ता विनोद कुमार शाही ने याचिका का विरोध किया। शाही ने बताया कि कोर्ट ने कहा है कि विस्तृत आदेश सोमवार (2 जून) को जारी किया जाएगा।

## भारत-पाक संघर्ष रोकने के लिए व्यापार की पेशकश के अमेरिका के दावे को भारत ने किया खारिज

**नयी दिल्ली :** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि पाकिस्तान के साथ उसके सैन्य संघर्ष के दौरान भारतीय और अमेरिकी नेताओं के बीच बातचीत में व्यापार का मुद्दा बिल्कुल भी नहीं उठा। इस तरह भारत ने एक तरह से अमेरिका के बार-बार किए जा रहे इन दावों को खारिज कर दिया व्यापार की उसकी पेशकश ने टकराव को रोक दिया। अमेरिकी वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लुटनिक ने न्यूयॉर्क की एक अदालत को बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच 'संक्षिप्त संघर्ष विराम' तभी हुआ जब राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दोनों देशों को 'पूर्ण स्तर के युद्ध' को टालने के लिए अमेरिका के साथ व्यापार करने की पेशकश की। पिछले कुछ हफ्तों में, ट्रंप ने बार-बार यह भी दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को धमकी दी कि अगर वे संघर्ष नहीं रोकते हैं तो अमेरिका दोनों देशों के साथ व्यापार बंद कर देगा। भारत लगातार यह कहता रहा है कि पाकिस्तान के साथ शत्रुता समाप्त करने पर सहमति दोनों सेनाओं के सैन्य संचालन महानिदेशकों (डीजीएमओ) के बीच सीधी बातचीत के बाद बनी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''छह-सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू होने से लेकर 10 मई को गोलीबारी और सैन्य कार्रवाई बंद करने पर सहमति बनने तक, भारत और अमेरिकी नेताओं के बीच उभरती सैन्य स्थिति पर बातचीत हुई।''




# वायुसेना प्रमुख ने रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं में देरी पर चिंता जताई

**नयी दिल्ली :** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह ने बृहस्पतिवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' को ''राष्ट्रीय विजय'' करार दिया। साथ ही उन्होंने विभिन्न रक्षा अधिग्रहण परियोजनाओं के क्रियान्वयन में अत्यधिक देरी पर गंभीर चिंता जताई और इस मुद्दे को सुलझाने की वकालत की। भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिन तक चले सैन्य संघर्ष के बाद अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में एयर चीफ मार्शल ने कहा कि ''एक भी परियोजना'' समय पर पूरी नहीं हुई है। उन्होंने हालांकि, सीआईआई बिजनेस समिट में अपनी टिप्पणी में परियोजनाओं का विशिष्ट विवरण नहीं दिया या उस अवधि का संदर्भ नहीं दिया कि परियोजनाओं में कब से हुई देरी भारतीय वायुसेना को प्रभावित कर रही है। वायुसेना प्रमुख ने सलमान खान अभिनीत फिल्म




सीआईआई वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन 2025 में एयर चीफ मार्शल एपी सिंह सहित अन्य

'वांटेड' के संवादों का भी जिक्र किया, जिसमें कहा गया है, ''एक बार जो हमने कमिट कर दिया है, (तो) फिर मैं अपनी आप की भी नहीं सुनता।'' उन्होंने इस संवाद को उद्धृत करके इस बात पर जोर दिया कि रक्षा परियोजनाओं पर सशस्त्र बलों से की गई प्रतिबद्धताओं का पालन किया जाना चाहिए। अपनी स्पष्ट भाषा के लिए मशहूर एयर चीफ मार्शल सिंह ने कहा कि करीब एक दशक पहले भारतीय वायुसेना अपनी खरीद के लिए बड़े पैमाने पर 'बाहर की ओर' देख रही थी, लेकिन बदलाव के बाद इसने भारत के भीतर अवसरों की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति ने ''हमें एहसास कराया है कि आत्मनिर्भरता ही एकमात्र समाधान है''। वायुसेना प्रमुख ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने भारतीय सशस्त्र बलों को ''स्पष्ट तौर पर अहसास'' करा दिया है कि ''हम किस ओर जा रहे हैं और हमें भविष्य में क्या चाहिए''। एयर चीफ मार्शल सिंह ने 'ऑपरेशन सिंदूर' को राष्ट्रीय विजय करार देते हुए कहा कि सभी भारतीय बलों ने मिलकर बेहद पेशेवर तरीके से इसे अंजाम दिया। उन्होंने कहा, हम सत्य के मार्ग पर चल रहे थे। मुझे लगता है कि ईश्वर भी इसमें हमारे साथ था। वायुसेना प्रमुख ने कहा, ''हमने जो ऑपरेशन सिंदूर चलाया, वह राष्ट्रीय विजय है। मैं हर भारतीय को धन्यवाद देता हूं। मुझे यकीन है कि हर भारतीय इस जीत की ओर देख रहा था।'' उन्होंने कहा, ''जैसा कई बार कहा जा चुका है कि यह एक ऐसा ऑपरेशन था जिसे सभी लोगों ने बहुत ही पेशेवर तरीके से अंजाम दिया, सभी एजेंसियां, सभी बल, हम सब एक साथ आए... और जब सत्य आपके साथ होता है, तो सब कुछ अपने आप हो जाता है। वायुसेना प्रमुख ने अपने संबोधन में रक्षा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी पर दुख जताया। तेजस हल्के लड़ाकू विमान की आपूर्ति में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा की गई भारी देरी से वायुसेना परेशान है। उन्होंने कहा, ''समयसीमा एक बड़ा मुद्दा है; यहीं पर 'वचन' (प्रतिबद्धता) वाला हिस्सा आता है। एक बार समयसीमा तय हो जाने के बाद.. मुझे लगता है कि एक भी परियोजना समय पर पूरी नहीं हुई है।''

# भारतीय प्रतिभाओं की राह में रोड़े

अपने बेतुके फैसलों व टैरिफ वार से तमाम अर्थव्यवस्थाओं को हिलाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप की वक्र दृष्टि अब अमेरिका के नामी-गिरामी विश्वविद्यालयों पर भी पड़ी है। दुनिया का सबसे पुराना लोकतंत्र होने का दंभ भरने वाले अमेरिका में विश्वविद्यालय परिसरों में लोकतांत्रिक अभिव्यक्ति का गला घोंटा जा रहा है। अब अमेरिका में उच्च शिक्षा का सपना देखने वाले भारत व दुनिया के तमाम देशों के छात्रों के लिये ट्रंप प्रशासन ने मुश्किलें खड़ी कर दी हैं। हाल के दिनों में प्रतिष्ठित हार्वर्ड विश्वविद्यालयों पर मनमाने फैसले थोपे व कई तरह के प्रतिबंध लगाए गए, जो विश्वविद्यालयों के परिसरों में अभिव्यक्ति की आजादी पर नकेल कसने की ही कवायद थी। दलील दी गई कि फलस्तीन का समर्थन करने वाले छात्र-छात्राओं की सूचना ट्रंप प्रशासन को दी जाए। इन्हीं बंदिशों के बाद अब ट्रंप सरकार ने दुनियाभर के अपने दूतावासों को स्टूडेंट वीजा की प्रक्रिया बंद करने का आदेश दिया है। ट्रंप सरकार की दलील है कि पहले आवेदक छात्रों के सोशल मीडिया अकाउंट की गहरी जांच की जाएगी। इस योजना पर काम चल रहा है। दरअसल, अमेरिकी सरकार द्वारा स्टूडेंट वीजा के लिये आवेदन करने वाले छात्रों की सोशल मीडिया गतिविधियों की गहन जांच तेज की जाएगी। इस फैसले से भारत समेत तमाम देशों के छात्रों की अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पढ़ाई के सपने को आंच आ सकती है। अमेरिका सरकार इसके माध्यम से उन छात्रों के आवेदन को खारिज करने की तैयारी में है जिनके सोशल मीडिया अकाउंट में ट्रंप या अमेरिका की नीतियों की आलोचना की सामग्री होगी। जाहिर है ऐसे छात्रों को अमेरिका के विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं दिया जाएगा। एक अनुमान के मुताबिक साल 2023-24 में करीब तीन लाख से अधिक भारतीय छात्र अध्ययनरत थे। अपने सपनों को पूरा करने के लिये हजारों भारतीय प्रतिभाएं हर साल अमेरिका का रुख करती हैं। अमेरिका के इस फैसले से उन छात्रों को दिक्कत होगी जो इस साल अगस्त से शुरू होने वाले सत्र का हिस्सा बनना चाह रहे थे।

दरअसल, अमेरिका सरकार द्वारा अपने दूतावासों को कहा गया है कि वीजा के लिये पेश किए गए नये आवेदनों को रोक दें। उन पर सोशल मीडिया खातों की जांच के बाद ही कोई निर्णय लिया जा सकेगा। यहां उल्लेखनीय है कि ट्रंप प्रशासन ने अमेरिकी विश्वविद्यालयों में पहले से पढ़ रहे सैकड़ों छात्रों के वीजा इस आरोप के बाद निरस्त कर दिए कि उन्होंने इस्राइल विरोधी आंदोलन में शिरकत की थी। इनमें वे छात्र भी शामिल थे जिन्होंने अपने सोशल मीडिया अकांउट पर फलस्तीनियों के पक्ष में पोस्ट डाली थी। सरकार की दलील थी कि इन छात्रों को पढ़ाई के लिये वीजा मिला था न कि राजनीतिक मुद्दों में सक्रियता के लिये। उल्लेखनीय है कि कई भारतीय छात्र भी इस फैसले की चपेट में आए हैं। इसके चलते ही अमेरिकी दूतावासों को वीजा आवेदन करने वालों के सोशल अकाउंट की स्क्रीनिंग के आदेश दिए गए हैं। जांच के बाद छात्रों की गतिविधियों में अमेरिकी नीतियों का विरोध न होने पर वीजा दिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि इस स्क्रीनिंग में इंस्टाग्राम, फेसबुक, एक्स, लिंक्डइन, टिकटॉक आदि सोशल मीडिया अकाउंट को शामिल किया गया है। इतना ही नहीं, वीजा पर सख्ती के अलावा पहले से अमेरिका में पढ़ रहे छात्रों के लिये नियम सख्त किए जा रहे हैं। यहां तक चेतावनी दी गई है कि नियमित कक्षाओं में न जाने वाले तथा ड्राप आउट का विकल्प चुनने वाले छात्रों के वीजा भी रद्द किए जा सकते हैं। उन्हें अपने सोशल मीडिया अकाउंट में अमेरिकी नीतियों की आलोचना करने से बचने की नसीहत दी गई है। दलील दी जा रही है कि राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरे में डालने वाले पोस्ट सोशल मीडिया पर डालने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, ट्रंप की विश्वविद्यालयों के आजादी में दखल के खिलाफ प्रतिरोध के सुर भी अमेरिका में उभर रहे हैं। कई अदालतों ने विश्वविद्यालयों के पक्ष में स्थगन आदेश दिए हैं। अपने फैसलों की किरकिरी होते देख ही ट्रंप प्रशासन ने आने वाले छात्रों के लिये सख्त नियम लागू किए हैं। साथ ही कई विश्वविद्यालयों की आर्थिक मदद भी रोकी है। बहरहाल, विवाद का कोई समाधान फिलहाल नजर नहीं आता।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 30 मई, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2082, ज्येष्ठ शुक्लपक्ष चतुर्थी, 21:29 तक, नक्षत्र : पुनर्वसु, 21:32 तक, योग : गांदा, 12:58 तक, सूर्योदय: 4:52, सूर्यास्त: 18:16, चन्द्रोदय : 07:45, चन्द्रास्त: 21:49, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : वृषभ, चन्द्र राशि : मिथुन, राहू काल : 09:54 से 11:34

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए दिन कई स्तरों पर उन्नति लेकर आ सकता है। विशेषकर यदि आप सरकारी क्षेत्र, तकनीकी या प्रबंधन से जुड़े कार्यों में हैं तो किसी बड़े प्रॉजेक्ट की जिम्मेदारी मिल सकती है।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए जिम्मेदारियों का बोझ अधिक रहेगा, जिससे मानसिक थकान हो सकती है। खासकर व्यापारियों को अपने पुराने डील और लेन-देन को लेकर सावधानी बरतनी होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों का फोकस कार्यक्षेत्र पर अत्यधिक रहेगा। आपके पास जितना काम है, उससे कहीं अधिक अपेक्षाएं आपसे की जाएंगी, जिससे मानसिक दबाव महसूस होगा।

**कर्क :** कर्क राशि वालों का दिन कार्यक्षेत्र में चुनौतियों भरा रहेगा। कुछ जरूरी कामों को पूरा करने के लिए आपको अपनी निजी योजनाएं स्थगित करनी पड़ सकती हैं।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों का भाग्य साथ दे रहा है और आपके अंदर नेतृत्व करने की जबरदस्त क्षमता है, लेकिन कभी-कभी इसका प्रदर्शन गलत वक्त पर करना भारी पड़ता है।

**कन्या :** कार्यक्षेत्र में तर्क-वितर्क से बचें, विशेषकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ। किसी पुरानी गलती को लेकर चर्चा हो सकती है, जो आपकी छवि को प्रभावित कर सकती है।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए दिन थोड़ा अस्थिर रहेगा। कार्यक्षेत्र में योजनाएं बार-बार बदलने से भ्रम की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। घर के कामों में भी बाधाएं आएंगी।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों के लिए कार्यक्षेत्र में उलझनें बनी रहेंगी। कोई पुरानी व्यावसायिक गलती सामने आ सकती है, जिससे आपकी साख पर असर पड़ सकता है।

**धनु :** धनु राशि वालों का भाग्य नहीं साथ दे रहा है। जोखिम लेने के लिए उचित नहीं है। यदि आपने शेयर बाजार, क्रिप्टो या किसी शॉर्टकट स्कीम में निवेश किया है तो हानि हो सकती है।

**मकर :** मकर राशि के लोग अत्यधिक ऊर्जावान महसूस करेंगे और किसी भी कार्य को पूर्ण करने की तीव्र इच्छा होगी। छुट्टी का दिन होने के बावजूद भी आप ऑफिस के कामों की योजना बनाते दिखेंगे।

**कुम्भ :** आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। आपका डूबा हुआ धन मिलने से आपकी खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**मीन :** यह दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आपको किसी बड़े लक्ष्य को पाने के लिए मेहनत अधिक करनी होगी। मित्र की मदद से अच्छी नौकरी की प्राप्ति होगी।

# दवा से परे टीबी का उपचार

**डॉ मनीषा वर्मा**
अपर महानिदेशक (मीडिया), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार

जिनेवा में हाल ही में संपन्न विश्व स्वास्थ्य सभा में, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के भारत को ट्रेकोमा-मुक्त घोषणा करना, केवल सार्वजनिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि नहीं है। यह सामूहिक राष्ट्रीय इच्छाशक्ति का एक उत्कृष्ट प्रमाण है। स्वच्छता, सफाई और जागरूकता में दशकों के सक्रिय प्रयासों से प्राप्त यह उपलब्धि, इस बात का परिचायक है कि भारत तपेदिक (टीबी) से किस प्रकार निपट रहा है। वास्तव में, ट्रेकोमा पर जीत की गूंज, टीबी-मुक्त भारत की दिशा में राष्ट्र के महत्वाकांक्षी अभियान में दृढ़ता को दर्शाती है।

जिस तरह मौलिक सार्वजनिक स्वास्थ्य सिद्धांतों पर निरंतर ध्यान ने ट्रेकोमा के खिलाफ लड़ाई को रेखांकित किया, उसी तरह टीबी के खिलाफ वर्तमान लड़ाई भी समान रूप से व्यापक और महत्वपूर्ण रूप से गहराई से निहित जनभागीदारी यानी लोगों की भागीदारी के सिद्धांत के साथ लड़ी जा रही है। यह केवल एक नारा नहीं है, बल्कि यह सरकार की रणनीति का आधार है। हाल ही में शुरू किया गया 100- दिवसीय टीबी उन्मूलन अभियान इस संकल्प का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस अभियान के अंतर्गत 12 करोड़ 97 लाख लोगों की जांच की गई और 7 लाख 19 हजार से अधिक टीबी रोगियों की जानकारी दी गई।

लेकिन जो बात इस प्रयास को अलग बनाती है, वह है टीबी के सामाजिक लक्षणों को खत्म करने की समानांतर प्रतिबद्धता। 13 करोड़ 46 लाख नि-क्षय शिविर या सामुदायिक जांच और जागरूकता शिविरों का आयोजन, इस मान्यता के बारे में बहुत कुछ कहता है कि प्रभावी उपचार, दवा से परे कलंक, मिथकों और गलत सूचनाओं के उन्मूलन तक फैला हुआ है।

टीबी उन्मूलन के संदर्भ में जन-भागीदारी जीवंत और बहुआयामी है। यह एक ऐसा तंत्र है जो आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं जैसे सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के अथक समर्पण का समर्थन करता है, जो दूरदराज के गांवों में संपर्क का सबसे मूल्यवान माध्यम हैं। वे संभावित मामलों की पहचान करने, उपचार नियमों का पालन सुनिश्चित करने और महत्वपूर्ण पोषण सहायता प्रदान करने वाले गुमनाम नायक हैं। इस नींव पर स्थानीय स्वयं-सहायता समूहों, गैर-सरकारी संगठनों और आस्था-आधारित संगठनों द्वारा संसाधनों को जुटाने से महत्वपूर्ण रोगी सहायता नेटवर्क स्थापित करके समुदाय-नेतृत्व वाले इस प्रयास को और मजबूती मिलती है।

हालांकि, अग्रिम पंक्ति के इन योद्धाओं के मैदान में उतरने से पहले ही, भारत के सशक्त मीडिया द्वारा जमीन तैयार की जा रही है। 100 दिवसीय अभियान का आकर्षक नारा, 'जन-जन का रखे ध्यान, टीबी-मुक्त भारत अभियान', सिर्फ़ एक आकर्षक मुहावरा नहीं है, यह एक राष्ट्रीय आह्वान है जो असंख्य स्थानीय भाषाओं में टेलीविजन, रेडियो और सार्वजनिक स्थानों पर गूंज रहा है। इस व्यापक जागरूकता सृजन को अटूट राजनीतिक इच्छाशक्ति द्वारा महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा दिया गया है जिसमें माननीय प्रधानमंत्री सहित सरकार के सर्वोच्च स्तर के अधिकारी लगातार भारत की प्रगति का आधार रख रहे हैं। माननीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री के तत्वावधान में एक संपूर्ण-सरकार का दृष्टिकोण जिस तरह से मंत्रालयों में सहयोग को बढ़ावा दे रहा है और राज्य स्तर पर सक्रिय प्रयास जारी है, वह एकीकृत राष्ट्रीय प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

टीबी के खिलाफ भारत की लड़ाई की एक और आधारशिला, इसकी पंचायती राज संस्थाओं की व्यापक पहुंच है। 2,50,000 से ज़्यादा पंचायतें टीबी उन्मूलन को चर्चा में ला रही हैं और सरपंचों तथा ग्राम प्रधानों को सार्वजनिक स्वास्थ्य के अग्रणी के रूप में शामिल कर रही हैं। टीबी के बारे में अब खुलकर चर्चा की जाती है और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ग्रामीण स्तर पर इस पर कार्रवाई की जाती है।

**सार्वजनिक स्वास्थ्य सहयोगी के रूप में मीडिया**

इस महान प्रयास में मीडिया की भूमिका अपरिहार्य है। सरकारी पहलों, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और समुदाय द्वारा संचालित उपायों की प्रेरक कहानियों पर प्रकाश डालकर, मीडिया जनता का विश्वास बढ़ाता है और देखभाल के लिए आगे आने के लिए प्रोत्साहित करता है। यह विकेंद्रीकृत, जन-केंद्रित मॉडल निक्षय-मित्र पहल के रूप में अपनी अभिव्यक्ति को उजागर करता है। पोषण और टीबी उपचार परिणामों को जोड़ने वाले भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद के साक्ष्य के बारे में व्यापक मीडिया कवरेज ने सामुदायिक कार्रवाई की एक शक्तिशाली लहर को प्रज्वलित किया, जिससे निगम, गैर-सरकारी संगठन, व्यक्ति और यहां तक कि बच्चे भी निक्षय मित्र बनने के लिए आगे आए। हाल ही में 100 दिनों के अभियान के दौरान 1.05 लाख से अधिक निक्षय मित्रों द्वारा टीबी रोगियों और उनके परिवारों को 3.06 लाख से अधिक खाद्य टोकरियां वितरित की गईं, जो जमीनी स्तर पर इस दृष्टिकोण के दूरगामी प्रभाव को स्पष्ट रूप से उजागर करती हैं।

संभवत: सबसे शक्तिशाली रूप से, टीबी से उबरने वाले लोगों के विजेता के रूप में सामने आने से यह कहानी बदल गई है। ये व्यक्ति, सफलतापूर्वक अपने स्वयं के ठीक होने की कहानी को आगे बढ़ाते हुए, अब अभिन्न सहयोगी हैं, जो सहानुभूति, मार्गदर्शन और प्रमाण देते हैं कि टीबी पूरी तरह से उपचार-योग्य है। उनका संरचित प्रशिक्षण- जहां वे टीबी को समझते हैं, वे तरीके जिनसे यह रोगी को मनोवैज्ञानिक रूप से प्रभावित करता है तथा सामुदायिक नेटवर्क बनाने की तकनीकें - तथा अनुभवों को सार्वजनिक रूप से साझा करने से उपचार अनुपालन को प्रेरित करता है तथा महत्वपूर्ण सामुदायिक सहानुभूति का निर्माण करता है।

जैसे-जैसे देश टीबी-मुक्त भारत की ओर अग्रसर हो रहा है, इन प्रमुख उत्प्रेरकों और जन-भागीदारी की भावना के बीच निरंतर तालमेल सर्वोपरि होगा। सूचना देने, प्रेरित करने और लोगों को संगठित करने की उनकी संयुक्त शक्ति निस्संदेह भारत की सबसे बड़ी संपत्ति है। प्रौद्योगिकी का रणनीतिक लाभ उठाकर, नवीन संचार रणनीतियों को बढ़ावा देकर और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करके, भारत केवल एक बीमारी को खत्म करने का प्रयास नहीं कर रहा है, वह एक स्वस्थ, अधिक सक्रिय समाज का भी निर्माण कर रहा है जहां हर नागरिक जागरूक है, हर रोगी को सहायता दी जाती है और जहां टीबी वास्तव में अतीत की बात बन जाती है।

# हिंदीतर भाषियों के लिए हिंदी पढ़ना और सीखना क्यों ज़रूरी है?



डॉ ऋषि शर्मा

भारत एक बहुभाषी देश है, जहाँ हर क्षेत्र की अपनी भाषा और बोली है। परंतु इन भाषाओं के बीच संवाद और समन्वय के लिए एक साझा भाषा की आवश्यकता होती है - और हिंदी उसी सेतु की भूमिका निभाती है। हिंदीतर भाषियों के लिए हिंदी पढ़ना और सीखना न केवल व्यवहारिक दृष्टि से उपयोगी है, बल्कि यह सामाजिक, शैक्षिक, व्यावसायिक और सांस्कृतिक रूप से भी अत्यंत लाभकारी है।

कुछ प्रमुख कारण इस प्रकार हैं:

**1. भारत की संपर्क भाषा**

हिंदी भारत के सबसे बड़े भाषा समूह की भाषा है, जिसे देश के लगभग हर राज्य में समझा जाता है। हिंदी का ज्ञान गैर-हिंदी भाषी व्यक्ति को देश के किसी भी कोने में संवाद स्थापित करने में सक्षम बनाता है।

**2. शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं में सहायक**

कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं (जैसे णझडउ, डडउ, रेलवे, बैंकिंग) में हिंदी माध्यम या अनिवार्य हिंदी अनुभाग होता है। हिंदी का ज्ञान हिंदीतर भाषियों को इन परीक्षाओं में लाभ देता है।

**3. रोजगार और करियर के नए अवसर**

भारत में मीडिया, टेलीविज़न, फिल्म, अनुवाद, टूरिज़्म, पत्रकारिता, और सरकारी क्षेत्रों में हिंदी का प्रभाव लगातार बढ़ रहा है। हिंदी सीखने से हिंदीतर भाषियों के लिए इन क्षेत्रों में काम के अधिक अवसर खुलते हैं।

**4. सामाजिक और सांस्कृतिक एकीकरण**

हिंदी भारतीय संस्कृति, साहित्य, लोककथाओं, और मूल्यों की भाषा है। हिंदी सीखने से हिंदीतर भाषी व्यक्ति को भारतीयता के व्यापक फलक से गहरा जुड़ाव मिलता है, जिससे वे अधिक समावेशी और सजग नागरिक बनते हैं।

**5. व्यावसायिक लाभ**

भारत में व्यापार-व्यवसाय का बड़ा हिस्सा हिंदी भाषी क्षेत्रों में होता है। हिंदी का ज्ञान हिंदीतर भाषियों को बड़े उपभोक्ता वर्ग से जुड़ने, ग्राहकों से संवाद करने और कारोबार फैलाने में मदद करता है।

**6. हिंदी - वैश्विक भाषा के रूप में**

आज हिंदी न केवल भारत में, बल्कि विश्वभर के प्रवासी समुदायों में भी बोली और पढ़ी जा रही है। हिंदी सीखने से हिंदीतर भाषियों को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर संवाद और संबंध स्थापित करने का अवसर मिलता है।

**7. भाषाई सौहार्द और एकता का प्रतीक**

हिंदी सीखना केवल भाषा सीखना नहीं, बल्कि विविधता में एकता की भावना को अपनाना है। यह देश की अखंडता, आपसी सम्मान और सौहार्द को बढ़ावा देता है।

हिंदीतर भाषियों के लिए हिंदी सीखना आज के भारत की सामाजिक, शैक्षिक और आर्थिक संरचना में एक आवश्यक कदम है। यह उन्हें अधिक सशक्त, जागरूक और अवसरों के लिए तैयार बनाता है। हिंदी का ज्ञान केवल एक अतिरिक्त भाषा का लाभ नहीं, बल्कि एक राष्ट्रीय पहचान से जुड़ने का मार्ग है।

हिंदी सीखिए, भारत को और निकट से समझिए। -प्रकाशन प्रबंधक भाषा

## विदेश की खबरें

### ट्रंप ने राजनेताओं, श्रमिक नेता और रैपर की सजा माफ की



**वाशिंगटन :** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयार्क के पूर्व सांसद, कनेक्टिकट के एक गवर्नर, 'एनबीए यंगबॉय' के नाम से मशहूर रैपर, एक मजदूर नेता और कोरोना महामारी के दौरान सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ाने वाले एक पूर्व सैन्य अधिकारी को बुधवार को अलग-अलग मामलों में माफी दे दी। ट्रंप ने कोलोराडो की सुपरमैक्स जेल में आजीवन कारावास की सजा काट रहे शिकागो के एक पूर्व गैंग लीडर लैरी हूवर की सजा कम कर दी। हूवर को पहली बार 1973 में एक हत्या के सिलसिले में कैद किया गया था और 1998 में एक आपराधिक गिरोह चलाने का दोषी ठहराया गया था, लेकिन बाद में उसने अपने आपराधिक अतीत को त्याग दिया और सजा करने के लिए याचिका दायर की। वह अब भी जेल में बंद है। एनबीए यंगबॉय के नाम से मशहूर लुइसियाना के रैप कलाकार केंट्रेल गॉल्डेन को भी ट्रंप ने माफी दी। उसे बंदूक से संबंधित आरोपों में 2024 में लगभग दो साल की जेल की सज़ा सुनाई गई थी। उसने दोषसिद्धि के बावजूद हथियार रखने की बात स्वीकार की थी। गॉल्डेन और अन्य लोगों को क्षमादान की पुष्टि बुधवार शाम को व्हाइट हाउस के दो अधिकारियों ने की, जिन्होंने नाम न बताने की शर्त पर उन कार्रवाइयों का विवरण दिया, जिन्हें अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया था। ऑनलाइन पोस्ट के जरिये दिये गये एक बयान में गॉल्डेन ने कहा, 'मैं राष्ट्रपति ट्रंप को मुझे क्षमादान देने और एक व्यक्ति, एक पिता और एक कलाकार के तौर पर रचनात्मक कार्य जारी रखने का अवसर देने के लिए धन्यवाद देना चाहता हूं।' ट्रम्प ने न्यूयॉर्क के मजदूर नेता जेम्स कैलाहन को भी माफ़ कर दिया, जिन्हें एक विज्ञापन फर्म से 315,000 अमरीकी डॉलर के उपहारों की रिपोर्ट करने में विफल रहने का दोषी पाया गया था और उन्हें सजा सुनाई जाने वाली थी। राष्ट्रपति ने कनेक्टिकट के पूर्व गवर्नर रिपब्लिकन जॉन रोलैंड को भी माफ़ कर दिया। वह दो संघीय चुनाव अभियानों में अपनी भागीदारी छिपाने से संबंधित आरोपों के लिए 30 महीने जेल की सजा सुनाई गई थी।

### दक्षिण अफ्रीका के दल ने सीमा पार आतंकवाद पर भारत की कतई न सहन करने की नीति का समर्थन दिया

प्रिटोरिया : दक्षिण अफ्रीका ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के साथ बृहस्पतिवार को एकजुटता व्यक्त की तथा सीमापार आतंकवाद से लड़ने के भारत के संकल्प का समर्थन किया।

सर्वदलीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद पाकिस्तान से उत्पन्न आतंकवाद से निपटने पर भारत का रुख सामने रखने के लिए 27-29 मई तक दक्षिण अफ्रीका की यात्रा पर है। प्रतिनिधिमंडल ने बृहस्पतिवार को केपटाउन में दक्षिण अफ्रीकी वार्ताकारों के साथ कई बैठकें कीं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) सांसद सुप्रिया सुले के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के नेताओं से मुलाकात की और आतंकवाद के प्रति भारत की कतई न सहन करने की नीति तथा वैश्विक खतरे के खिलाफ नए सामान्य दृष्टिकोण को रेखांकित किया था। बुधवार को प्रतिनिधिमंडल ने डेमोक्रेटिक अलायंस के नेता और दक्षिण अफ्रीका के कृषि मंत्री जॉन स्टीनहुइसन तथा डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) के अन्य सदस्यों के साथ गहन चर्चा की।

भारतीय उच्चायोग ने यहां 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि महासचिव फिकिले मबालुला के नेतृत्व में एएनसी नेताओं ने 'प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया और उसकी सराहना की तथा भारत के साथ एकजुटता व्यक्त की तथा सभी रूपों और अभिव्यक्तियों में आतंकवाद की निंदा की।' एएनसी के महासचिव मबालुला ने 'एक्स' पर कहा कि बैठक में आतंकवाद का मुकाबला करने और शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा देने में वैश्विक एकता के महत्व को रेखांकित किया गया।

### सिएरा लियोन संसद ने पहलगाम हमले के पीड़ितों के सम्मान में मौन रखा

फ्रीटाउन (सिएरा लियोन) : सिएरा लियोन की संसद ने देश की यात्रा पर आए भारत के एक सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की मौजूदगी में बृहस्पतिवार को एक असाधारण कदम उठाया और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के सम्मान में कुछ पल का मौन रखा।

शिवसेना सांसद श्रीकांत एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल बुधवार को कांगो से सिएरा लियोन पहुंचा। यह उन सात सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों में से एक है जिन्हें भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद अंतरराष्ट्रीय समुदाय से संपर्क के लिए 33 वैश्विक राजधानियों की यात्रा करने का कार्य सौंपा है। पहलगाम आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे। एक सूत्र ने कहा, 'सिएरा लियोन संसद ने आज सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की उपस्थिति में एक असाधारण कदम उठाया और पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के सम्मान में कुछ पल का मौन रखा।' बर्दाश्त नहीं करने की नीति दोहरायी।

### पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मुठभेड़ में चार आतंकवादी मारे गए, दो पुलिसकर्मियों की भी मौत

इस्लामाबाद : पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में रातभर हुई मुठभेड़ में चार तालिबान आतंकवादी मारे गए वहीं दो पुलिस अधिकारियों की भी मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों को आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिली थी जिसके बाद उन्होंने रावलकोट जिले के हुसैन कोट वन क्षेत्र में तलाश अभियान शुरू किया था। रावलकोट के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रियाज मुगल ने मीडिया को बताया कि पुलिस ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद तलाश अभियान प्रारंभ किया। उन्होंने बताया कि आतंकवादी एक गुफा में छिपे हुए थे और उन्हें घेर लिया गया था लेकिन जब पुलिस ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो एक आतंकवादी ने अधिकारियों पर ग्रेनेड फेंका, जिसके बाद जवाबी गोलीबारी की गई। उन्होंने कहा कि मुठभेड़ में सभी चार आतंकवादी मारे गए जिनमें से तीन की पहचान जरनोश नसीम, उसके भाई जिब्रान नसीम और उल्फत के रूप में हुई है, जबकि चौथे की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है। मुगल ने पुष्टि की कि मुठभेड़ में दो पुलिस अधिकारी गुलजार और तारिक बशीर मारे गए।

## वर्ग पहेली नं. 3107

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | 5 | | 6 | ■ |
| | ■ | 7 | | 8 | | | ■ | 9 | 10 |
| 11 | | | ■ | 12 | | ■ | 13 | ■ | |
| | ■ | 14 | | | ■ | 15 | | | |
| ■ | 16 | | ■ | 17 | 18 | ■ | | ■ | |
| 19 | | | 20 | ■ | 21 | 22 | | 23 | ■ |
| 24 | | ■ | 25 | 26 | | | ■ | 27 | 28 |
| | ■ | 29 | | | ■ | 30 | | ■ | |
| 31 | | | ■ | 32 | | | ■ | 33 | |

*बायें से दायें:-* 1) भारत का एक शहर, 4) अपंग, 7) नवयुवा; तरुण; *टीन एजर*, 9) बेदमी; श्वास, 11) दुस्साहस, 12) हत्या, 14) गंभीर, 15) शाबाशी, 16) बारुद गोला, 17) दुनिया, 19) दावाग्नि, 21) विषाक्त, 24) दाम, 25) एकसाथ, 27) केशजूड़ा, 29) टीस, 30) बीमार, 31) लिहाफ़, 32) विवेक; शिष्टाचार, 33) बेस्वाद; धुँधला; स्वादहीन.

*ऊपर से नीचे:-* 1) अनुचित, 2) वापसी, 3) आवाज़, 4) अयोध्या, 5) पवित्र, 6) जिधर; सृष्टि, 8) राजपुत्र, 10) निरर्थक, 13) मासिक, 16) झंझट, 18) ईश्वरीय संकट; अत्याचार, 19) पश्चिम बंगाल और झारखंड में बहनेवाली एक प्रमुख नदी; कृष्ण, 20) अफ़वाहबाज़, 22) प्रतिदिन, 23) अत्यधिक, 26) आराम, 28) खड़ाऊँ, 29) अनेक.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ■ | ग़ | म | ■ | ब | द | ली | ■ | ए |
| श्वा | ■ | ल | ल | चा | या | ■ | क | ड़ | क |
| स | चे | त | ■ | क | न | क | ■ | ■ | मा |
| धा | ■ | फ़ | रा | र | ■ | ले | श | मा | त्र |
| त | र | ह | ■ | ■ | प्र | जा | ■ | हि | ■ |
| ■ | स | मी | क | र | ण | ■ | म | र | ज़ी |
| अ | ज्ञ | ■ | द | ■ | य | क्री | न | ■ | ■ |
| र | ■ | खु | न्न | स | ■ | म | न | चा | हा |
| ब | ग | ला | ■ | भा | र | त | ■ | रा | वी |

## सुडोकू-पहेली-3064

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 4 | | 7 | | |
| | 8 | | | | | | | |
| | 9 | | | | 3 | | | |
| | | 4 | 1 | | | | 6 | 5 |
| | | | 2 | | 5 | | 8 | 7 |
| | | 5 | | | | | | |
| 7 | | 6 | | | | | 5 | |
| | | | | 9 | | | 1 | |
| 3 | | | 6 | 8 | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3063 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 8 | 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 7 |
| 7 | 6 | 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 9 | 2 | 5 | 7 | 6 | 8 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 | 2 |
| 6 | 7 | 2 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 5 |
| 3 | 8 | 1 | 4 | 2 | 5 | 9 | 7 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 4 | 5 | 8 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 7 | 5 | 3 | 2 | 4 | 6 | 1 |




# 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है, पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर तीन बार मारा : पीएम मोदी



**अलीपुरद्वार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है और साथ ही उन्होंने चेतावनी दी कि आतंकवाद के प्रायोजकों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पाकिस्तान को पहले ही 'उसके घर में घुसकर तीन बार' मारा जा चुका है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पश्चिम बंगाल में अपनी पहली रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने सिंदूर के साथ क्षेत्र के गहरे सांस्कृतिक और भावनात्मक संबंध का जिक्र किया और दुर्गा पूजा के दौरान बंगाली महिलाओं द्वारा मनाए जाने वाले पारंपरिक अनुष्ठान 'सिंदूर खेला' का उल्लेख किया। मोदी ने कहा कि मैं सिंदूर खेला की पवित्र भूमि पर खड़ा हूं, तो यह उचित है कि हम आतंकवाद के खिलाफ एक नए संकल्प 'ऑपरेशन सिंदूर' के बारे में बात करें। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए क्रूर आतंकवादी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया। पश्चिम बंगाल में जो दर्द और गुस्सा है, उसे गहराई से समझा जा सकता है। मैं आपके आक्रोश को महसूस कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों ने हमारी बहनों के सिंदूर को मिटाने की हिम्मत की। हमारी सेना ने उन्हें सिंदूर की शक्ति का एहसास कराया। मोदी ने कहा कि बंगाल की इस धरती से मैं 140 करोड़ भारतीयों की ओर से घोषणा करता हूं कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अभी खत्म नहीं हुआ है। भारत की, आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की नीति दोहराते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने दुनिया को बता दिया कि अगर अब भारत पर कोई आतंकवादी हमला हुआ तो दुश्मन को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। पाकिस्तान को समझ लेना चाहिए कि हमने उसके घर में घुसकर तीन बार मारा है। मोदी ने स्पष्ट रूप से तीन मौकों का जिक्र नहीं किया, लेकिन उनकी टिप्पणी को उरी आतंकी हमले के बाद 2016 में भारत की सर्जिकल स्ट्राइक, पुलवामा हमले के बाद 2019 में बालाकोट हवाई हमलों और हाल में 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत सीमा पार किए गए हमलों के संदर्भ में देखा जा रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने सीमा पार आतंकी ढांचे को नष्ट कर दिया, जिसके बारे में पाकिस्तान ने कभी सोचा भी नहीं था। हमने पाकिस्तान को उसके घर में घुसकर तीन बार मारा है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और सामूहिक हत्याएं ही पाकिस्तानी सेना की सबसे बड़ी दक्षता है। जब भी कोई युद्ध होता है, तो उन्हें हार का सामना करना पड़ता है। मोदी ने कहा कि जब से पाकिस्तान अस्तित्व में आया है, उसने केवल आतंक को ही बढ़ावा दिया है। 1947 में विभाजन के बाद से ही उसने भारत पर आतंकवादी हमले किए हैं। कुछ वर्षों के बाद, उसने हमारे पड़ोस- वर्तमान बांग्लादेश (तब पूर्वी पाकिस्तान) में जो आतंक फैलाया, वह भी अविस्मरणीय है। उन्होंने कहा कि कोई भी यह नहीं भूल सकता कि पाकिस्तानी सेना ने पूर्वी पाकिस्तान (वर्तमान बांग्लादेश) में किस तरह बलात्कार और हत्याएं कीं और वहां किस तरह आतंक फैलाया। मोदी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भारत सीमा पार आतंकवादियों का लगातार पीछा करेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि शांति के दुश्मनों को परिणाम भुगतने पड़ें। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास दुनिया को देने के लिए कुछ भी सकारात्मक नहीं है। अस्तित्व में आने के बाद से ही यह आतंक और हिंसा को पालता पोसता रहा है। लेकिन भारत बदल गया है। हम अब इस तरह की कायराना हरकतों को बर्दाश्त नहीं करते। और ऑपरेशन सिंदूर हमारा कड़ा जवाब है।

## पीएम की सभा के पोस्टर में पार्टी बदलने वाले विधायक का नाम, छिड़ा विवाद

**अलीपुरद्वार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बंगाल में कदम रखते ही विवाद शुरू हो गया। दरअसल, उनके अलीपुरद्वार दौरे के सम्मान में शहर भर में लगाए गए पोस्टरों पर विधायक सुमन कांजीलाल का नाम है। पोस्टरों पर उनके नाम के होने से राजनीतिक हलचल शुरू हो गई है। उल्लेखनीय है कि सुमन कांजीलाल ने 2021 के विधानसभा चुनाव में अलीपुरद्वार से भाजपा उम्मीदवार के तौर पर जीत हासिल की थी। जीतने के ठीक दो साल बाद उन्होंने अभिषेक बनर्जी का हाथ थामकर 2023 में तृणमूल कांग्रेस का दामन थाम लिया। इसलिए, 2026 के विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री के बंगाल दौरे के विज्ञापन में विधायक का नाम होने से चर्चा शुरू हो गई है। हालांकि, अलीपुरद्वार जिला भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री की बैठक में जनप्रतिनिधि के तौर पर सुमन कांजीलाल को आमंत्रित किया गया है। हालांकि, पार्टी बदलने वाले विधायक सुमन कांजीलाल ने इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

## एक करोड़ की ठगी के आरोप में निजी बैंक का रिलेशनशिप मैनेजर गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** एक करोड़ रुपये की ठगी के आरोप में कोलकाता में निजी बैंक का एक रिलेशनशिप मैनेजर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी का नाम तारक भौमिक है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शेक्सपियर सरणी थाना क्षेत्र स्थित एक निजी बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर तारक भौमिक ने बैंक की एक महिला ग्राहक को अतिरिक्त मुनाफे का लालच देकर म्यूचुअल फंड में निवेश करने की सलाह दी थी। आरोप है कि रिलेशनशिप मैनेजर ने म्यूचुअल फंड की जगह ग्राहक के अलग-अलग बैंक खातों में बैचों में एक करोड़ रुपये ट्रांसफर कर दिए। ठगी का अहसास होने पर ग्राहक ने शेक्सपियर सरणी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। बाद में, कोलकाता पुलिस के खुफिया विभाग ने जांच अपने हाथ में ले ली। बुधवार को पुलिस ने ढाकुरिया इलाके में छापेमारी कर निजी बैंक के रिलेशनशिप मैनेजर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इस धोखाधड़ी के बाद आरोपी तारक भौमिक ने अपनी पुरानी नौकरी छोड़ दी और दूसरे निजी बैंक में नौकरी कर ली।


**Name Change**

I Indranil Das S/o Akshay Kumar Basu R/o 6/1/B, Kamar Danga Road, 2nd Floor, Gobinda Khatick Road, kolkata, West Bengal-700046, have changed my name to Indranil Basu.

**NANDIGRAM-II DEVELOPMENT BLOCK**
**Reapara: Purba Medinipur**

**Executive officer, Nandigram-II Panchayat Samiti, Purba Medinipur invites online Tender Notice against Tender Memo no-303, Dated- 21.05.2025 for 17(Seventeen) Nos Scheme. Last Date of application for above Tender is 04.06.2025 upto 02:00 P.M. Details of tender are available in WB Govt. tender site.**

Sd/
Block Development Officer
Nandigram-II Dev. Block

Office of the Municipal Councillors
**Serampore Municipality**
1, N. S. Avenue, Serampore, Dist.: Hooghly, Pin: 712201

Notice Inviting e-Tender

e-tender of the following works are invited by Chairman, Serampore Municipality from experienced and resourceful , GST registered bidders for execution the works vide **NIT No- WBMAD/ULB/SRMP/UDMA/NIT-07/2025-26, Dated:- 29/05/2025,** Name of work-Construction of Road and Concrete Drain from Khatir Bazar Bus Stoppage to Goalapara Lane in ward no. 23 Under dma project within Serampore Municipality. Bid Submission Start date (online) : **29/05/2025 at 14.00 P.M.** Bid Submission Closing (online) : **16/06/2025 at 16.00 P.M.** Bid opening Date for Technical proposals (online) : **18/06/2025 at 16.00 P.M.** For details of the project go through http://wbtenders.gov.in and www.seramporemunicipality.net/tenders

Sd/-
Chairman
Serampore Municipality

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक 23.05.2025,** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, डीआरएम बिल्डिंग, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएँ ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा सं.: टीएन-33-25-26, कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/1/सियालदह के कार्यक्षेत्र में वेल्डिंग अंश की आपूर्ति एवं पर्यवेक्षण सहित एल्यूमिनो थर्मिट एसकेवी प्रोसेस द्वारा रेल जॉइंटों की वेल्डिंग। **निविदा मूल्य :** रु. 3,22,05,283.10, **बयाना राशि :** रु.3,11,000/-, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 18.06.2025 को 15.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि:** 12 (बारह) माह। **निविदा के खुलने की तिथि और समय:** दिनांक 18.06.2025 को 15.30 बजे। निविदा कागजात एवं अन्य विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा के लिए बोली उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा प्रणाली के माध्यम से जमा की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव तत्काल रद्द कर दिया जाएगा।

SDAH-70/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# पीएम मोदी की जनसभा में जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर दिनहाट में हमला, कई वाहनों में तोड़फोड़

**कूचबिहार :** पीएम मोदी की अलीपुरद्वार में आयोजित जनसभा में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं और समर्थकों पर गुरुवार को कई जगहों पर हमला किया गया। दिनहाटा के विभिन्न इलाकों से रवाना हो रहे भाजपा कार्यकर्ताओं के वाहनों को कई जगहों पर रोका गया। वाहनों में तोड़फोड़ की गई और कार्यकर्ताओं को पीटा गया। इसमें दर्जनभर से अधिक भाजपा समर्थक घायल हो गए हैं। उनको विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। यह घटना कूचबिहार जिले के दिनहाटा में हुई है। भाजपा समर्थक बस से अलीपुरद्वार जा रहे थे तो काफी संख्या में लोगों ने बस पर हमला कर दिया। भाजपा कार्यकर्ता जान बचाकर भागे और शहर में पार्टी नेता अजय राय के घर में शरण ली। बाद में उन पर हमला किया गया। भाजपा ने घटना के लिए तृणमूल कांग्रेस पर आरोप लगाया है। तृणमूल कांग्रेस के दिनहाटा अध्यक्ष बिशु धर ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि घटना में उनकी पार्टी का कोई नेता या कार्यकर्ता शामिल नहीं है। दिनहाटा और बामनहाट स्टेशन से ट्रेन के जरिए सभास्थल पर जा रहे कुछ कार्यकर्ताओं को ट्रेन से उतार दिया गया। भाजपा के सिताई विधानसभा क्षेत्र के सह-संयोजक दिबाकर राय ने बताया कि दिनहाटा में कम से कम पांच से सात जगहों पर उनके वाहनों को रोका गया, तोड़फोड़ की गई और कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट हुई। उन्होंने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सब पुलिस की मौजूदगी में हुआ।

❑ **शीतलकुची में भी पीएम की सभा में जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला**

दिनहाटा के बाद अब शीतलकुची में प्रधानमंत्री की सभा में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया। पूरी घटना का आरोप तृणमूल कांग्रेस पर लगा है। हमले में कई कार्यकर्ता घायल हो गए हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शीतलकुची से भाजपा कार्यकर्ता और समर्थक गुरुवार को अलीपुरद्वार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही उनका वाहन शीतलकुची प्रखंड के भैरधाना ग्राम पंचायत के कदमतला इलाके में पहुंचा तृणमूल समर्थकों ने उन पर हमला कर दिया। इसके साथ ही कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता टोटो पर सवार होकर शिवपुर चौपाथी की ओर आ रहे थे। उन्हें भी रोक लिया गया। आरोप है कि उन्हें जमकर पिटाई की गई। घायल भाजपा कार्यकर्ताओं का फिलहाल अस्पताल में इलाज चल रहा है। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेतृत्व ने भाजपा के आरोपों का खंडन किया है।

## पीएम की जनसभा में जा रही बस में तोड़फोड़, तृणमूल पर आरोप



**अलीपुरद्वार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा में जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की बस में तोड़फोड़ करने का आरोप तृणमूल कांग्रेस पर लगा है। गुरुवार की सुबह करीब 11 बजे दिनहाटा के शिमुलतला पेट्रोल पंप के सामने बस में तोड़फोड़ की गई। तोड़फोड़ के कारण वाहन का आगे का शीशा टूट गया। घबराये भाजपा कार्यकर्ता बस छोड़कर दूसरी जगह चले गए। पूरी घटना को लेकर काफी तनाव का माहौल है। भाजपा नेता अजय रॉय ने आरोप लगाया कि हम कार्यकर्ताओं के साथ बस में सवार होकर अटियाबाड़ी से अलीपुरद्वार के लिए निकले थे। तृणमूल कार्यकर्ताओं ने शिमुलतला में वाहन को रोक लिया और लाठी-डंडों से जमकर तोड़फोड़ शुरू कर दी। तृणमूल कार्यकर्ताओं ने दिनहाटा स्टेशन, मदनमोहनबाड़ी, पुट्टीमारी, शीतलाबाड़ी, साहेबरहाट समेत कई जगहों पर भाजपा के वाहनों को रोका है। घटना के बारे में सिताई विधानसभा क्षेत्र के भाजपा सह संयोजक दिवाकर रॉय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जंगल राज चल रहा है। यह सब पुलिस के सामने हुआ है। पुलिस महज दर्शक की भूमिका अदा कर रही है। हालांकि, तृणमूल के ब्लॉक अध्यक्ष बिशु धर ने कहा कि भाजपा के पास कार्यकर्ता ही नहीं हैं तो हम किसे रोकेंगे? यह सब बेबुनियाद आरोप हैं।


**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं. 26_2025-26, दिनांक 28.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/ सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से **वरिष्ठ डीईएन/3/हावड़ा** के अधीन निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण :** एडीईएन/आजिमगंज की शाखा के अधीन तकिपुर, लोहापुर, बराला, गोसाईंग्राम, डाहापाड़ा धाम, नियालिश पाड़ा, कर्ण सुबर्ण और बाजारसौ स्टेशनों के प्लेटफॉर्म सतह को ऊंचा करने के साथ सुधार कार्य एवं पर्याप्त सुरक्षा उपाय प्रदान करना। **अनुमानित मूल्य :** रु. 3,18,81,852.73, **बयाना राशि:** रु. 3,09,400/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 08 (आठ) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय : दिनांक 19.06.2025 को 14.00 बजे।** निविदा का विवरण वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**-ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-108/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. : ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/675, दिनांक: 28.05.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्य के निष्पादन के लिए खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1, निविदा सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3300-आर1, कार्य का नाम :** "एईएन/बर्द्धमान के अधीन खाना और शक्तिगढ़ स्टेशनों में स्टैंडबाई बोरिंग के साथ क्लोरिनेशन प्लांट सहित कामनारा, खेतिया, चामारदिघी, कर्जना ग्राम, अमारन में डीप ट्यूब वेल (200 मिमी x 150 मिमी) के प्रावधान" के कार्य के संबंध में पंप-मोटर सेट की स्थापना। **निविदा मूल्य :** रु. 24,88,991/-, **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 49,800/-, **समापन अवधि:** 120 दिन। **क्रम सं. 2, निविदा सं. : ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3429-आर, कार्य का नाम :**(1) "गार्ड/लोको पायलट के रनिंग रूम के समकक्ष हावड़ा में टीटीई रेस्ट रूम में सुविधाओं के प्रावधान" के संबंध में विद्युत (सामान्य कार्य)। (2) " दक्षिण पूर्व रेलवे की ट्रेनों को चलाने वाले स्टाफ के लिए हावड़ा स्टेशन (नए एवं पुराने कॉम्प्लेक्स दोनों) में तीन टीटीई रेस्ट रूम में ड्राइवर/गार्ड के रनिंग रूम के समकक्ष सुविधाओं के प्रावधान के लिए प्रस्ताव" के संबंध में विद्युत (सामान्य कार्य)। **निविदा मूल्य :** रु. 70,30,193/- **बोली प्रतिभूति (बयाना राशि जमा):** रु. 1,40,600/-, **समापन अवधि:** 180 दिन। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 19.06.2025 को 15.00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/ हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी सुविधाजनक दिवस को निविदाएँ ऑनलाइन खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें।

HWH-109/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. एसजी.निविदा/डीएसटीई/एसडीएएच/550, दिनांक 27.05.2025,** वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंजिल, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम ऑफिस, काइजर स्ट्रीट, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **ई-निविदा सं. : एसडीएसटीई/एसआईजी/टी/12/25-26/आरआरएसके। कार्य का नाम एवं इसका स्थान:** सियालदह मंडल के तहत पावर बैक अप बैटरी सिस्टम का प्रतिस्थापन। **निविदा मूल्य :** रु.3,13,77,515.85, **निविदा कागजात का मूल्य :** शून्य। **बयाना राशि/बोली प्रतिभूति जमा की जाएगी :** रु.3,06,900/-, **कार्य की समापन अवधि:** 06 माह। **निविदा जमा देने की प्रारंभिक तिथि:** 09.06.2025, **निविदा जमा देने की अंतिम तिथि:** 23.06.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा बोली के खोलने की तिथि:** 23.06.2025 को 14.30 बजे। विवरण **www.ireps.gov.in** से देखा जा सकता है। **तकनीकी पात्रता मानदंड:** निविदाकार ने निविदा आमंत्रण से पूर्व महीने के अंतिम दिन को समाप्त, पिछले 07 (सात) वर्षों के दौरान, निम्नलिखित श्रेणियों में से किसी एक कार्य का सफलतापूर्वक पूरा या पर्याप्त रूप से निष्पादन किया है: (i) तीन समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 30% की समान राशि से कम न हो, या (ii) दो समरूप कार्य जिनमें से प्रत्येक की लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 40% की समान राशि से कम न हो, या (iii) एक समरूप कार्य जिसकी लागत निविदा के विज्ञापित मूल्य के 60% की समान राशि से कम न हो। **वित्तीय पात्रता मानदंड:** निविदाकार का न्यूनतम औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार V/N या 'V' होना चाहिए, जो भी कम हो, जहाँ V = निविदा का विज्ञापित मूल्य करोड़ रुपये में, N = कार्य पूरा करने के लिए निर्धारित वर्षों की संख्या जिसके लिए बोलियाँ आमंत्रित की गई हैं। औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना लेखापरीक्षित तुलन पत्र के अनुसार पिछले तीन वित्तीय वर्षों में "कुल ठेकाजनित भुगतान" के औसत के रूप में की जाएगी। तथापि, यदि पिछले वर्ष का तुलन-पत्र अभी तैयार किया जाना है/लेखापरीक्षित नहीं है, तो औसत वार्षिक ठेकाजनित कारोबार की गणना के लिए चौथे पिछले वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन-पत्र को विचार में लिया जाएगा। निविदाकार जीसीसी 2022 के अनेक्सर-VIबी (मौजूदा निविदा कागजात का फॉर्म-6) के अनुसार आवश्यक जानकारी के साथ सनदी लेखापाल द्वारा यथा प्रमाणित लेखापरीक्षित तुलन पत्र की प्रतियाँ/लेखापरीक्षित तुलन पत्र द्वारा यथा समर्थित सनदी लेखापाल से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे। **जमा किए जाने वाले अन्य कागजात:** निविदा कागजात में उल्लिखित अनुसार। **समरूप कार्य की प्रकृति:** डेटालॉगर या आरटीयू की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ करने का कोई भी कार्य या कोई सिग्नल इंटरलॉकिंग कार्य जिसमें शामिल है ईआई या आरआरआई या पीआई या आईबीएस या आईबीएच या एलसी गेट इंटरलॉकिंग या यार्ड रूपांतरण या यूएफएसबीआई या ट्रैक सर्किट (एएफटीसी या डीसी टीसी) या एक्सल काउंटर (एसएसडीएसी या एमएसडीएसी या एचए-एसएसडीएसी) या ऑटोमेटिक सिग्नलिंग को मौजूदा निविदा कार्य के लिए समरूप प्रकृति के कार्य के रूप में विवेचित किया जाएगा। **टिप्पणी:** निविदाकार अपने निविदा प्रस्ताव के साथ निविदा कागजात में उल्लिखित पात्रता मानदंड को पूरा करने के अपने दावे के समर्थन में कागजात प्रस्तुत करेंगे। निविदाकार द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रमाण पत्रों के समर्थन में कागजातों/प्रमाणपत्रों की प्रतिलिपि का प्रत्येक पृष्ठ निविदाकार या निविदाकारी फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा स्व-सत्यापित/डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित होगा। स्व-सत्यापन में हस्ताक्षर, मुहर और तिथि (प्रत्येक पृष्ठ पर) शामिल होंगे।

SDAH-68/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter


# पीएम मोदी के दौरे पर तृणमूल का वार, कहा... '1.7 लाख करोड़ का बकाया फंड कब देगी सरकार?'

**नई दिल्ली/कोलकाता :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गुरुवार को बंगाल दौरे के बीच सत्तारूढ़ पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने निशाना साधा। तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि केंद्र सरकार ने बंगाल का 1.7 लाख करोड़ का फंड रोक लिया है। राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने पीएम मोदी पर फंड रोकने का आरोप लगाया। सागरिका घोष ने वीडियो संदेश में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बंगाल आए हैं। हम पीएम का स्वागत करते हैं। लेकिन हम प्रधानमंत्री को यह भी याद दिलाना चाहते हैं कि केंद्र सरकार पर अभी भी बंगाल का 1.7 लाख करोड़ रुपये बकाया है। क्या प्रधानमंत्री बंगाल के लोगों को बताएंगे कि यह पैसा बंगाल को कब दिया जाएगा और यह पैसा देने से क्यों इनकार किया जा रहा है? तृणमूल सांसद ने सरकार पर गैर-एनडीए दलों द्वारा शासित राज्यों के साथ भेदभाव करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि पीएम प्रवासी पक्षी की तरह हैं। उन्हें बंगाल की याद तभी आती है जब यहां चुनाव होने वाले होते हैं। वो चुनाव से पहले ही बंगाल आते हैं। सागरिका घोष ने आगे कहा पीएम बार-बार गैर-भाजपा शासित राज्यों के साथ भेदभाव करते हैं। वे बार-बार बंगाल के लोगों के साथ भेदभाव करते हैं। हम प्रधानमंत्री से इस भेदभाव को रोकने का आग्रह करते हैं क्योंकि बंगाल के लोग बहुत जागरूक हैं।

वहीं, तृणमूल नेता साकेत गोखले ने भी एक्स पर पोस्ट करते हुए पीएम मोदी पर हमला बोला। गोखले ने कहा लिखा कि जब से उनकी पार्टी ने पिछले राज्य चुनावों में भाजपा को हराया है, तब से बंगाल को वंचित किया जा रहा है। प्रवासी पक्षी आज बंगाल की ओर उड़ रहे हैं, क्योंकि अगले साल चुनाव हैं। बंगाल के लोगों को 2021 से मोदी सरकार के हाथों केवल अभाव का सामना करना पड़ा है। केंद्र सरकार द्वारा अवैध रूप से हमारा बकाया रोके रखने के बावजूद हमारी मुख्यमंत्री ने राज्य के कोष से बंगाल के लोगों को राहत दी है। सांसद ने कहा कि आप बंगाल के लोगों का लंबित बकाया कब जारी करेंगे? सार्वजनिक धन आपका निजी बैंक खाता नहीं है, जिससे आप अपनी इच्छा से भुगतान रोक सकते हैं। गोखले ने मांग की कि केंद्र एक श्वेत पत्र जारी करे जिसमें यह बताया जाए कि 2021 से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) और प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी योजनाओं के तहत बंगाल को कितना पैसा दिया गया है?

# बंगाल में मौसम का कहर : आपदा प्रबंधन को लेकर ममता बनर्जी की आपात बैठक, 48 घंटे के लिए अलर्ट जारी



**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल में मौसम लगातार बिगड़ता जा रहा है। एक सक्रिय निम्नदबाव के कारण आगामी 48 घंटों में भारी बारिश की संभावना जताई गई है। गुरुवार दोपहर से ही राज्य के विभिन्न जिलों में बारिश शुरू हो चुकी है, और राजधानी कोलकाता में भी लगातार बारिश हो रही है। इस संभावित आपदा से निपटने के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक आपात बैठक बुलाई, जिसमें राज्य के मुख्य सचिव, आपदा प्रबंधन दल और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के बाद एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री ने राज्यवासियों को सतर्क करते हुए कहा कि घबराने की जरूरत नहीं है। राज्य सरकार पूरी तरह तैयार है और हर संभव उपाय किए जा रहे हैं ताकि किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल राहत पहुंचाई जा सके। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बताया, अगले 48 घंटे के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। तटीय इलाकों में पहले से ही बारिश शुरू हो गई है। निचले इलाकों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम जारी है। मछुआरों को समुद्र में न जाने की सख्त हिदायत दी गई है, साथ ही पर्यटकों को भी समुद्र में स्नान करने से रोका गया है। उन्होंने आगे बताया कि राज्य के सभी जिलाधिकारियों, पुलिस अधीक्षकों और संबंधित विभागों के अधिकारियों को अलर्ट पर रखा गया है। किसी भी आपदा की स्थिति में तत्काल राहत शिविर खोले जाएंगे और लोगों को वहां पहुंचाया जाएगा। राज्यभर में राहत सामग्री पहले से ही तैयार रखी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि तटीय क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरती जा रही है और सभी आवश्यक एहतियातन कदम उठाए गए हैं। उन्होंने आम जनता से अपील की कि वे प्रशासन के निर्देशों का पालन करें और अफवाहों से बचें। राज्य सरकार की इस तत्परता से स्पष्ट है कि संभावित संकट को लेकर गंभीरता बरती जा रही है और आम लोगों की सुरक्षा के लिए हर जरूरी इंतजाम किए जा रहे हैं।


**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

**निविदा सूचना सं.: पीसीएमएम/जीईएनएल/टीपी/2025/19, दिनांक: 29.05.2025** "ई"-प्रोक्योरमेंट प्रणाली के लिए निविदा, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, मुख्यालय कार्यालय (5वीं मंजिल), नया प्रशासनिक भवन, 11, गार्डेन रीच रोड, कोलकाता-700043 के द्वारा खुली ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जो वेबसाइट www.ireps.gov.in पर निम्नानुसार अपलोड कर दी गई हैं। सभी निविदाएँ 14.00 बजे बंद की जाएंगी। **क्रम सं. , निविदा सं., नियत तिथि, संक्षिप्त विवरण, परिमाण और बयाना राशि** निम्नानुसार हैं: **1. 56251688,** 01.07.25,रेड एस्पेक्ट मेन एलईडी सिग्नल लाइटिंग यूनिट, 752 अदद, रु.1,33,190/-, **2. 65245066ए,** 24.06.25, 50 टन ईओटी क्रेन, 01 अदद, रु.2,63,090/- **3. आईजी255210ए,** 23.06.25, डिजिटल रेडियोग्राफी सिस्टम आदि, 01 अदद, रु.1,70,000/- **4.आईजी255892,** 24.06.25 क्षमता 500 केवीए, 6केवी/433वी के इनडोर टाइप डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर की आपूर्ति, 04 अदद, रु.1,74,640/-, **5. 30251434,** 18.06.25,बीएमबीसी कोच के लिए ब्रेक गियर बुशेस हेतु किट, 1380 सेट, रु.2,51,910/-, **6. 31251481,** 20.06.25, नॉनएस्बेस्टस आधारित "के" टाइप आदि, 56888 अदद, रु.3,53,090/-, **7. 47253113,** 08.07.25, एलएचबी कोचों के लिए रूफ माउंटेड एसी पैकेज यूनिट का माइक्रोप्रोसेसर कंट्रोलर, 143 अदद, रु.3,20,210/-, **8. 45253192,** 18.06.25, 1100 एएच की मेन्टेनेंस फ्री वाल्व रेगुलेटेड लेड एसिड (बीआरएलए) बैटरी आदि, 60 सेट, रु.17,83,570/-, **9. 45253185,** 25.06.25, डीजल इलेक्ट्रिक लोको इंजन स्टार्टिंग एप्लिकेशन, 8वी, 500 एएच आदि के लिए लो मेन्टेनेंस लेड एसिड बैटरी, 595 अदद, रु.8,75,610/-, **10. 45251679,** 25.06.25, एलएचबी पावर कार/डीजल लोको स्टार्टिंग के लिए लो मेन्टेनेंस लेड एसिड बैटरी 8वी 450 एएच क्षमता, 411 अदद, रु. 5,54,490/-, **11. 45251681,** 27.06.25, इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव के लिए लो मेन्टेनेंस लेड एसिड बैटरियाँ, 75 एएच क्षमता आदि, 88 सेट, रु.2,90,530/-. **12. 45253133,** 08.07.25 एलएचबी कोचों के लिए 4.5 केडब्ल्यू अंडरस्लंग कॉन्स्टंट वोल्टेज रेगुलेटेड कम इमर्जेंसी बैटरी चार्जर आदि, 102 अदद, रु. 5,65,690/-, **13. 40251590,** 18.06.25 कॉपर कंडक्टरों के साथ थिन वॉल्ड इलेक्ट्रॉनिक बीम इरेडिएटेड/केमिकली क्योर्ड क्रॉस लिंक्ड थिन वॉल्ड फ्लेक्सिबल इलास्टोमेरिक केबल आदि, 9000 मी., रु.5,60,740/-, **14. 40251589,** 18.06.25, कॉपर कंडक्टरों के साथ थिन वॉल्ड इलेक्ट्रॉनिक बीम इरेडिएटेड/केमिकली क्योर्ड क्रॉस लिंक्ड थिन वॉल्ड फ्लेक्सिबल इलास्टोमेरिक केबल आदि, 12024 मी., रु.9,27,060/-, **15. आईएफ255478,** 26.06.25,न्यू डोरवे स्टिफिनिंग क्रॉस बार आदि,7200 अदद, रु.4,77,350/-, **16. 33253072,** 30,06,25, ब्रेक के लिए फ्लेक्सिबल होज (500 मिमी) आदि, 5559 अदद, रु.1,35,000/-, **17. 33255013,** 20.06.25,जंक्शन बॉक्स असेंबली के लिए किट आदि, 30 सेट, रु.1,16,320/-, **18. 33253262,** 25.06.25, इमर्जेंसी ब्रेक एक्सीलेटर ईबी3 आदि, 110 अदद, रु.1,42,260/-, **19. 25251213,** 18.06.25, इंडिपेंडेंट ब्रेक वाल्व एसए9, 206 अदद, रु.1,31,260/-, **20. 29253312,** 18.06.25, ईपी रिले वाल्व के लिए किट का सेट, 650 सेट, रु.6,57,560/-, **21. 25255002ए,** 18.06.25 स्टैटिक इंवर्टर की आपूर्ति, स्थापना एवं आरंभ करना, 42 अदद, रु.20,00,000/-, **22. 29253785,** 19.06.25, केबीआईपीएल के ऑक्स. पैनल के वाल्व के लिए ओवरहॉलिंग किट, 86 सेट, रु.4,04,800/-, **23. 29255030,** 23.06.25, 3-फेज एसिन्क्रोनस ट्रैक्शन मोटर, 04 अदद, रु.1,36,720/-, **24. 29253019,** 23.06.25, ई-70 ब्रेक कंट्रोल यूनिट के लिए किट,163 सेट, रु.10,02,800/-, **25. 29255027,** 25.06.25, डब्ल्यूएपी-7 के लिए डैंपर, 15 सेट, रु.1,52,480/-, **26. 25253574,** 26,06.25. हाई कैपासिटी साइड बफर असेंबली, 128 अदद, रु.1,13,840/-, **27. 17251136,** 02.07.25, एलिमेंट इंजन एयर फिल्टर (डिस्पोजेबल बैग टाइप), 3561 अदद, रु.8,90,180/-, **28. 25251318,** 10.07.25, सस्पेंशन ट्यूब आदि के ओवरहॉलिंग के स्पेयर्स का सेट, 441 सेट, रु. 6,78,030/-, **29. 25253405,** 11.07.25, इलास्टिक रिंग आदि, 1039 अदद, रु.8,49,630/-, **30. 29245018बी,** 18.07.25, 3 फेज लोकोमोटिव की भेल प्रोपल्शन सिस्टम, 14 अदद, रु.2,39,450/-, **31. 38253342ए,** 26.06.25, अप-ग्रेडेड एचटीसीबीसी के लिए शैंक वेयर प्लेट के साथ कपलर बॉडी, 9840 अदद, रु.20,00,000/- **32. 38253895,** 14.07.25, बीओएक्सएन वैगन के लिए फैब्रिकेटेड हैंड ब्रेक व्हील (साइड ऑपरेटेड), 5080 अदद, रु.1,24,080/-, **33. 38253340ए,** 29.08.25, अप-ग्रेडेड एचटीसीबीसी के लिए योक, 2740 अदद, रु.15,92,670/-, **34. 60255186,** 23.06.25, पीएससी स्लीपर 1 इन 12 पर बीजी. 60 केजी (यूआईसी) के लिए सीएमएस क्रॉसिंग का निर्माण एवं आपूर्ति, 205 सेट, रु.10,01,470/-, **35. 60255093बी,** 23.06.25, प्रीस्ट्रेस्ड मोनो ब्लॉक कंक्रीट स्लीपरों आदि का निर्माण एवं आपूर्ति, 940 सेट, रु.50,00,000/-, **36. 50253018,** 16.07.25, सभी एक्सेसरीज आदि के साथ संपूर्ण 2 एमबी प्रोग्रामेबल प्राइमरी डिजिटल ड्रॉप इंसर्ट मल्टीप्लेक्सर की आपूर्ति, 30 सेट, 1,05,620/-, इच्छुक निविदाकार निविदाओं के संपूर्ण विवरण/वर्णन/विनिर्देश के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन मदों के लिए मैनुअल निविदाएँ स्वीकार नहीं की जाएंगी। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी अन्य निविदाओं और तत्पश्चात प्रकाशित किसी भी शुद्धिपत्र में भाग लेने के लिए, www.ireps.gov.in नियमित रूप से देख सकते हैं।

(PR-215) प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक/गार्डेन रीच

**हावड़ा मंडल के तहत अनारक्षित टिकटों की बिक्री के लिए 'स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट' (एसटीबीए) की नियुक्ति**

**सं. सीओएम/डीईवी/एसटीबीए/06 एसटीएनएस/एचडब्ल्यूएच/2025 दिनांक : 30.05.2025**

पूर्व रेलवे के हावड़ा मंडल के तहत कम्प्यूटरीकृत अनारक्षित टिकटिंग प्रणाली (यूटीएस) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए कमीशन के आधार पर निम्नलिखित **06 स्टेशनों** पर (01) एक वर्ष की अवधि के लिए **'स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट'** (एसटीबीए) की नियुक्ति के लिए निर्धारित प्रारूप में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक स्टेशन के लिए निविदा पृथक निविदा के रूप में ली जाएगी। स्टेशनों के नाम हैं: **खामारगाछी, खन्यन, बाँशबेड़िया, बाहिरखण्ड, बेलानगर और दियाड़ा। योग्यता: (क)** आवेदक को उस स्थानीय जिले का निवासी होना चाहिए जहाँ स्टेशन स्थित है जो एसटीबीए को ठेका दिए जाने के लिए प्रस्तावित है। **(ख)** आवेदक की आयु 18 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए और कम से कम दसवीं कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले आवेदकों में से, जो आवेदक मासिक बिक्री कारोबार पर न्यूनतम कमीशन (4% कमीशन स्लैब में) का विकल्प चुनते हैं, उन्हें एसटीबीए के रूप में नियुक्त किया जाएगा। आवेदक को कमीशन का प्रतिशत (%), विशेष रूप से 0% से 4% तक कोट करना होगा (कोई नकारात्मक बोली पर विचार नहीं किया जाएगा)। यदि एक से अधिक आवेदक समान दर कोट करते हैं, तो चयन सार्वजनिक रूप से पारदर्शी तरीके से लॉट का ड्रॉ निकालते हुए किया जाएगा। केवल एक आवेदक को केवल एक स्टेशन के लिए एसटीबीए का ठेका दिया जाएगा। **देय कमीशन:** स्लैब बिक्री कारोबार (रु.में), दर जिस पर कमीशन देय है, इस प्रकार है: **स्लैब, मासिक बिक्री कारोबार (रु. में), बिक्री कारोबार पर देय मासिक कमीशन का प्रतिशत (%) निम्नानुसार हैं: 1.** स्लैब 1: 1-20000, 25% (न्यूनतम रु.2500/- के अधीन), **2.** स्लैब 2: 20001-100000, 15%, **3.** स्लैब 3: > 100000, एनएसजी-6/एनएसजी-5/एसजी-3 कैटेगरी के स्टेशनों के मामले में 4% या कोट की दर जो भी कम हो। **निविदा प्रपत्र की लागत (अप्रतिदेय) : स्टेशन:** खामारगाछी और बेलानगर, रु.1,120/-, **स्टेशन** खन्यन, बांशबेड़िया, बाहिरखण्ड और दियाड़ा 2,240/-, **बयाना राशि:** एसजी-3 कैटेगरी स्टेशनों के लिए रु.5000/- की बयाना राशि, **एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता** के पक्ष में देय भारत के किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी बैंकर्स चेक/बैंक ड्राफ्ट के रूप में निविदा प्रपत्र के साथ जमा की जाएगी। **निविदा कागजातों की उपलब्धता:** निविदा कागजात की लागत की निर्धारित राशि (अप्रतिदेय) जमा करने पर **दिनांक 30.05.2025 से 19.06.2025** के बीच 11.00 बजे से 17.00 बजे तक और दिनांक 20.06.2025 को 11.00 बजे से 16.00 बजे तक बुकिंग सुपरवाइजर (जी), हावड़ा, पूर्व रेलवे द्वारा जारी मूल राशि रसीद की प्रस्तुति पर निविदा कागजात वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, यात्री निवास बिल्डिंग, तीसरा तल, हावड़ा-711101 के कार्यालय से **दिनांक 30.05.2025 से 20.06.2025** (11.00 बजे से 17.00 बजे) तक किसी भी कार्य दिवस को उपलब्ध होगा। निविदा कागजात आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है। निविदा कागजात आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जाता है तो इसके साथ **एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता** के पक्ष में निविदा कागजात की लागत (अप्रतिदेय) का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न रहना चाहिए। **निविदा कागजात जमा करना:** दिनांक 30.05.2025 से 20.06.2025 (11.00 बजे से 17.00 बजे तक) केवल कार्य दिवसों को। **निविदा खोला जाना:** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, यात्री निवास बिल्डिंग, तीसरा तल, हावड़ा-711101 के कार्यालय में **दिनांक 23.06.2025** को 12.30 बजे। यदि कार्यालय छुट्टी या किसी अप्रत्याशित कारण से बंद रहता है तो निविदा अगले कार्य दिवस को उसी समय और स्थान पर खोली जाएगी। निविदा का संपूर्ण विवरण यहाँ देखा जा सकता है: आधिकारिक वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in** और वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, यात्री निवास बिल्डिंग, तीसरा तल, हावड़ा-711101 के कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर।

**वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, हावड़ा**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बकाया डीए के भुगतान के लिए विभाग ने पात्र कर्मचारियों की गिनती शुरू की

**कोलकाता, समाज्ञा**



सुप्रीम कोर्ट द्वारा पश्चिम बंगाल सरकार को राज्य कर्मचारियों को बकाया महंगाई भत्ते (डीए) की 25 प्रतिशत राशि तुरंत चुकाने का निर्देश दिए जाने के बाद राज्य का वित्त विभाग सक्रिय हो गया है। विभाग ने यह पता लगाने के लिए सर्वेक्षण शुरू कर दिया है कि राज्य में कितने वर्तमान और सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी इस भुगतान के पात्र हैं। वित्त विभाग से जुड़े सूत्रों के अनुसार, शुरुआती अनुमान में लगभग 10 लाख लाभार्थियों की संख्या सामने आई है। इनमें राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, राज्य संचालित स्कूलों, नगरपालिका व नगर निगम जैसी संबद्ध संस्थाओं से जुड़े कर्मचारी और सेवानिवृत्त कर्मचारी शामिल हैं। हालांकि, 2019 या उसके बाद नियुक्त हुए कर्मचारी इस डीए बकाया के हकदार नहीं होंगे क्योंकि उस वर्ष 5वें वेतन आयोग के तहत लागू पिछली वेतन पुनरीक्षण योजना (रोपा) की मियाद समाप्त हो गई थी। यह योजना 2009 में वाम मोर्चा सरकार के समय लागू हुई थी और इसकी अवधि 10 वर्ष निर्धारित थी। इस बीच, सर्वेक्षण के दौरान एक भ्रम की स्थिति भी सामने आई है। यह स्पष्ट नहीं है कि 2016 की नियुक्ति पैनल के तहत नियुक्त राज्य संचालित स्कूलों के शिक्षकों और गैर-शिक्षकीय कर्मचारियों जिनकी सेवाएं हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के एक अन्य आदेश के बाद समाप्त कर दी गई हैं, को डीए के इस 25 प्रतिशत भुगतान का लाभ मिलेगा या नहीं। राज्य सरकार ने इस मुद्दे पर अब तक कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया है। वित्त विभाग के अधिकारी जहां एक ओर पात्र कर्मचारियों की गणना कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर वे इस अनुमानित 12 हजार करोड़ के वित्तीय बोझ को वहन करने के लिए संसाधनों की व्यवस्था पर भी मंथन कर रहे हैं।

## आईआईटी खड़गपुर के शोधार्थी को हुआ कोविड, स्वास्थ्य विभाग ने दी जानकारी

**पश्चिम मेदिनीपुर/कोलकाता :** पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर से कोविड संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। संक्रमित व्यक्ति इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) खड़गपुर का एक 26 वर्षीय शोधार्थी है। स्वास्थ्य विभाग और संस्थान के सूत्रों के अनुसार, मंगलवार यानी 27 मई को शोधार्थी में कोरोना के लक्षण दिखने पर उसका सैंपल लिया गया था। बुधवार को रैपिड एंटीजन टेस्ट में उसकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई, जिसके बाद उसे आईआईटी खड़गपुर के बीसी रॉय अस्पताल में भर्ती कराया गया। गुरुवार को संस्थान की ओर से इसकी पुष्टि कर दी गई है। बताया गया है कि छात्र अकेले एक हॉस्टल रूम में रह रहा था, इसलिए अन्य छात्रों के लिए फिलहाल घबराने की आवश्यकता नहीं है। आईआईटी प्रशासन ने कहा है कि यदि किसी अन्य छात्र में लक्षण दिखाई देते हैं तो उनका भी परीक्षण कराया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, संक्रमित शोधार्थी मई के पहले सप्ताह में अपने शोधकार्य के सिलसिले में बीरभूम जिले गया था। वहीं से लौटने के बाद उसमें बुखार, सर्दी, खांसी और गंध न आने जैसे लक्षण दिखाई दिए। हालांकि, उसने कोविड की दोनों वैक्सीन पहले ही ले रखी थी। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है और उसे चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। गौरतलब है कि कोविड की पहली और दूसरी लहर के दौरान खड़गपुर स्थित आईआईटी और रेल कॉलोनी क्षेत्र में बड़ी संख्या में संक्रमितों की पहचान हुई थी। अब एक बार फिर संक्रमण की खबर आने के बाद प्रशासन और संस्थान दोनों सतर्क हो गए हैं।



### शम्मी बने बड़ाबाजार जिला छात्र परिषद के अध्यक्ष



**कोलकाता, समाज्ञा :** बड़ाबाजार के युवा और तेजतर्रार नेता शम्मी तिवारी को बड़ाबाजार जिला छात्र परिषद का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति छात्र परिषद की प्रदेश अध्यक्षा प्रियंका चौधरी ने की है। शम्मी तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस के दिग्गज नेता और प्रदेश कांग्रेस के कोषाध्यक्ष संतोष पाठक का धन्यवाद देते हुए कहा है कि वह पूरे समर्पण के साथ अपने दायित्व का निर्वाह करेंगे। उनकी नियुक्ती पर बड़ाबाजार के युवाओं में हर्ष का माहौल है।

## दीघा-नंदकुमार राष्ट्रीय राजमार्ग पर लॉरी-ऑटो की टक्कर, पांच की मौत व चार गंभीर रूप से घायल

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले के दीघा-नंदकुमार राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा पूर्व मेदिनीपुर जिले के खेजुरी थाना अंतर्गत हेदिया के पास इरिंची इलाके में देर रात हुआ। मिली जानकारी के अनुसार, कोलकाता से कांथी लौट रहे चालक समेत नौ लोगों को लेकर जा रहा ऑटो बुधवार की देर रात करीब 2 बजे इरिंची के बंपर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। बताया जा रहा है कि एक अज्ञात वाहन बंपर के सामने अचानक रुक गया, जिससे ऑटो के पिछले हिस्से से टकरा गया। फिर, उसी जगह एक लॉरी ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस भयंकर टक्कर में ऑटो में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। इनमें दो बच्चे भी शामिल हैं। हादसे में गंभीर रूप से घायल चार लोगों को पहले हेदिया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, फिर उनकी हालत को देखते हुए तमलुक जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मृतकों को वाहन से गैस कटर की मदद से निकालना पड़ा। सभी मृतक और घायल कांथी के चल्ती क्षेत्र के निवासी बताए जा रहे हैं। स्थानीय दुकानदारों ने तुरंत बचाव कार्य शुरू किया और पुलिस को सूचना दी। कांथी एसडीपीओ समेत अन्य पुलिस अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर जांच में जुट गए हैं। पुलिस पूरे मामले की तहकीकात कर रही है और हादसे के कारणों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## मुख्यमंत्री से मिलने पहुंचे बेरोजगार शिक्षकों के समूहों को लिया गया हिरासत में

**कोलकाता, समाज्ञा :** नौकरी गंवाने वाले छह शिक्षकों का एक समूह गुरुवार की सुबह मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मिलने उनके आधिकारिक आवास कालीघाट पहुंचा। बिना अपॉइंटमेंट के मुख्यमंत्री से मिलने की कोशिश के कारण शिक्षक समूह को कालीघाट में हिरासत में ले लिया गया। दक्षिण कोलकाता के कालीघाट स्थित मुख्यमंत्री के आवास के पास तैनात सुरक्षा कर्मियों ने शिक्षकों को अंदर जाने से मना किया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अचानक पांच महिला शिक्षक बिना अपॉइंटमेंट के मुख्यमंत्री से मिलने आए थे। जब उन्हें मिलने की अनुमति नहीं मिली तो वे सुरक्षा कर्मियों से बहस करने लगे। इसके बाद, महिला पुलिस कर्मियों की मदद से सुरक्षा कर्मी उन्हें हिरासत में लेकर पुलिस वैन में बैठाकर कालीघाट पुलिस स्टेशन ले गए। पूछताछ के बाद ही उनकी स्थिति स्पष्ट होगी। ममता बनर्जी से मिलने आईं शिक्षक संगीता साहा, रूपा करमाकर, स्मार्टी रॉय, नूर अमीना गुलशन, शिल्पी चक्रवर्ती और साहनी नाजनीन हैं, जो अपनी नौकरी गंवाने के बाद अपनी समस्याओं को मुख्यमंत्री के सामने रखना चाहती थीं।



## पूर्व रेलवे ने लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर सुरक्षा नियमों के पालन करने की अपील की

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे द्वारा लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर सुरक्षा नियमों के पालन की आवश्यकता पर जोर दिया जा रहा है। पूर्व रेलवे के अनुसार, 2024-25 में कुल 4931 मामलों में सड़क यातायात जाम की घटनाएं हुईं, जिससे लेवल क्रॉसिंग गेट्स के समय पर बंद होने में देरी हुई और ट्रेन संचालन प्रभावित हुआ। वर्तमान वित्तीय वर्ष (2025-26) में 1 अप्रैल से 27 मई तक 784 ऐसे मामले सामने आए हैं। इन घटनाओं में सड़क वाहन चालकों द्वारा गेट्स को जबरन खोलने या बंद होते समय गेट्स के अंदर घुसने की प्रवृत्ति देखी गई है, जो न केवल ट्रेन संचालन में देरी का कारण बनती है, बल्कि दुर्घटनाओं का भी खतरा उत्पन्न करती है। पूर्व रेलवे ने सभी सड़क उपयोगकर्ताओं, चाहे वे वाहन मालिक हों, पैदल यात्री हों या रिक्शा चालक हों, से अपील की है कि वे लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर सुरक्षा नियमों का पालन करें। गेट बंद होने या बंद होने की स्थिति में, या जब बजर बज रहा हो या लाल सिग्नल हो, तो गेट में जबरन प्रवेश न करें। पूर्व रेलवे ने समय-समय पर विभिन्न लेवल क्रॉसिंग गेट्स पर जागरूकता अभियान चलाए हैं, ताकि लोगों को सुरक्षित क्रॉसिंग प्रथाओं के बारे में शिक्षित किया जा सके। ये अभियान लेवल क्रॉसिंग पर नियमों के उल्लंघन के खतरों और ट्रेन संचालन में बाधाओं के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर केंद्रित हैं।

### न्यूज अपडेट

#### अमेजन बाजार पर शुरू हुआ समर ट्रैवल सेल, 99 रुपये से ट्रैवल आइटम्स उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** इस गर्मी, स्मार्ट ट्रैवलिंग को आसान बनाते हुए अमेजन बाजार ने ट्रैवल गियर और एक्सेसरीज पर जबरदस्त ऑफर्स की शुरुआत की है। अब यात्री 99 रुपये से शुरू होने वाले प्रोडक्ट्स के साथ यात्रा की तैयारी कर सकते हैं। संडे बाजार के दौरान 80% तक की बचत और 150 रुपये तक कैशबैक जैसे लाभ ग्राहकों को दिए जा रहे हैं। लीक-प्रूफ बोतल, इनफ्लेटेबल नेक पिलो, मल्टीपर्पज बैग्स, हैंगिंग कॉस्मेटिक ऑर्गेनाइजर, डफल और ट्रॉली बैग्स जैसे उत्पादों की विस्तृत रेंज अब बेहद किफायती कीमतों पर उपलब्ध है। ट्रैवल बोतल सेट (199 रु.), शू पाउच (224 रु.) और रोल अप मेकअप पाउच (311 रु.) जैसे प्रोडक्ट्स हल्की, सुव्यवस्थित और तनाव-मुक्त यात्रा सुनिश्चित करते हैं। फ्री डिलीवरी, 5-दिन की आसान रिटर्न नीति और यूपीआई पेमेंट पर विशेष छूट के साथ, अमेजन बाजार छुट्टियों की तैयारी के लिए देशभर के ग्राहकों का पसंदीदा ट्रैवल शॉपिंग प्लेटफॉर्म बन रहा है।

#### दुर्गापुर के छात्रों ने ओलंपियाड परीक्षा 2024-25 में किया शानदार प्रदर्शन

**दुर्गापुर :** साइंस ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित इंटरनेशनल ओलंपियाड परीक्षा 2024-25 में दुर्गापुर के छात्रों ने वैश्विक मंच पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। डीएवी मॉडल स्कूल के इवान बनर्जी ने इंटरनेशनल मैथमेटिक्स ओलंपियाड में पहली रैंक प्राप्त कर गोल्ड मेडल और प्रमाण पत्र जीता, जबकि हेम शीला मॉडल स्कूल की श्रीनिथी भारती को दूसरी रैंक के साथ सिल्वर मेडल मिला। दिल्ली पब्लिक स्कूल के यत्विक किशोर ने इंटरनेशनल सोशल स्टडीज में तीसरी रैंक पाकर ब्रॉन्ज मेडल जीता। ओलंपियाड में 72 देशों के लाखों छात्रों में से दुर्गापुर से 21,400 से अधिक छात्रों ने भाग लिया। सम्मान समारोह दिल्ली के डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुआ, जहां सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे.के. महेश्वरी मुख्य अतिथि रहे। इस अवसर पर 222 छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत किया गया। एसओएफ ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्टता को बढ़ावा देने हेतु कई सामाजिक पहल भी शुरू की हैं।

#### डेटॉल ने 'कैप्टन कूल' एम.एस. धोनी को बनाया ब्रांड एंबेसडर

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के प्रमुख कीटाणु सुरक्षा ब्रांड डेटॉल ने क्रिकेट के दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। धोनी की शांत और भरोसेमंद छवि को डेटॉल ने अपने नए आइसी कूल प्रोडक्ट रेंज के साथ जोड़ा है, जो तीन गुना ज्यादा ठंडक और 99.9% कीटाणुओं से सुरक्षा का वादा करता है। यह साझेदारी गर्मियों में ठंडक बनाए रखने और त्वचा संक्रमण से बचाने के लिए एक परफेक्ट समाधान पेश करती है। धोनी ने कहा कि शरीर ठंडा रहेगा तो मन भी शांत रहेगा – यही आइसी कूल का संदेश है। डेटॉल के इस अभियान के तहत एक नया टीवी विज्ञापन भी लॉन्च किया गया है, जिसमें एक युवा खिलाड़ी धोनी से प्रेरित होकर डेटॉल आइसी कूल का उपयोग करता है। यह कैंपेन दिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी कूल रहना ही असली ताकत है। डेटॉल और धोनी की यह साझेदारी सुरक्षा, ठंडक और आत्मविश्वास का नया उदाहरण पेश करती है।

## गंगा में समाया युवक, मुंबई से घर लौटते समय फरक्का बैरेज पर हुआ हादसा

**मुर्शिदाबाद :** ईद के मौके पर मुंबई से घर लौट रहे एक युवक की ट्रेन से गिरकर गंगा में डूबने की घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है। युवक की पहचान मालदह जिले के मथुरापुर, पठानपाड़ा शेख सफीकुल (27) के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि सफीकुल मुंबई में मजदूरी करता था और कुछ महीनों से वहीं कार्यरत था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, न्यू फरक्का स्टेशन पार करने के बाद ट्रेन फरक्का बैरेज पर सिग्नल न मिलने के कारण कुछ समय के लिए रुकी थी। इसी दौरान सफीकुल ट्रेन से नीचे उतरकर गंगा का दृश्य देखने चला गया। तभी अचानक ट्रेन के चल पड़ने पर वह वापस चढ़ने की कोशिश कर रहा था, तभी उसका संतुलन बिगड़ा और वह गंगा में गिर गया।

घटना की सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की टीमें मौके पर पहुंचीं और तुरंत गोताखोरों की मदद से तलाशी अभियान शुरू किया गया। हालांकि, समाचार लिखे जाने तक युवक का कोई सुराग नहीं मिल सका है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कोलकाता के फुटपाथ पर अवैध कब्जे को लेकर हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी, नगर निगम से पूछा सख्त सवाल

**कोलकाता :** शहर के फुटपाथों की बदहाल स्थिति को लेकर कोलकाता हाईकोर्ट ने कड़ी नाराज़गी जताई है। शहर में पैदल चलने की जगह न रह जाने और फुटपाथों पर दुकानों के अवैध कब्जे के मुद्दे पर कोर्ट ने कोलकाता नगर निगम को कठघरे में खड़ा किया है। इस मुद्दे पर न्यायमूर्ति सौमेन सेन की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने नगर निगम से कई तीखे सवाल पूछे।



न्यायमूर्ति सेन ने कहा, हम देखना चाहते हैं कि मुख्य न्यायाधीश के निर्देशों को लागू किया गया या नहीं। फुटपाथों पर इतनी दुकानें कैसे हैं जबकि लोग टैक्स देते हैं और इन पर चलने की जगह तक नहीं है। कोर्ट ने जानना चाहा कि नगर निगम की अनुमति के बिना फुटपाथों पर दुकानें कैसे चल रही हैं।

इस पर नगर निगम के वकील ने जवाब देते हुए कहा कि अवैध कब्जा हटाने के लिए राज्य सरकार की मदद आवश्यक है। निगम के वकील ने बताया कि कोलकाता नगर निगम के कमिश्नर ने पहले ही राज्य सरकार से अनुरोध किया है कि वह सचिवालय के सामने के फुटपाथ को अतिक्रमण मुक्त कराए।

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह राज्य सरकार की जिम्मेदारी है क्योंकि कानून उनके पास है। जानकारी के अनुसार, इस मुद्दे को लेकर नगर विकास और शहरी मामलों के विभाग के विशेष सचिव, कोलकाता नगर निगम के कमिश्नर और गृह विभाग के प्रमुख सचिव के बीच एक बैठक की जाएगी जिसमें फुटपाथों से अवैध कब्जा हटाने पर फैसला लिया जाएगा।

हाईकोर्ट के इस सख्त रुख के बाद अब देखने वाली बात होगी कि नगर निगम और राज्य सरकार इस दिशा में क्या ठोस कदम उठाते हैं ताकि शहर के फुटपाथ आम लोगों के लिए फिर से सुरक्षित और सुगम बनाए जा सकें।

## उड़ान (श्रीभूमि) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** सामाजिक संस्था उड़ान (श्रीभूमि) द्वारा बिका बैंक्वेट हॉल में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन कर अत्यंत मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह में 70 से अधिक बच्चों को मोमेंटो और उपहार देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ पश्चिम बंगाल के दमकल मंत्री सुजीत बोस ने किया। उन्होंने उड़ान की सराहना करते हुए कहा कि आज के बच्चे शिक्षा के प्रति अत्यंत जागरूक हैं। उन्होंने लेक टाउन अंचल से 99% से 100% अंक लाने वाले लगभग 10 बच्चों की उपस्थिति पर आश्चर्य और गर्व व्यक्त किया। उड़ान के संयोजक और समाजसेवी लक्ष्मण अग्रवाल ने संचालन करते हुए कहा कि पहले मारवाड़ी समाज के बच्चे कम पढ़ाई कर व्यापार में लग जाते थे, लेकिन आज वे हर क्षेत्र में समाज का नाम रोशन कर रहे हैं। कोलकाता एयरपोर्ट के निदेशक प्रभात रंजन बेऊर और आयकर आयुक्त अशुतोष साहू ने बच्चों को पढ़ाई के साथ अन्य कौशलों पर भी ध्यान देने और कमजोर विषयों को लेकर हीन भावना न पालने की सलाह दी। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रेणुका रथ और हरियाणा विद्या मंदिर की प्राचार्या संघमित्रा बनर्जी ने अभिभावकों से बच्चों पर पढ़ाई का अत्यधिक दबाव न डालने और उन्हें आत्मविश्वास एवं संस्कारों से सशक्त बनाने का अनुरोध किया। कार्यक्रम में लेक टाउन थाना के आईसी संजीव चक्रवर्ती, समाजसेवी रामफूल मित्तल, सांसद संजय अग्रवाल, मारवाड़ी संस्कृत मंच के अध्यक्ष तथा समाजसेवी ललित प्रह्लादका, समाजसेवी बीरम प्रकाश सुल्तानिया (मुना बाबू), हरिनारायण राठी (विको ग्रुप), पंकज भालोठिया, पत्रकार संजय हरलालका, विशिष्ट अतिथि संजय कंसल, मनोहर अग्रवाल, वीरेंद्र अग्रवाल, गौसेवक सुरेंद्र पटवारी, अंचल के हर कॉम्प्लेक्स के अध्यक्ष समेत अन्य गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता उड़ान की चेयरपर्सन किरण अग्रवाल ने की तथा धन्यवाद ज्ञापन सचिव मनीषा जैन ने किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में मधु अग्रवाल, आशा जिंदल, सरोज अग्रवाल शीतल, प्रभा अग्रवाल, निशु केजरीवाल, वाभना, काजल, सीमा, सुनीता, पायल, सरिता मनोज शर्मा ने सक्रिय भूमिका निभाई।



## स्वर्गीय मैना देवी दुगड़ का मरणोपरांत नेत्रदान

**हावड़ा :** अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद की साउथ हावड़ा शाखा के सहयोग से स्वर्गीय मैना देवी दुगड़ का मरणोपरांत नेत्रदान उनके पुत्रों सुपारस दुगड़, प्रदीप दुगड़ तथा परिजनों की सहमति से एम.पी. बिड़ला आई बैंक में संपन्न हुआ। परिषद के अध्यक्ष आदेश चोरड़िया ने स्व. मैना देवी, जो मूलतः लाडनूं की निवासी थीं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की और नेत्रदान को मानवीय सेवा का श्रेष्ठ उदाहरण बताया। अभातेयुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमेश डागा ने बताया कि संस्था ने भारत व नेपाल की 358 शाखाओं के माध्यम से अब तक 2200 से अधिक नेत्रदान करवाए हैं। महामंत्री अमित नाहटा ने नेत्रदाता परिवार की भावना की सराहना करते हुए जनमानस से अभियान से जुड़ने की अपील की। राष्ट्रीय प्रभारी सुनील दुगड़ ने स्पष्ट किया कि नेत्रदान में केवल कॉर्निया लिया जाता है, जिससे शरीर की बनावट पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। मृत्यु के छह घंटे के भीतर यह प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।



## अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज ने मनाई महाराणा प्रताप जयंती

❑ **राजस्थान परिषद ने भी की भागीदारी**

**कोलकाता :** अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज एवं राजस्थान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में गुरुवार को महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महानगर के साथ ही उपनगर एवं विभिन्न जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। मौके पर दोनों संस्थाओं के वरिष्ठ पदाधिकारी के साथ ही विभिन्न शाखाओं के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कोलकाता के शेक्सपियर, सेंट्रल एवेन्यू एवं उत्तर 24 परगना के गारुलिया स्थित महाराणा प्रताप उद्यान में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान महाराणा प्रताप की जीवन आदर्श पर चलने का संकल्प दोहराया गया। गारुलिया के महाराणा प्रताप उद्यान में कार्यक्रम के दौरान अखिल भारतीय क्षत्रिय समाज के मुख्य संरक्षक जयप्रकाश सिंह ने सभी सदस्यों को जात-पात के भेदभाव से ऊपर उठकर महाराणा प्रताप के जीवन आदर्श पर चलने एवं यथा संभव समाज सेवा में योगदान करने का संदेश दिया। वहीं समाज के अध्यक्ष शेखर सिंह ने सदस्यों की सक्रियता पर जोर दिया। समाज के महासचिव शंकर बक्श सिंह ने शिक्षा की राह पर चलते हुए समाज को और अधिक संगठित होने की जरूरत बताई। राजस्थान परिषद के महामंत्री अरुण प्रकाश मल्लावत ने भी अपने विचार रखे। प्रभुनाथ सिंह ने कार्यक्रम का संचालन किया।

मौके पर विशेष अतिथि गरुलिया नगर पालिका के चेयरमैन रमेन दास, उप चेयरमैन अशोक सिंह, पूर्व चेयरमेन संजय सिंह मौजूद थे। कार्यक्रम में आर पी सिंह, गौतम सिंह, प्रभु नाथ सिंह, दामोदर सिंह, अजय सिंह (कोन्नगर), रामाशंकर सिंह, अनिल सिंह, हेमन्त कुमार सिंह, उमेश सिंह, सतेन्दर सिंह, शत्रुघ्न सिंह, केके सिंह, अक्षयवर सिंह, जंग बहादुर सिंह, ब्रह्मा सिंह, धीरज सिंह, रोहित सिंह, गोराचन्द्र सिंह राय, सायंतन सिंह राय, प्रभास सिंह, अरजीत सिंह, विमल सिंह, विनोद सिंह, श्यामा सिंह, शंकर सिंह, जेपी सिंह, शिवजी सिंह, आरएन सिंह, शिवकुमार सिंह, राजकिशोर सिंह आदि उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में अशोक सिंह, अनिल सिंह, राहुल सिंह, ओम प्रकाश गिरी, सुभाष तिवारी की अहम भूमिका रही।




## भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण का हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, क्षेत्रीय मुख्यालय-पूर्वी क्षेत्र, कोलकाता ने नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), कोलकाता के तत्वावधान में 28 मई को हिंदी गीत गायन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। प्रतियोगिता में हिंदी और हिंदीतर भाषी दोनों वर्गों के लिए अलग-अलग श्रेणियां निर्धारित की गईं, जिसमें कोलकाता स्थित विभिन्न उपक्रमों के कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यवाहक क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक एच. एस. बिस्वास ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (उपक्रम), कोलकाता के सदस्य-सचिव राजेश वी. नायर, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुशील कुमार गुप्ता ने भी दीप प्रज्वलन में भाग लेकर कार्यक्रम को सुशोभित किया। उपरोक्त के अतिरिक्त नराकास के कार्यकारी दल के सदस्य राजेश कुमार साव, साधना शर्मा एवं शिवानी गरगश व प्रियांशु प्रकाश आदि भी उपस्थित रहें। इस अवसर पर कार्यवाहक क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, सदस्य-सचिव नराकास ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए सभी से राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में अपना बढ़-चढ़ कर योगदान करने का अनुरोध किया। इस गीत गायन प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. शुभ्रा उपाध्याय दूबे, विभागाध्यक्ष हिंदी विभाग, खुदीराम बोस सेंट्रल कॉलेज कोलकाता, डॉ इतु सिंह, एसोसिएट प्रोफेसर खिदिरपुर कॉलेज कोलकाता एवं मोम राय, संगीत विशेषज्ञ, विद्या भारती स्कूल मोमिनपुर कोलकाता को आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने अपने निष्पक्ष निर्णय से कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में स्वागत भाषण सुशील कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) द्वारा दिया गया। सभी कार्यक्रमों व प्रतियोगिता का संचालन व समन्वय कार्य अरविंद कुमार तिवारी, सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा) व उनकी पूरी राजभाषा टीम द्वारा किया गया।



### कोलकाता-कानपुर स्पेशल ट्रेन अब आसनसोल में रुकेगी पूरे 10 मिनट

**कोलकाता, समाज्ञा :** रेलवे ने यात्रियों की सुविधा और मांग को ध्यान में रखते हुए कोलकाता-कानपुर सेंट्रल-कोलकाता स्पेशल ट्रेन के आसनसोल स्टेशन पर ठहराव समय में वृद्धि करने का निर्णय लिया है। अब यह ट्रेन पहले की अपेक्षा 5 मिनट अधिक, यानी कुल 10 मिनट तक आसनसोल स्टेशन पर रुकेगी। इसके तहत, 29 मई से 04153 कानपुर सेंट्रल-कोलकाता स्पेशल अब आसनसोल स्टेशन पर 02:45 बजे पहुंचेगी और 02:55 बजे रवाना होगी, जबकि पहले इसका आगमन 02:50 बजे होता था। इसी प्रकार, 30 मई से ट्रेन संख्या 04154 कोलकाता-कानपुर सेंट्रल स्पेशल अब आसनसोल स्टेशन पर 13:47 बजे पहुंचेगी और 13:57 बजे चलेगी, जबकि पहले इसका समय 13:52 बजे निर्धारित था।

# स्वस्थ होने के बाद राज्यपाल ने पूर्ण गति से शुरू किया काम

❑ **महत्वपूर्ण फाइलों को निपटाने के बाद राजभवन के अधिकारियों के साथ की महत्वपूर्ण बैठक**

❑ **राज्यपाल ने दोहराया, राजभवन सभी वर्गों के लोगों के लिए सुलभ रहेगा**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस अस्पताल से छुट्टी मिलने और डॉक्टरों द्वारा शारीरिक रूप से फिट घोषित किए जाने के बाद गुरुवार से फिर पूर्ण गति से काम शुरू कर दिया। गुरुवार को राज्यपाल राजभवन स्थित आवास से कार्यालय पहुंचे और एक नए अध्याय की शुरुआत की। महत्वपूर्ण फाइलों को निपटाने के बाद उन्होंने राजभवन के वरिष्ठ



अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक कर भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की और पिछले दो वर्षों में राजभवन द्वारा पहले से ही शुरू किए गए जन-केंद्रित कार्यक्रमों को जारी रखने की अनिवार्यता पर जोर दिया। काम पर लौटने पर अधिकारियों से चर्चा और इनपुट प्राप्त करने के बाद राज्यपाल ने तत्काल और शीघ्र कार्यान्वयन के लिए कई निर्देश जारी किए। राजभवन द्वारा जारी बयान के अनुसार, राज्यपाल अपना अधिकांश समय लोगों को हिंसा के खिलाफ जागरूक करने और सामाजिक सद्भाव को प्रोत्साहित करने में व्यतीत करेंगे। राज्यपाल ने गांवों का दौरा तेज करने, ग्रामीणों के साथ समय बिताने और रात्रि विश्राम करने पर जोर दिया है, ताकि लोगों को उनसे बातचीत करने का अवसर मिल सके। राज्यपाल का ध्यान सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने पर होगा। राज्यपाल के निर्देशानुसार विशेष कार्य पदाधिकारी और वरिष्ठ अधिकारियों को अलग-अलग जिले आवंटित किए जाएंगे, ताकि जरूरत पड़ने पर उन जिलों के लोग सीधे नामित अधिकारियों से संपर्क कर सकें। अधिकारी तब राज्यपाल को जानकारी देंगे और निर्देश मांगेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि राज्यपाल के निर्देशानुसार, राजभवन की टीमें उन गांवों का दौरा करेंगी, जहां राज्यपाल अमार ग्राम पहल के तहत गए थे, ताकि अनुवर्ती कार्रवाई का आकलन किया जा सके।

❑ **अस्पताल में भर्ती के दौरान भी नहीं रोकी कोई फाइल**

बयान में दावा किया गया कि अप्रैल-मई 2025 के दौरान कुछ दिनों के लिए राज्यपाल के अस्पताल में भर्ती होने के दौरान भी उनके निर्देश पर यह सुनिश्चित किया गया कि कोई भी फाइल लंबित न रहे। चिकित्सा निगरानी में रहने के दौरान भी राज्यपाल ने जरूरी फाइल को निपटाया और राजभवन की ओर से कार्यक्रम भी जारी रहा। राज्यपाल ने भर्ती रहने के दौरान भी खुद कई लोगों को फोन काल किए और उनसे बात की।

--------------------

❑ **राज्यपाल बोस ने प्रधानमंत्री के दौरे की सराहना की, इसे महत्वपूर्ण बताया**

राज्यपाल सी वी आनंद बोस ने अलीपुरद्वार और कूचबिहार जिलों में 1,010 करोड़ रुपये की सिटी गैस वितरण (सीजीडी) परियोजना की आधारशिला रखने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के राज्य दौरे को 'बंगाल के लिए जश्न मनाने का एक बड़ा दिन' बताया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री के 'राष्ट्र, विशेषकर बंगाल के समग्र विकास के लिए अथक प्रयासों' की सराहना की। उन्होंने कहा कि जहां तक विकास का सवाल है, प्रधानमंत्री पूरे देश की प्रगति के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं, जिसमें बंगाल पर विशेष ध्यान दिया गया है।

## काला जादू का डर दिखाकर 10 लाख की ठगी, फर्जी तांत्रिक दीघा से गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** पति की मृत्यु की भविष्यवाणी और काला जादू का डर दिखाकर एक महिला से दस लाख रुपये की ठगी करने वाले एक फर्जी तांत्रिक को पुलिस ने न्यू दीघा के एक होटल से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान सुब्रत राय (51) के रूप में हुई है, जो पश्चिम मेदिनीपुर के खड़गपुर का निवासी है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी ने खुद को तांत्रिक बताकर न्यू बैरकपुर के कमरशाला बटतला इलाके की एक महिला को लंबे समय तक भ्रमित किया और उससे भारी-भरकम रकम ऐंठी। पीड़िता की मुलाकात इस तांत्रिक से मेदिनीपुर के गढ़बेता इलाके में अपनी बहन के घर हुई थी। वहां तांत्रिक ने महिला को बताया कि उसके पति पर काला जादू हुआ है और यदि विशेष उपाय नहीं किए गए तो दो महीने में उसकी मृत्यु हो सकती है। डर के मारे महिला ने उपाय पूछे तो आरोपी ने हर महीने विशेष यज्ञ करने की बात कही। इस बहाने वर्ष 2021 से 2022 के बीच चरणबद्ध तरीके से करीब 10 लाख रुपये की वसूली की गई। धीरे-धीरे महिला के व्यवहार पर पति को शक हुआ, जिसके बाद पूछताछ में पत्नी ने पूरी कहानी बयां की। जब पति ने पैसे वापस लेने की कोशिश की, तो तांत्रिक ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया और फरार हो गया। न्यू बैरकपुर पुलिस ने शिकायक के आधार पर मामले की जांच शुरू की और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले की जांच जारी है।

## कोलकाता एयरपोर्ट पर हॉट फायर ड्रिल में परखी गई सुरक्षा और तत्परता

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता हवाई अड्डे पर गुरुवार को एक महत्वपूर्ण आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह ड्रिल हवाई अड्डे की मासिक आपातकालीन तैयारियों के तहत किया गया। इस हॉट फायर ड्रिल में 16 एयरक्राफ्ट रेस्क्यू एंड फायर फाइटिंग (एआरएफएफ) कर्मियों और 9 सीआईएसएफ कर्मियों ने भाग



लिया। ड्रिल में दो एआरएफएफ वाहन और दो एम्बुलेंस का उपयोग किया गया, जिसमें हवाई अड्डे के परिसर में एक काल्पनिक विमान दुर्घटना का मंचन किया गया। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य प्रारंभिक अलर्ट के 138 सेकंड के अंदर प्रतिक्रिया समय प्राप्त करना और एक मिनट के अंदर आग को नियंत्रित करना था, जो विमानन सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण मानक है। निरंतर और कठोर प्रशिक्षण टीमों को इन कड़े लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने में सक्षम बनाता है। कोलकाता हवाई अड्डा, डॉ. पी. आर. बेउरिया के नेतृत्व में वास्तविक और उच्च-प्रभाव वाले आपातकालीन तैयारी अभ्यासों के माध्यम से सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखता है।

## स्वास्थ्य विभाग व अस्पतालों में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, सोनारपुर में दो गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के आरोप में सोनारपुर थाने की पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के नाम सौरव दे और राजा चट्टोपाध्याय हैं। वे टॉलीगंज के निवासी हैं। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने स्वास्थ्य विभाग और विभिन्न निजी अस्पतालों में नौकरी दिलाने के नाम पर कई लोगों से लाखों रुपये ऐंठे है। ठगी के शिकार लोगों की शिकायत मिलने के बाद सोनारपुर थाने ने जांच शुरू की। जांच के बाद मिले सबूतों के आधार पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, गिरफ्तार लोगों को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ शुरू कर दी गई है। उनसे मिली जानकारी के आधार पर यह भी जांच की जा रही है कि इस घोटाले में कोई और तो शामिल नहीं है। गिरफ्तार लोगों ने खुद



को एक प्रभावशाली संगठन से जुड़ा होने का दावा किया और कथित तौर पर स्वास्थ्य विभाग या किसी नामी अस्पताल का 'तथाकथित नियुक्ति पत्र' दिखाया। ठगी के हथकंडे के तौर पर वे नौकरी चाहने वालों से एक खाली स्टांप पर हस्ताक्षर करवा लेते पुलिस को संदेह है कि ये लोग पिछले कुछ समय से इस गोरखधंधे को अंजाम दे रहे थे। पुलिस ने कुछ शिकायतकर्ताओं से बात भी की है। उनसे और जानकारी हासिल करने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा, पुलिस गिरफ्तार लोगों के मोबाइल फोन, लैपटॉप और वित्तीय लेन-देन की जानकारी का विश्लेषण करके गिरोह का पर्दाफाश करने की कोशिश कर रही है।

## कल्याणी में चलती ट्रेन से गिरकर आम व्यापारी की मौत

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कल्याणी रेलवे फाटक संख्या 42 के पास गुरुवार की सुबह चलती ट्रेन से गिरकर एक आम व्यापारी की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि आम से भरा एक थैला पटरी पर गिर गया। उसे संभालने की कोशिश में व्यापारी पटरी पर गिर गया। चलती ट्रेन की चपेट में आने से उसका पैर कट गया। पटरी पर तड़पते हुए उसकी मौत हो गई। स्थानीय और रेलवे पुलिस सूत्रों के अनुसार, मृत आम व्यापारी का नाम वृंदावन मंडल (37) है। वह कल्याणी थाना अंतर्गत सगुना ग्राम पंचायत के डेंगुरपाड़ा का निवासी था और रेलवे गेट नंबर 42 से सटे इलाके में आम बेचता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रोज की तरह गुरुवार की सुबह भी आम व्यापारी चाकदह से आम खरीदकर सुबह 5.58 बजे कृष्णानगर लोकल ट्रेन से कल्याणी लौट रहा था। सुबह करीब 6.15 बजे जैसे ही ट्रेन कल्याणी रेलवे फाटक संख्या 42 को पार कर रही थी, अचानक आम से भरा एक बड़ा थैला रेलवे ट्रैक पर गिर गया। उसे संभालने के प्रयास में व्यापारी भी गिर गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसके दोनों पैर कट गए। आम रेलवे ट्रैक पर बिखर गए। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। शव काफी देर तक रेलवे ट्रैक पर पड़ा रहा, खबर मिलते ही रेलवे अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए कल्याणी से शांतिपुर लोकल ट्रेन से रानाघाट रेलवे अस्पताल ले जाया गया।

## हावड़ा डिवीजन ने प्लास्टिक प्रदूषण को रोकने के लिए चलाया विशेष जागरूकता

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के हावड़ा डिवीजन ने 29 मई को एक विशेष अभियान का आयोजन किया। विश्व पर्यावरण दिवस 2025 की थीम प्लास्टिक प्रदूषण समाप्त करें के तहत यह अभियान चलाया गया। यह अभियान हावड़ा, वर्दवान, डानकुनी, शेउराफुली, बंडेल, रामपुरहाट, कटवा, गोबरा, बारुइपाड़ा और हरिपाल जैसे प्रमुख स्टेशनों पर चलाया गया। अभियान के अंतर्गत वाणिज्य विभाग की टीमों ने विभिन्न विक्रेताओं, कैटरिंग इकाइयों और सेवा प्रदाताओं के स्टॉलों का निरीक्षण कर एसयूपी के उपयोग पर निगरानी रखी। इस दौरान प्लास्टिक के दुष्परिणामों पर जानकारी दी गई और पुनः प्रयोग योग्य, जैव-अपघटनीय या पुनर्नवीनीकरण विकल्प अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा, एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में विक्रेताओं और कैटरिंग स्टाफ को दूध व डेयरी उत्पादों की पैकिंग में प्रयुक्त थैलियों को आंशिक रूप से काटने की सलाह दी गई, जिससे माइक्रोप्लास्टिक के उत्सर्जन को रोका जा सके। हावड़ा डिवीजन ने इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया कि भारतीय रेलवे अपने सतत विकास मिशन के तहत प्लास्टिक प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## धनबाद में अवैध हथियार कारखाने का भंडाफोड़, मालिक समेत पांच गिरफ्तार

### कोलकाता एवं धनबाद पुलिस ने चलाया अभियान, भारी संख्या में हथियार बरामद

**कोलकाता/धनबाद :** झारखंड के धनबाद जिले के बाघमारा अनुमंडल के महुदा थाना अंतर्गत सिंगड़ा में अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पर्दाफाश झारखंड एटीएस, पश्चिम बंगाल एसटीएफ और धनबाद पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी कर गत बुधवार की रात को किया। टीम जब मौके पर छापेमारी करने पहुंची तो मौके से दर्जनों पिस्टल और अर्धनिर्मित पिस्टल के साथ पुलिस ने भारी मात्रा में हथियार बनाने के सामान जब्त किए थे। पुलिस ने मामले में अवैध मिनी गन फैक्ट्री संचालक मोहम्मद मुर्शीद सिंगड़ा (47) सहित पांच अपराधियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें कारीगर मोहम्मद साबिर अंसारी, मोहम्मद मुस्तफा, मोहम्मद परवेज उर्फ रिंकू





और मोहम्मद मिस्टर शामिल हैं। सभी बिहार के मुंगेर जिले के रहने वाले हैं। अपराधियों की गिरफ्तारी की पुष्टि बाघमारा एसडीपीओ पुरुषोत्तम सिंह ने की है। बाघमारा एसडीपीओ ने ने बताया कि धनबाद जिले के महुदा थाना क्षेत्र सिंगड़ा में पश्चिम बंगाल एसटीएफ, झारखंड एटीएस और धनबाद पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर बुधवार की रात को अवैध मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया था। मौके से भारी संख्या में निर्मित और अर्धनिर्मित पिस्टल, पिस्टल बनाने वाले समान भारी मात्रा में बरामद किए गए थे। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी मुर्शीद की पत्नी हीना की संलिप्तता की पुलिस जांच कर रही है। सभी अपराधियों के आपराधिक इतिहास का पता लगाया जा रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि जांच के दौरान यह भी जानकारी मिली है कि एक सप्ताह पहले ही महुदा में अवैध मिनी गन फैक्ट्री की शुरुआत की गई थी। पश्चिम बंगाल एसटीएफ को इस संबंध में और क्या इनपुट मिले थे इसकी भी जानकारी ली जाएगी। गिरफ्तार अपराधियों के पश्चिम बंगाल कनेक्शन की भी जांच की जा रही है। साथ ही, मिनी गन फैक्ट्री से पिस्टल की बिक्री हुई है या नहीं, इसके बारे में भी पता लगाया जा रहा है।

## टैंगरा हत्याकांड: दो भाई मुख्य आरोपी, घटना के 99 दिन बाद पुलिस ने दायर की चार्जशीट

**कोलकाता :** टैंगरा में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की जघन्य हत्या के मामले में कोलकाता पुलिस ने 99 दिन बाद चार्जशीट दाखिल कर दी है। गुरुवार को शियालदह अदालत में पुलिस ने यह चार्जशीट पेश की, जिसमें दे परिवार के दो भाइयों - प्रणय दे और प्रसूण दे - को हत्या और हत्या की कोशिश के आरोप में अभियुक्त बनाया गया है।

कोलकाता को हिला देने वाली यह घटना 12 फरवरी को सामने आई थी, जब एम. बाईपास पर दे परिवार की कार एक मेट्रो के खंभे से जा टकराई। कार में छोटे बेटे प्रसूण दे, बड़े बेटे प्रणय दे और प्रणय का नाबालिग बेटा सवार थे।



इस हादसे के बाद पुलिस की जांच में जो खुलासे हुए, उसने पूरे शहर को स्तब्ध कर दिया।

जांच में सामने आया कि घर में मौजूद तीन सदस्यों - रॉमी दे, सुदेष्णा दे और प्रियम्बदा - की हत्या कर दी गई थी। हत्या का आरोप छोटे बेटे प्रसूण पर लगा। बताया गया कि तीनों शवों को घर में ही छोड़कर प्रसूण अपने भाई प्रणय और भतीजे को लेकर कार में निकल पड़ा था। तभी सुबह के समय उनकी कार हादसे का शिकार हो गई। सभी तीनों गंभीर रूप से घायल हुए और लंबे समय तक अस्पताल में भर्ती रहे।

प्रसूण के ठीक होने के बाद उसे हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया। बाद में जांच में प्रणय की संलिप्तता सामने आने पर उसे भी गिरफ्तार किया गया। वर्तमान में दोनों आरोपी न्यायिक हिरासत में हैं।

कोलकाता पुलिस ने इस दर्दनाक मामले में हत्या, हत्या की कोशिश समेत कई धाराओं में मामला दर्ज कर चार्जशीट दाखिल की है। अब अदालत में आगे की कानूनी प्रक्रिया शुरू होगी।

## उत्तरपाड़ा से अपहृत मूकबधिर नाबालिग 48 घंटे बाद भी लापता, तलाश जारी

**हुगली :** हुगली जिले के चंदननगर पुलिस कमिश्नरेट के उत्तरपाड़ा थाना क्षेत्र के कनाईपुर ग्राम पंचायत इलाके से अपहृत मूकबधिर नाबालिग बच्ची का 48 घंटों बाद भी कोई सुराग हाथ नहीं लगा। मंगलवार को एक पड़ोसी युवक असिम मजूमदार उसे अपने साथ ले गया था इसके बाद से ही नाबालिग गायब है। गुरुवार को चंदननगर पुलिस आयुक्तालय के आयुक्त अमित पी जवालगी श्रीरामपुर डीसीपी अर्णव विश्वास पुलिस के आला अधिकारी डॉग स्काउड के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आरोपी के घर से लेकर आस पास संदिग्ध जगहों पर तलाशी अभियान चलाया लेकिन दोनों का ही कोई सुराग हाथ नहीं लगा। पुलिस कमिश्नर अमित पी जवालगी ने बताया कि पुलिस अपने स्तर से हर संभव प्रयास कर रही है। हर पहलुओं से जांच की जा रही है। अनहोनी की संभावना देखते हुए आस-पास के तालाब जलाशयों में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बारिश के वजह से बाधा उत्पन्न हो रही है। डॉग स्काउड की मदद ली गई है। आरोपी के जहां जहां छुपे होने की संभावना है वहां भी पुलिस खोजबीन कर रही है। खूफ़िया विभाग की भी मदद ली जा रही है। ज्ञात हो कि मंगलवार शाम को आरोपी असिम बच्ची को मिट्टी काटने के बहाने साथ ले गया था, लेकिन उसके बाद वह अकेला लौटा और अपने परिजनों से कहा कि उसने नाबालिग को दफना दिया है। इसके बाद वह घर छोड़कर फरार हो गया।

## पिता ने की पत्नी-बेटी की हत्या, फिर की खुदकुशी, चंदननगर में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत से सनसनी

**हुगली/चंदननगर :** जिले के चंदननगर थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक ही परिवार के तीन सदस्यों की मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। बताया जा रहा है कि आर्थिक तंगी और भारी कर्ज के दबाव में आकर एक व्यक्ति ने पहले अपनी पत्नी





और नाबालिग बेटी की बेरहमी से हत्या कर दी, और फिर खुदकुशी कर ली। मृतकों की पहचान बबलु घोष (62), उनकी पत्नी प्रतिमा घोष (46) और बेटी पौषाली घोष (13) के रूप में हुई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, देर रात करीब 2 बजे सूचना मिलने पर चंदननगर थाना की पुलिस कलपुकुर गड़ेरधार इलाके में घटनास्थल पर पहुंची। तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चुचुड़ा इमामबाड़ा अस्पताल भेजा गया। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बबलू घोष कभी टीन के बक्से की फैक्ट्री में काम करते थे। बाद में उन्होंने टोटो चलाना शुरू किया और अंततः घर में एक छोटी दुकान से सट्टे का काम करने लगे। बताया जा रहा है कि वे लंबे समय से भारी कर्ज में डूबे हुए थे, जिससे मानसिक तनाव बढ़ता जा रहा था। स्थानीय लोगों और पड़ोसियों के अनुसार, बबलू ने पहले पत्नी और बेटी के सिर पर लोहे की छड़ (शाबल) से हमला किया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद उन्होंने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस का कहना है कि मामले की पूरी तह तक पहुंचने के लिए मृतकों के रिश्तेदारों और पड़ोसियों से पूछताछ जारी है। यह घटना ऐसे समय में सामने आई है जब हाल ही में हरियाणा के पंचकूला में भी कर्ज से परेशान एक परिवार के सात सदस्यों द्वारा सामूहिक आत्महत्या किए जाने की घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया था। चंदननगर की यह त्रासदी भी बताती है कि आर्थिक संकट और मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर हमें समाज के स्तर पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है।

## बिजली विभाग की लापरवाही से गई किसान की जान

**हुगली :** जिले के बालागढ़ थाना अंतर्गत जिराट पंचायत के निवासी 53 वर्षीय किसान निताई दास की जान चली गई बिजली विभाग की कथित लापरवाही के कारण। रोज़ की तरह गुरुवार तड़के भी निताई दास खेत पर काम करने के लिए निकले थे। लेकिन जिराट कालीतला मंदिर के नीचे सड़क पर गिरे 11 हजार वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि तड़के अंधेरे में उन्हें सड़क पर गिरे तार का अंदाजा नहीं हुआ। जैसे ही वह खेत की ओर साइकिल लेकर मुड़े, तार उनकी साइकिल के हैंडल में फंस गया। आसपास कोई मौजूद न होने की वजह से वह काफी देर तक उसी जगह पड़े रहे। इस दौरान तेज करंट लगने से उनके दाएं हाथ की कलाई जल गई और दाएं पैर के घुटने तथा हाथ बुरी तरह झुलस गए। स्थानीय लोगों ने बाद में उन्हें पड़ा देखा और बिजली विभाग को सूचना दी। इसके बाद बिजली सप्लाई बंद की गई। प्राथमिक जानकारी के अनुसार, किसी ताड़ के पेड़ की डाल टूटकर तार पर गिरने से वह तार टूटकर सड़क पर आ गया था। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज चुकी है। निताई दास के बड़े भाई स्वप्न दास ने बताया कि वह रोज की तरह गुरुवार को भी खेत में भिंडी तोड़ने गया था। हमें क्या पता था कि ऐसा हादसा हो जाएगा। बिजली विभाग की लापरवाही से ही ये हादसा हुआ है। कई साल पुराना तार था, जो पहले से ही कमजोर था। सरकार अगर कुछ मदद करती है तो अच्छा होगा। अब परिवार पर आर्थिक संकट आ गया है। उसका एक बेटा भी है। यह घटना इलाके में बिजली विभाग की निगरानी पर सवाल खड़ा कर रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई हो और पीड़ित परिवार को उचित मुआवजा दिया जाए।

## मोशन ने लॉन्च की नई नीट पीवायक्यू सोल्यूशन बुक्स, सवालों के साथ क्यूआर कोड से मिलेगा वीडियो सोल्यूशन

**कोलकाता :** नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए मोशन एजुकेशन ने नीट पीवायक्यू सोल्यूशन बुक्स लॉन्च की हैं। इन पुस्तकों में प्रत्येक सवाल के साथ एक क्यूआर कोड भी दिया गया है, जिसे स्कैन करके छात्र सवाल का टेक्स्ट और उससे जुड़ा वीडियो सोल्यूशन सीधे देख सकते हैं। इससे छात्रों को कॉन्सेप्ट क्लियर करने में मदद मिलती है और वे अपनी तैयारी को बेहतर तरीके से समझ सकते हैं। यह नया फीचर नीट की तैयारी में एक क्रांतिकारी बदलाव लेकर आएगा, जिससे छात्र आत्मविश्वास के साथ परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगे। मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि इस बार नीट पेपर का स्तर काफी कठिन था और यह स्पष्ट हो गया है कि इस परीक्षा में केवल तथ्यात्मक सवालों का दौर खत्म हो चुका है। अब केवल जानकारी ही नहीं, बल्कि विश्लेषणात्मक अध्ययन की आवश्यकता है। इसी नए ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए मोशन ने पीवायक्यू सोल्यूशन बुक्स तैयार की हैं, पुस्तक में केवल सवालों के उत्तर दिए गए हैं, जबकि कॉन्सेप्ट क्लियरिटी के लिए प्रत्येक सवाल के सामने क्यूआर कोड भी उपलब्ध है, जिसे स्कैन करके छात्र सवाल का टेक्स्ट और उससे जुड़ा वीडियो सोल्यूशन देख सकते हैं।

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता में भूमि, परिसंपत्तियों और पत्तन आधारित औद्योगिकीकरण पर कार्यशाला का आयोजन

**कोलकाता :** श्यामा प्रसाद मुखर्जी पोर्ट, कोलकाता (एसएमपीके) ने एनएवीआईसी प्रकोष्ठ-11 के अंतर्गत दूसरी कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें भूमि, परिसंपत्ति प्रबंधन और पत्तन आधारित औद्योगिकीकरण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर केंद्रित चर्चा की गई।





इस कार्यशाला की अध्यक्षता एसएमपीके के अध्यक्ष रथेंद्र रमण, आईआरटीएस ने की। इसमें देश के सभी प्रमुख पत्तनों के भू-संपदा अधिकारी, भौतिक रूप से या वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए।

वी.ओ. चिदंबरनार पत्तन प्राधिकरण, चेन्नई पत्तन प्राधिकरण, पारादीप पत्तन प्राधिकरण, विशाखापत्तनम पत्तन प्राधिकरण, मुंबई पत्तन प्राधिकरण, हल्दिया गोदी परिसर और कोलकाता गोदी प्रणाली के प्रतिनिधियों ने कोलकाता में आयोजित कार्यशाला में प्रत्यक्ष रूप से भाग लिया। वहीं, जवाहरलाल नेहरू पत्तन प्राधिकरण (जेएनपीए), न्यू मैंगलोर पत्तन प्राधिकरण (एनएमपीए) और कोचीन पत्तन प्राधिकरण (कोपा) के प्रतिनिधियों ने वर्चुअल रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को राष्ट्रीय स्तर पर व्यापक प्रतिनिधित्व प्रदान किया।

■ **कार्यशाला में निम्नलिखित प्रमुख विषयों पर गहन मंथन और सहमति बनी:**

❑ किरायेदारों और पूर्व-किरायेदारों के लिए संशोधित एकमुश्त निपटान योजना (ओटीएसएस) की शुरुआत

❑ दखलदारों के लिए भी ओटीएसएस योजना का विस्तार

❑ उल्लंघनों के नियमितीकरण हेतु एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) का प्रारूप

❑ मानक पट्टा समझौते का मसौदा तैयार करना

❑ भर्ती नियमों (आरआर) की समीक्षा

❑ पत्तन संपदा विभागों के लिए प्रस्तावित पदानुक्रमिक संरचना

कार्यशाला के दौरान, रथेंद्र रमण ने जोर देकर कहा कि ओटीएसएस योजना वर्तमान और पूर्व किरायेदारों को अपने कब्जे को वैध रूप देने का एक उचित अवसर प्रदान करती है। यह वर्षों से लंबित मामलों को सुलझाने और कानूनी विवादों की संख्या को कम करने की दिशा में एक सार्थक कदम है।

कार्यशाला का समापन सभी प्रतिभागी पत्तनों के बीच इस साझा उद्देश्य के साथ हुआ कि ओटीएसएस जैसी योजनाओं के माध्यम से विवादों को कम किया जाएगा, और पारदर्शिता एवं सुशासन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

## नदिया में फिर पकड़े गए चार बांग्लादेशी नागरिक

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत-बांग्लादेश सीमा पर पुलिस की कड़ी निगरानी के बीच एक बार फिर चार बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। ये गिरफ्तारियां धांतला और टेहेरपुर थाना क्षेत्रों से हुई हैं। धांतला थाने की पुलिस ने सीमा पार कर अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने पर तीन बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया। वहीं, टेहेरपुर थाना क्षेत्र से एक और बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, इन लोगों ने लगभग छह साल पहले भारतीय दलालों की मदद से अवैध रूप से भारत में प्रवेश किया था। बाद में वे गुजरात के अहमदाबाद चले गए थे। हाल ही में, ये सभी बांग्लादेश वापस लौटने की कोशिश कर रहे थे और इसी उद्देश्य से धांतला थाना क्षेत्र में पहुँचे थे। पुलिस को जब गुप्त सूत्रों से इनकी मौजूदगी की जानकारी मिली, तब उन्होंने दत्तफुलिया के मनसाहाटी इलाके में छापा मारा और तीनों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तीनों व्यक्ति पुरुष हैं। बताया जा रहा है कि ये लोग बुधवार की सुबह दत्तपुलिया सीमा से बांग्लादेश लौटने की योजना बना रहे थे और उसी दौरान मनसाहाटी इलाके में छिपे हुए थे। वैध दस्तावेज न होने के कारण पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया और पूछताछ शुरू की। भारतीय कानून की संबंधित धाराओं के तहत इनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। गुरुवार को धांतला और टेहेरपुर थाना पुलिस ने सभी आरोपियों को रानाघाट अदालत में पेश किया, जहां न्यायाधीश ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। इस घटना के बाद सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा और भी कड़ी कर दी गई है।

## कल्याणी में आग्नेयास्त्र के साथ बिहार निवासी युवक गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** बिहार युवक को आग्नेयास्त्र के साथ गिरफ्तार किया गया। गत बुधवार की रात पुलिस ने कल्याणी के सगुना इलाके से एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति के पास से एक देसी आग्नेयास्त्र और एक राउंड गोलियां बरामद की गईं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार युवक का नाम मोहम्मद कैफ (20) है। वह बिहार का रहने वाला है। हालांकि, वह कई दिनों से नदिया के कल्याणी ब्लॉक के मदनपुर इलाके में रह रहा था। बुधवार की रात वह सगुना इलाके के शांतिनगर इलाके में घूम रहा था। पुलिस ने उसे घूमते देख पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान एक बंदूक बरामद की गई। फिर पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार व्यक्ति बिहार से नदिया के इस इलाके में क्यों रहता था? वह सगुना इलाके में क्यों घूम रहा था? उसे आग्नेयास्त्र कहां से मिला? उसने किस मकसद से अवैध आग्नेयास्त्र अपने पास रखा था? पुलिस ने उस जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज इन ब्रीफ

### बिहार: भारत-नेपाल सीमा क्षेत्रों का वीडियो बनाने के आरोप में दो चीनी नागरिक गिरफ्तार

**मधुबनी (बिहार) :** बिहार के मधुबनी जिले से दो चीनी नागरिकों को भारत-नेपाल सीमा क्षेत्रों का वीडियो बनाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि दोनों के पास वैध यात्रा दस्तावेज भी नहीं थे। आधिकारिक बयान में कहा गया, ''बुधवार को पिपरौन-जटाही सीमा चौकी के पास सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के जवानों ने उन्हें सबसे पहले पकड़ा। वे भारत-नेपाल सीमा क्षेत्रों का वीडियो बना रहे थे। एसएसबी ने पुलिस और खुफिया एजेंसियों को इसकी जानकारी दी। बाद में दोनों को स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया।'' पुलिस ने बताया कि उनके पास से मोबाइल फोन, एक वायरलेस माइक्रोफोन और नेपाली रुपये के नोट समेत अन्य सामान बरामद किये गए। आगे की जांच जारी है।

### झारखंड : विवाह समारोह में की गई हर्ष फायरिंग में युवक की मौत

**चतरा :** झारखंड के चतरा जिले में एक शादी समारोह में कथित हर्ष फायरिंग में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने कहा कि इस घटना में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है और हर्ष फायरिंग में इस्तेमाल की गई पिस्तौल जब्त कर ली गई है। पुलिस ने बताया कि यह घटना बुधवार देर रात जिले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र के बरवा कोचवा गांव में एक शादी समारोह के दौरान हुई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान अभिषेक कुमार (19) के रूप में हुई है, जिसे गर्दन और बाएं हाथ पर गोली लगी थी। अभिषेक बिहार के गया जिले के इमामगंज थाना क्षेत्र के बरडीह गांव का रहने वाला था। आरोपियों की पहचान विक्रम कुमार (20) और सुमित कुमार (21) के रूप में हुई है। अभिषेक, विक्रम और सुमित गया से बरवा कोचवा आई बारात में शामिल थे। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया।

# प्रधानमंत्री मोदी ने पटना हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया

### प्रधानमंत्री मोदी ने पटना में रोड शो किया



**पटना:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को पटना हवाई अड्डे के नये टर्मिनल भवन का उद्घाटन किया और शहर के बाहरी इलाके में स्थित बिहटा हवाई अड्डे पर एक नए असैन्य परिसर की आधारशिला रखी। अधिकारियों ने बताया कि पटना स्थित जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर नया यात्री टर्मिनल भवन 1,200 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया है, जबकि बिहटा हवाई अड्डे पर असैन्य परिसर (सिविल एन्क्लेव) का विकास 1,410 करोड़ रुपये की लागत से किया जाएगा। प्रधानमंत्री पश्चिम बंगाल से दो दिवसीय दौरे पर बिहार की राजधानी पटना पहुंचे और उन्होंने पटना हवाई अड्डे पर आयोजित एक समारोह में इन परियोजनाओं का अनावरण किया। बिहार में इस साल चुनाव होने हैं। इस मौके पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी तथा विजय कुमार सिन्हा भी मौजूद रहे। यहां जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक पटना हवाई अड्डे के नए टर्मिनल का क्षेत्रफल 65,150 वर्ग मीटर है और यह व्यस्त समय में 3,000 यात्रियों और सालाना एक करोड़ यात्रियों को संभालने के लिए विश्व स्तरीय सुविधाओं से लैस है। इसमें कहा गया है कि भवन का डिजाइन क्षेत्र के परिदृश्य और मिथिला कला से प्रेरित है। विज्ञप्ति के मुताबिक पटना हवाई अड्डे पर नया टर्मिनल भवन और बिहटा में प्रस्तावित असैन्य परिसर बढ़ते घरेलू यात्रियों की जरूरतें पूरी करेंगे और राज्य से संपर्क को मजबूत करेंगे, जिससे पर्यटन, व्यापार और निवेश के अवसरों को बढ़ावा मिलेगा। इसमें कहा गया कि बिहटा में प्रस्तावित टर्मिनल भवन का क्षेत्रफल 68,000 वर्ग मीटर होगा। यह व्यस्त समय में 3,000 यात्रियों और सालाना 50 लाख यात्रियों को सेवा प्रदान करने में सक्षम होगा।

### झारखंड में कोविड-19 के दो और मामले आये सामने, संक्रमितों की संख्या बढ़कर तीन हुई

**रांची :** झारखंड में पिछले दो दिनों में कोविड-19 के दो और मामले सामने आए, जिससे राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या तीन हो गई। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। रांची के 'सिविल सर्जन' प्रभात कुमार ने कहा, 'पिछले दो दिनों में रांची में कोविड-19 के दो नए मामले सामने आए हैं। इसके साथ ही जांच के बाद संक्रमितों की संख्या तीन हो गई है।' राज्य में मौजूदा कोविड-19 लहर का पहला मामला पिछले सप्ताह सामने आया था, जब हाल ही में मुंबई से लौटे एक व्यक्ति में संक्रमण की पुष्टि हुई थी। कुमार ने बताया कि तीन में से दो मरीज अस्पतालों में उपचाराधीन हैं, जबकि एक घर पर ही पृथकवास में है।

## न्यूज अपडेट

### राम मंदिर ट्रस्ट ने जून में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण भेजने शुरू किए

**अयोध्या :** श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या में राम मंदिर की पहली मंजिल पर राम दरबार समेत आठ मंदिरों के आगामी प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए औपचारिक निमंत्रण भेजने शुरू कर दिए हैं। गंगा दशहरा के त्योहार के साथ तीन से पांच जून तक होने वाले इस कार्यक्रम की घोषणा पहले ही की जा चुकी है, लेकिन अब तैयारियां जोरों पर हैं। देश भर के धार्मिक नेताओं और संतों को निमंत्रण पत्र भेजे जा रहे हैं। ट्रस्ट के वरिष्ठ पदाधिकारियों-- चंपत राय और अनिल मिश्रा द्वारा हस्ताक्षरित निमंत्रण पत्रों में संतों से उपस्थिति का अनुरोध किया गया है। अनुष्ठानों के लिए तैयार किये जा रहे आठ मंदिरों में से प्रत्येक में दो गृहस्थ संरक्षक के रूप में काम करेंगे और दो संत गवाह के रूप में काम करेंगे, जैसा कि आधिकारिक पत्र में उल्लिखित है। हिंदू धार्मिक नेताओं को संबोधित पत्र में कहा गया है कि राम दरबार और सात अन्य मंदिरों का अभिषेक राम मंदिर की पहली मंजिल पर किया जाएगा। इसमें गर्भगृह के चारों ओर बनाये जा रहे आयताकार घेरे का भी वर्णन किया गया है, जिसके कोनों पर और घेरे के उत्तरी और दक्षिणी किनारों पर मंदिर स्थित होंगे। निमंत्रण में बताया गया है कि अभिषेक समारोह शिव, गणेश, हनुमान, सूर्य, भगवती, अन्नपूर्णा और शेषावतार समेत विभिन्न देवताओं को समर्पित मंदिरों में आयोजित किये जाएंगे।

### दादी ने पांच माह की पोती का ब्लेड से गला रेता; बहू को सबक सिखाना चाहती थी

**सहारनपुर (उप्र):** सहारनपुर जिले के गागलहेड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम कुतुबपुर कुसेनी में पुत्रवधू को सबक सिखाने के लिए सास ने पति और बेटी के साथ मिलकर पांच माह की पोती की कथित तौर पर गला रेतकर हत्या कर दी। बच्ची की दादी-दादा और बुआ को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार सास और बहू के बीच लंबे समय से झगड़ा चल रहा था और महिला अपनी पुत्रवधू को सबक सिखाना चाहती थी। पुलिस ने कहा कि इसी रंजिश में सास ने पति और बेटी के साथ मिलकर बुधवार को कथित अपराध को अंजाम दिया। सहारनपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) रोहित सजवाण ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ग्राम कुतुबपुर कुसेनी में पांच माह की इशिका की गला रेतकर उस समय हत्या कर दी गई जब वह अपनी मां शिवानी के साथ घर में सोई हुई थी। उन्होंने बताया कि सुबह जब शिवानी उठी तो उसने बच्ची को खून में लथपथ पाया जिसके बाद परिजन उसे लेकर चिकित्सालय पहुंचे जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### राजस्थान : अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिलाओं को मिलेंगी कई सौगात

**जयपुर :** राजस्थान सरकार ने अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के उपलक्ष्य में 31 मई को महिलाओं को कई सौगात देने की घोषणा की है। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक, सरकार इस मौके पर कार्यक्रम आयोजित करेगी, जिसमें केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा शामिल होंगे। बयान में बताया गया कि अहिल्याबाई होल्कर जयंती पर होने वाले कार्यक्रम में 150 कालिका यूनिट को हरी झंडी दिखाई जाएगी, लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत 32,755 बालिकाओं को प्रत्यक्ष राशि हस्तांतरित की जाएगी, 16,944 बालिकाओं को एसटी प्री मैट्रिक, 152 बालिकाओं को सफाई कामगार प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति और बालिका दूरस्थ शिक्षा योजना के तहत 30 हजार छात्राओं को फीस पुनर्भरण राशि का हस्तांतरण किया जाएगा। बयान के मुताबिक, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन योजना में राशि हस्तांतरण व लखपति दीदी ऋण योजना में 1800 लाभार्थियों को ऋण दिया जाएगा और 6489 बालिकाओं को गार्गी पुरस्कार एवं कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत दो हजार छात्राओं को स्कूटी दी जाएगी।

## आरेडिका के हरित ऊर्जा क्षेत्र में नया प्रयास, चिकित्सालय में प्राइवेट वार्ड का उद्घाटन




**रायबरेली :** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली में 28 मई को आरेडिका के विद्युत विभाग द्वारा आरेडिका चिकित्सालय की छत पर 152.5 किलोवाट क्षमता वाला रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित किया गया। इस नवनिर्मित सौर ऊर्जा संयंत्र का उद्घाटन महाप्रबंधक प्रशांत कुमार मिश्रा ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में किया। आरेडिका के प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिन्दल ने बताया कि इस नए संयंत्र के जुड़ने के बाद आरेडिका की कुल सौर ऊर्जा क्षमता 4.08 मेगावाट हो गई है। यह प्लांट सीधे ग्रिड से जुड़ा हुआ है और इसके माध्यम से प्रति वर्ष रेलवे को 14.23 लाख रुपये की बचत होगी। अनुमान है कि 4 से 5 वर्षों में इस परियोजना की कुल लागत पूरी तरह से वसूल हो जाएगी। साथ ही, इस पहल से कार्बन फुटप्रिंट में कमी आएगी और हरित एवं स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन में वृद्धि होगी। इसी दिन आरेडिका चिकित्सालय में महाप्रबंधक के कर कमलों द्वारा एक अत्याधुनिक प्राइवेट वार्ड का भी उद्घाटन किया गया। आकस्मिक वार्ड में स्थापित इस प्राइवेट कक्ष में जीवन रक्षक उपकरण, मॉनिटरिंग सिस्टम और आरामदायक वातावरण की पूरी व्यवस्था की गई है, जो गंभीर मरीजों को विशेष देखभाल और निजी सुविधा प्रदान करेगा। पीसीएमओ डॉ. आभा जैन ने कहा कि यह प्राइवेट रूम चिकित्सालय की आकस्मिक सेवा की गुणवत्ता को नई ऊंचाई पर ले जाएगा और मरीजों की गरिमा एवं स्वास्थ्य सुधार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर आरेडिका के कई वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे, जिनमें प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक राजीव खंडेलवाल, प्रधान वित्त सलाहकार बीएल मीना, प्रधान मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अतुल प्रियदर्शी, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता मनोज कुमार जिंदल, सीईडीई विजय, प्रधान मुख्य सुरक्षा आयुक्त रमेश चंद्र एवं पीसीएमओ डॉ. आभा जैन शामिल थे।

## विकसित भारत की परिकल्पना की आधारशिला बनेगी कृषि : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ




**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृषि विकसित भारत की परिकल्पना की आधारशिला बनेगी। मुख्यमंत्री योगी ने विकसित कृषि संकल्प अभियान की उत्तर प्रदेश में शुरुआत की। यह अभियान 29 मई से 12 जून तक जारी रहेगा। योगी ने इस मौके पर अपने संबोधन में अभियान के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रयोगशालाओं, कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केंद्र व अन्य संस्थानों में कार्यरत वैज्ञानिक पहली बार जमीन पर जाकर किसानों के साथ कृषि की चुनौतियों का मुकाबला करने के लिए कार्य करेंगे और किसानों से संवाद करेंगे। योगी ने कहा कि यह संवाद कृषि क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत करेगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जो 'विजन' दिया है, कृषि उसकी आधारशिला बनेगी। उन्होंने कहा कि कृषि के माध्यम से लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में क्या कदम उठाये जा सकते हैं, इसके लिए कृषि वैज्ञानिक, कृषि विभाग के अधिकारी-कार्मिक, खेती, डेयरी, मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को खेती के बारे में आधुनिक जानकारी उपलब्ध कराएंगे। मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों पर आरोप लगाया कि किसान उनकी सरकार के एजेंडे का हिस्सा नहीं बन पाये थे।

समाज्ञा CINE मंत्र

# जम्मू-कश्मीर मेरा भी घर, वहां शूटिंग के लिए जाऊंगा : कमल हासन



अभिनेता कमल हासन का कहना है कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक पूरा देश उनका घर है और वह फिल्म की शूटिंग के लिए कश्मीर भी जाएंगे, लेकिन शायद अभी इसका सही समय नहीं है। प्रसिद्ध अभिनेता एवं फिल्मकार हासन ने बताया कि उनकी फिल्म 'अमरन' की शूटिंग महज छह महीने पहले कश्मीर में हुई थी। इस फिल्म का निर्माण उन्होंने अपने बैनर राज कमल फिल्म्स इंटरनेशनल के तहत किया था। हासन ने अपनी फिल्म 'अभय' की शूटिंग भी कश्मीर में की थी। कमल हासन (70) ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले और इसके जवाब में पाकिस्तान के खिलाफ की गयी भारत की सैन्य कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' के कारण पैदा हुए हालात को लेकर कहा, 'कला के बारे में बात बाद में की जा सकती है।'

अभिनेता ने कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद उनकी आगामी फिल्म 'ठग लाइफ' के 'ऑडियो लॉन्च' को टाल दिया गया था। हासन ने इस सप्ताह 'पीटीआई' मुख्यालय में एक विशेष बातचीत में कहा, ''ऐसे नाजुक समय में हमने अपने जश्न भी स्थगित कर दिए। जब तक हमें सरकार और सेना से हरी झंडी नहीं मिली, हमने 'ठग लाइफ' का प्रचार फिर से शुरू नहीं किया।'

उन्होंने कहा, 'हम इसका इंतजार कर रहे थे, क्योंकि जब हमारे जवान वहां शहीद हो रहे थे, तो हम जश्न नहीं मना सकते। तो यह मेरी पहली भावना है। मैंने कहा कि कला की बात बाद में की जा सकती है, यही मैंने सोचा... इससे स्थानीय लोग भी परेशान हो सकते हैं...।' क्या वह कश्मीर में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वहां किसी फिल्म की शूटिंग करना चाहेंगे? इस पर हासन ने कहा, 'शायद अभी नहीं, लेकिन मैं ऐसा जरूर करूंगा, क्योंकि यह मेरी जगह भी है... कन्याकुमारी से लेकर कश्मीर तक मेरा घर है।

मैं अब भी इसमें विश्वास करता हूं।' साल 2001 में आई फिल्म 'अभय' में कमल हासन ने दोहरी भूमिका निभाई थी। यह फिल्म कश्मीर में शुरू होती है, जहां अभिनेता का कमांडो वाला किरदार एक आतंकी हमले को नाकाम करता है। 'अमरन' मेजर मुकुंद वरदराजन पर आधारित है, जो 2014 में कश्मीर में एक आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान शहीद हुए थे। इसमें शिवकार्तिकेयन और साई पल्लवी मुख्य भूमिका में थे। फिल्म जगत के दो दिग्गज अभिनेता कमल हासन और निर्देशक मणिरत्नम 35 साल बाद एक बार फिर साथ काम कर रहे हैं। मणिरत्नम की आगामी फिल्म 'ठग लाइफ' में कमल हासन अहम भूमिका में हैं।

अपूर्व रागंगल, नायकन, थेवर मगन, सदमा, पुष्पक और चाची 420 जैसी फिल्मों में शानदार अभिनय करने वाले हासन की आने वाले दिनों में फिल्म ठग लाइफ रिलीज होने वाली है, जिसका निर्देशन मणिरत्नम ने किया है। फिल्म 5 जून को कई भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

दक्षिण भारतीय फिल्मों के कई अन्य सितारों की तरह राजनीतिक पार्टी शुरू करने वाले हासन ने कई फिल्मों का निर्देशन भी किया है, जिनमें 'हे राम' और 'विश्वरूपम' शामिल हैं।

# 'निकिता रॉय' की नई रिलीज डेट घोषित, जानिए कब देख सकेंगे सोनाक्षी सिन्हा की फिल्म



सोनाक्षी सिन्हा की बहुप्रतीक्षित थ्रिलर फिल्म 'निकिता रॉय' की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। इस खुशखबरी को खुद सोनाक्षी सिन्हा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है।

### क्या है निकिता रॉय की नई रिलीज डेट

सोनाक्षी सिन्हा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट के जरिए फिल्म की नई रिलीज डेट का एलान किया है। सोनाक्षी ने फिल्म के पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा, 'अपने कैलेंडर पर निशान लगा लें! हमारी रोमांचक थ्रिलर 'निकिता रॉय' की अब नई रिलीज डेट आ गई है! 27 जून 2025 को बड़े पर्दे पर रहस्य का पर्दाफाश होते देखें!'

### फिल्म निकिता रॉय

अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा इस फिल्म में मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। यह एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर फिल्म है। सोनाक्षी के भाई कुश सिन्हा इस फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। पहले यह फिल्म 30 मई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी। लेकिन अब यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में सोनाक्षी के अलावा परेश रावल, सुहैल नय्यर और अर्जुन कपूर नजर आएंगे। फिल्म का निर्माण निकी भगनानी, विक्की भगनानी और अंकुर टकरानी कर रहे हैं।

### सोनाक्षी का वर्कफ्रंट

निकिता रॉय के अलावा सोनाक्षी फिल्म 'जटाधारा' के साथ टॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली हैं। वेंकट कल्याण के निर्देशन में बनी इस ड्रामा सुपरनैचुरल फैंटेसी थ्रिलर में सुधीर बाबू मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। सुधीर और सोनाक्षी के अलावा फिल्म में शिल्पा शिरोडकर, रेन अंजलि और दिव्या विज भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे।

# तमन्ना भाटिया ने शेयर किया शानदार वीडियो, यूजर्स से की खास गुजारिश, फैंस बोले- तबाही



### तमन्ना का पोस्ट

तमन्ना ने इंस्टाग्राम पर एक अवॉर्ड शो का डांस वीडियो शेयर किया है, जिसमे वह बेहद ही हॉट और बोल्ड अंदाज में डांस करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के साथ तमन्ना ने कैप्शन में लिखा, 'मुझे जी सिने अवॉर्ड्स 2025 में परफॉर्म करते हुए देखें और इस अविस्मरणीय फैनटरटेनमेंट यात्रा का हिस्सा बनें। 23वें जी सिने अवॉर्ड्स 2025 को 7 जून, शनिवार को शाम 7:30 बजे जी सिनेमा, जी टीवी और जी5 पर देखें।'

### फैंस के कमेंट्स

तमन्ना की इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट्स किए हैं। एक फैन ने लिखा, 'तमन्ना का मतलब है तबाहि', एक और फैन ने लिखा, 'इस धमाकेदार गाने को टीवी पर देखने के लिए इंतजार नहीं कर सकता', एक और फैन ने लिखा, 'सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन', एक और फैन ने लिखा, 'डांसिंग क्वीन।'

### तमन्ना का वर्कफ्रंट

तमन्ना हाल ही में फिल्म 'ओडेला 2' में नजर आई थीं। हालांकि, तमन्ना की यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखा पाई। लेकिन तमन्ना के फैंस को उनकी अगली फिल्म 'तीरंप' से काफी उम्मीदें हैं। यह फिल्म 15 मई 2026 को रिलीज होगी। इस फिल्म में तमन्ना के साथ सिद्धार्थ मल्होत्रा भी नजर आएंगे।

# 'भूल चूक माफ' को पूरा हुआ एक हफ्ता, जानिए राजकुमार राव की फिल्म का कलेक्शन



इन दिनों राजकुमार राव फिल्म 'भूल चूक माफ' के जरिए दर्शकों को हंसाने की कोशिश में लगे हुए हैं। इस फिल्म को रिलीज हुए सात दिन हो चुके हैं। फिल्म में वामिका गब्बी भी हैं। शादी पर आधारित एक छोटे शहर की कहानी फिल्म में है। जानिए, 7वें दिन इस फिल्म ने कितना कलेक्शन बटोर लिया है।

### 7वें दिन का कलेक्शन

अब तक प्राप्त शुरुआती आंकड़ों के अनुसार राजकुमार राव की फिल्म 'भूल चूक माफ' ने 7वें दिन 2.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है। अब तक इस फिल्म ने 43.5 करोड़ रुपये की कुल कमाई की है। 'भूल चूक माफ' ने पहले दिन 7 करोड़ रुपये अपना खाता खोला था।

### कमाई के लिए बचा है एक और हफ्ता

फिल्म 'भूल चूक माफ' सिनेमाघरों में सिर्फ दो हफ्तों के लिए रिलीज हुई है। 6 जून को ओटीटी प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसके पास बस एक हफ्ता बचा है। ऐसे में क्या यह फिल्म अपना बजट वसूल कर पाएगी यह कहना मुश्किल लग रहा है। दरअसल, इस फिल्म की कमाई में धीरे-धीरे कम हो रही है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में इस फिल्म का बजट 60 करोड़ रुपये बताया जा रहा है।

### राजकुमार की कॉमेडी का रंग पड़ने लगा फीका

राजकुमार राव ने फिल्म 'भूल चूक माफ' में काफी कॉमेडी की है लेकिन दर्शकों को लगता है ये कुछ जमी नहीं है। यही कारण है कि फिल्म का कलेक्शन हर दिन कम हो रहा है। फिल्म की कहानी की बात करें तो इसमें एक शादी हो रही है, जिसके साथ टाइम लूप का कॉन्सेप्ट भी है। फिल्म में रंजन (राजकुमार राव) और तितली (वामिका गब्बी) की शादी का दिन आता ही नहीं है, हल्दी वाले दिन पर ही समय अटक जाता है। फिल्म को करण शर्मा ने निर्देशित किया है।

### ये है फिल्म की स्टार कास्ट

फिल्म 'भूल चूक माफ' में राजकुमार राव और वामिका गब्बी अहम किरदार निभा रहे हैं। वहीं संजय मिश्रा, जाकिर हुसैन, सीमा पाहवा और रघुबीर यादव जैसे मंझे हुए कलाकार भी हैं। इन कलाकारों का काम जरूर दर्शकों को पसंद आया है।

# पहलगाम आतंकी हमला भारत की आत्मा पर हमला था, हमारी प्रतिक्रिया निर्णायक थी: प्रधानमंत्री मोदी

**गंगटोक :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले महीने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुआ आतंकी हमला भारत की आत्मा और एकता पर हमला था और इसके बाद चलाया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' आतंकवादियों के लिए एक ''निर्णायक जवाब'' था। उन्होंने कहा कि देश आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई में एकजुट है। उन्होंने कहा कि भारत ने मुंहतोड़ जवाब दिया और पाकिस्तान में आतंकवादी बुनियादी ढांचे और कई 'एयरबेस' को नष्ट कर दिया। पहलगाम हमले को भारत में धार्मिक आधार पर लोगों को बांटने का ''जानबूझकर किया गया प्रयास'' बताते हुए मोदी ने कहा, ''हमने स्पष्ट संदेश दिया है कि आतंकी हमले के बावजूद भारत एकजुट है, जिसने



हमारी कुछ बहनों के सिंदूर मिटा दिए।'' पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। आतंकवादियों ने कथित तौर पर पीड़ितों का धर्म पूछने के बाद उनकी हत्या कर दी थी। इस घटना से पूरा देश शोकाकुल और आक्रोशित हो गया था। सिक्किम की स्थापना के 50 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में गंगटोक के पलजोर स्टेडियम में आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि सिक्किम ''राष्ट्र का गौरव'' है और यहां के लोग लोकतंत्र में विश्वास करते हैं। प्रधानमंत्री ने खेद जताते हुए कहा कि वह राज्य के स्थापना दिवस समारोह में हिस्सा लेना चाहते थे लेकिन खराब मौसम के कारण ऐसा संभव नहीं हो सका। हालांकि उन्होंने आश्वस्त किया कि वह भविष्य में राज्य की यात्रा जरूर करेंगे। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से डिजिटल माध्यम से अपने संबोधन में कहा, ''पहलगाम हमले के मद्देनजर आतंकवादियों के खिलाफ चलाया गया 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत में आतंक फैलाने वालों को करारा जवाब था। पहलगाम में आतंकवादियों ने जो किया वह मानवता पर हमला था और अब हम आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एकजुट हैं।'' प्रधानमंत्री ने कई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन किया और कई अन्य की आधारशिला रखी। मोदी द्वारा उद्घाटन की गई परियोजनाओं में नामची में 500 बिस्तरों वाला जिला अस्पताल, 'स्वर्ण जयंती मैत्रेय मंजरी' (व्हाइट हॉल, रिज पार्क में), पेलिंग से सांगाचोलिंग मठ तक एक यात्री रोपवे, ममरिंग में एक गोशाला और गंगटोक जिले में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की एक प्रतिमा की स्थापना शामिल है। उन्होंने पाकयोंग में एक जिला अस्पताल, नाथुला में एक आगंतुक अनुभव केंद्र और सिंगशोर ब्रिज को 'ग्लास स्काईवॉक' में बदलने के कार्यों की आधारशिला भी रखी। उन्होंने भालेदुंगा स्काईवॉक परियोजना, गंगटोक (ताडोंग) में कामकाजी महिलाओं के लिए आश्रय, नामली में स्वर्ण जयंती सम्मेलन केंद्र और गंगटोक के पास स्वर्ण जयंती खेल एवं सांस्कृतिक केंद्र का भी उद्घाटन किया।

### पाकिस्तान गई नागपुर की महिला को वापस लाया गया, दो जून तक पुलिस हिरासत में भेजा गया

**नागपुर :** महाराष्ट्र के नागपुर की पुलिस यहां की उस महिला को वापस ले आई है, जो इस महीने की शुरुआत में कारगिल से पाकिस्तान चली गयी थी। महिला को बाद में पड़ोसी देश ने वापस भेज दिया था। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महिला सुनीता जामगड़े (43) को बुधवार देर रात नागपुर लाया गया और औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया। फिर उसे रात में एक विशेष अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो जून तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है। एक अधिकारी ने बताया, '' नागपुर पुलिस की चार सदस्यीय टीम ने अमृतसर पुलिस से जामगड़े को हिरासत में लिया। टीम मंगलवार रात उसे ट्रेन से लेकर अमृतसर से दिल्ली गई और बुधवार देर रात नागपुर पहुंची।''

## गौरव गोगोई के 'पाकिस्तान से संबंध' मामला : पुलिस ने कांग्रेस नेता रिपुन बोरा से पूछताछ की

**गुवाहाटी :** लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई के पाकिस्तान के साथ कथित संबंधों से जुड़े मामले में असम पुलिस ने पार्टी नेता और राज्यसभा के पूर्व सदस्य रिपुन बोरा से बृहस्पतिवार को करीब छह घंटे तक पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बोरा पूर्वाह्न करीब 11 बजे मुख्यमंत्री के विशेष सतर्कता प्रकोष्ठ (एसवीसी) कार्यालय पहुंचे और उनसे करीब छह घंटे तक पूछताछ की गई। उन्होंने हालांकि, इस मामले में कोई और जानकारी देने से यह कहते हुए इनकार कर दिया कि अभी प्रकरण की जांच की जा रही है। बोरा ने एसवीसी कार्यालय से बाहर आने पर संवाददाताओं से कहा कि जांचकर्ताओं ने उन्हें अलग-अलग प्रश्नों से उलझाने की कोशिश की, लेकिन उन्होंने अधिकारियों के साथ पूरा सहयोग किया। बोरा ने कहा, ''उन्होंने मुझसे संवाददाता सम्मेलन में दिए गए मेरे बयानों के बारे में पूछा और जानना चाहा कि क्या मैंने वे टिप्पणियां की थीं। मैंने उसी के अनुसार जवाब दिया। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे मुझे दोबारा बुला सकते हैं और मैं तब आऊंगा।'' पूर्व राज्यसभा सदस्य ने कहा कि उन्होंने जांचकर्ताओं को दो और लोगों – असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दिगंत कलिता को पूछताछ के लिए बुलाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा, '' शर्मा और कलिता दोनों ने ऐसे बात की जैसे उन्हें गोगोई के दौरे के बारे में सब कुछ पता हो। मुख्यमंत्री दावा कर रहे हैं कि उनके पास ठोस सबूत हैं। इसलिए उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया जाना चाहिए।''

## दक्षिण कन्नड़ में कई मुस्लिम कांग्रेसी नेताओं ने कानून और व्यवस्था के मुद्दे पर इस्तीफा दिया

**मंगलुरु :** नाटकीय घटनाक्रम में दक्षिण कन्नड़ जिले में कांग्रेस पार्टी के कई मुस्लिम नेताओं ने बृहस्पतिवार को बोलर के शादी महल में आयोजित एक आपातकालीन बैठक के दौरान पार्टी के पदों से इस्तीफा देने की घोषणा की। यह कदम जिले में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति के विरोध में उठाया गया है तथा उनका आरोप है कि सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा करने में विफल रही है। यह निर्णय बंटवाल तालुका में 32 वर्षीय व्यक्ति की हत्या की पृष्ठभूमि में लिया गया है। पीड़ित अब्दुल रहमान और उनके 29 वर्षीय सहकर्मी कलंदर शफी मंगलवार को बजरी उतार रहे थे, तभी मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उन पर तलवार से हमला कर दिया। रहमान की मौत हो गई, जबकि शफी का इलाज किया जा रहा है। रहमान का कत्ल सांप्रदायिक रूप से संवेदनशील दक्षिण कन्नड़ जिले में एक मई को हिंदू कार्यकर्ता सुहास शेट्टी की हत्या के कुछ समय बाद किया गया है। इस्तीफा देने वालों में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के राज्य महासचिव एम एस मोहम्मद और जिला उपाध्यक्ष के अब्दुल रऊफ प्रमुख हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### असम के कार्बी आंगलोंग में 10 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन जब्त, दो लोग गिरफ्तार

**गुवाहाटी :** असम के कार्बी आंगलोंग जिले में बृहस्पतिवार को 10 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की हेरोइन जब्त की गई और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। नियमित जांच के दौरान पुलिस ने बोकाजन उप-मंडल के अंतर्गत खटखटी गांव में दीमापुर से आ रहे एक ट्रक को रोका और वाहन की तलाशी ली। पुलिस ने वाहन के डैशबोर्ड के अंदर छिपाकर रखी गई 9.925 किलोग्राम हेरोइन बरामद की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान शांति नगर निवासी वजीर सिंह और तारचम सिंह के रूप में हुई है, जिनके एक बड़े मादक पदार्थ गिरोह से जुड़े होने का संदेह है। अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए मादक पदार्थ की कीमत 10 करोड़ रुपये से अधिक आंकी गई है। उन्होंने कहा कि इसके नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है।

### कर्नाटक में कोविड-19 से संक्रमित व्यक्ति की मौत

बेंगलुरु : कर्नाटक में बेलगावी जिले के एक अस्पताल में कोविड-19 से संक्रमित एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। राज्य के स्वास्थ्य विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। कर्नाटक के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रधान सचिव हर्ष गुप्ता ने मौत की पुष्टि की है। राज्य में हाल के दिनों में कोविड-19 से संक्रमित किसी बुजुर्ग व्यक्ति की मौत का यह दूसरा मामला है। स्वास्थ्य विभाग के सूत्रों के अनुसार बेलगावी के बेनकनहल्ली गांव के 70 वर्षीय मरीज की बुधवार देर रात मौत हो गई, वह कोविड-19 से संक्रमित थे। वह कथित तौर पर वृद्धावस्था से संबंधित बीमारियों से पीड़ित थे और उन्हें इलाज के लिए बेलगावी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में कोविड-19 से संक्रमित पाए जाने के बाद मरीज को कोविड वार्ड में भर्ती कराया गया था। गंभीर बीमारियों से ग्रस्त 84 वर्षीय एक व्यक्ति की 17 मई को बेंगलुरु के व्हाइटफील्ड स्थित एक निजी अस्पताल में मौत हो गई थी। उनकी मौत के बाद कोविड-19 की उनकी रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी।

## ऑपरेशन सिंदूर पर पोस्ट के लिये गिरफ्तार छात्रा जमानत मिलने के बाद परीक्षा में शामिल हुई

**मुंबई :** ऑपरेशन सिंदूर को लेकर भारत सरकार की आलोचना वाली सोशल मीडिया पोस्ट के लिए गिरफ्तार छात्रा जमानत मिलने के बाद आवश्यक सुरक्षा के बीच अपनी सेमेस्टर परीक्षा में शामिल हुई। छात्रा की वकील ने बृहस्पतिवार को बंबई उच्च न्यायालय को यह जानकारी दी। बंबई उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 19 वर्षीय इंजीनियरिंग छात्रा को जमानत दी थी, तथा उसका जीवन बर्बाद करने तथा उसे कट्टर अपराधी के तौर पर देखने के लिए महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ तीखी टिप्पणी की थी। अदालत ने जम्मू-कश्मीर की मूल निवासी छात्रा को तुरंत पुणे की यरवदा जेल से रिहा करने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय ने छात्रा को तत्काल रिहा करने का आदेश दिया, जिससे वह अपनी कॉलेज परीक्षाओं में बैठ सके। साथ ही उसने उसे स्पष्टीकरण देने का मौका दिए बिना जल्दबाजी में निष्कासित करने के कारण सिंहगढ़ एकेडमी ऑफ इंजीनियरिंग को भी फटकार लगाई। छात्रा के साथ कॉलेज आए उसके चाचा ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, कॉलेज प्रशासन ने विशेष व्यवस्था की थी। उसे एक अलग कमरा आवंटित किया गया था, जहां वह परीक्षा देने गई। उसने दोपहर 12:30 बजे अपना पेपर समाप्त किया और उसके बाद हम घर लौट आए।

## साहित्यिक परंपराओं की विविधता में भारतीयता की झलक महसूस होती है: राष्ट्रपति मुर्मू


**नयी दिल्ली :** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बृहस्पतिवार को कहा कि साहित्यिक परंपराओं की विविधता में भारतीयता की झलक महसूस की जाती है। दो दिवसीय साहित्यिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लगभग 140 करोड़ देशवासियों के बड़े परिवार में कई भाषाएं, अनेक बोलियां और साहित्यिक परंपराओं की असीम विविधता है। मुर्मू ने कहा, ''लेकिन इस विविधता में भारतीयता की झलक महसूस की जाती है। भारतीयता की यह भावना हमारे देश के सामूहिक अवचेतन में भी गहराई से समाई हुई है। मैं देश की सभी भाषाओं और बोलियों को अपनी



भाषा और बोली मानती हूं।'' राष्ट्रपति ने कहा कि वह देश की सभी भाषाओं और बोलियों को अपनी भाषा और बोली तथा सभी भाषाओं के साहित्य को अपना मानती हैं। मुर्मू यहां राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित सम्मेलन 'कितना बदल चुका है साहित्य?' का उद्घाटन करने के बाद बोल रही थीं। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने कहा कि विद्यार्थी जीवन से ही उनके मन में साहित्य और साहित्यकारों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता की भावना रही है। उन्होंने कहा, ''समय के साथ साहित्य के प्रति विशेष सम्मान की यह भावना और भी गहरी होती गई है।'' उन्होंने इस सम्मेलन के आयोजन के लिए संस्कृति मंत्रालय और साहित्य अकादमी की सराहना की। राष्ट्रपति ने कहा कि बदलते संदर्भों के बीच स्थायी मानवीय मूल्यों की स्थापना ही कालजयी साहित्य की पहचान है।

## 'मेट्रो...इन दिनों' की शूटिंग के दौरान हमें इरफान खान की बहुत याद आई : अनुराग बसु

**मुंबई :** फिल्मकार अनुराग बसु और अभिनेत्री कोंकणा सेन शर्मा का कहना है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मेट्रो...इन दिनों' की पूरी शूटिंग के दौरान दिवंगत अभिनेता इरफान खान की काफी कमी महसूस की। 'मेट्रो...इन दिनों' बसु की 2007 की फिल्म 'लाइफ इन ए मेट्रो' का सीक्वल है। अनुराग बसु ने बुधवार शाम को संवाददाताओं से कहा, ''फिल्म में कई ऐसे पल थे, जब शूटिंग के दौरान हमें उनकी (इरफान) कमी खली। एक दृश्य था, जिसे हम कोंकणा के साथ शूट कर रहे थे और वह दृश्य कुछ ऐसा था, जिसे हम पहले भी शूट कर चुके थे। एक पल के लिए सन्नाटा छा गया , हमने एक दूसरे को देखा और कोंकणा रोने लगी। हमें उसकी याद आती है। '' निर्देशक ने कहा, '' हम के के (के के मेनन), कैमरामैन बॉबी सिंह, कला निर्देशक और अन्य लोगों को बहुत याद करते हैं, जो फिल्म का अभिन्न हिस्सा थे, और अब इस फिल्म का हिस्सा नहीं हैं, इसलिए



हम उन्हें याद करते हैं।'' 'लाइफ इन ए मेट्रो' में इरफान की प्रेमिका की भूमिका निभाने वाली कोंकणा ने भी इसी तरह की भावनाएं व्यक्त कीं। कोंकणा ने कहा, '' हां, मुझे उनकी याद आती थी। उन्हें भूलने के लिए 'ज़माना लगे' (एक गाना जो खोए हुए प्यार के लिए एक दिल को छू लेने वाला गीत है)। लेकिन ऐसा कई बार हुआ, जब हमें इरफान की कमी महसूस हुई, मैं यह नहीं कहना चाहती कि क्या और कब हुआ, आप फिल्म देखेंगे, आपको पता चल जाएगा कि कब हुआ। ''

## दुनिया का चक्कर लगाकर लौटी नौसेना की दो सदस्यीय महिला टीम

**पणजी :** अपनी साथी लेफ्टिनेंट कमांडर दिलना के साथ सफलता-पूर्वक विश्व का चक्कर लगाने के बाद गोवा लौटीं लेफ्टिनेंट कमांडर रूपा ए ने बृहस्पतिवार को कहा, ''समुद्र की दुनिया समान ग्रह पर है, लेकिन एक पूरी तरह से भिन्न दुनिया है।'' नौसेना के सहयोग से दोनों ने आईएनएसवी तारिणी जहाज से 238 दिनों में 25,600 समुद्री मील से अधिक की दूरी तय की। नौसेना के प्रवक्ता ने बताया कि यह भारतीय महिलाओं द्वारा नौकायन जहाज से दुनिया की पहली परिक्रमा थी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने वास्को के 'मोरमुगाओ पोर्ट अथॉरिटी' में आठ महीने का 'नाविका सागर परिक्रमा द्वितीय' अभियान पूरा कर लौटीं इन



दो साहसी महिलाओं और उनके जहाज का स्वागत किया। पिछले साल दो अक्टूबर को अभियान को हरी झंडी दिखाने वाले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी भी इस मौके पर मौजूद थे। सिंह ने कहा कि दोनों महिला अधिकारियों की उपलब्धि पर पूरे देश को गर्व है। उन्होंने कहा, ''आपने न केवल पृथ्वी का चक्कर लगाया है, बल्कि आपने हर भारतीय के दिल में जगह बनाई है।'' उन्होंने उन्हें ''देश की बहादुर बेटियां'' कहा। रक्षामंत्री ने कहा, ''आज आप दोनों से मिलने के बाद मुझे ऐसा लग रहा है जैसे एक पिता अपनी दो बेटियों से मिल रहा है।'' उन्होंने कहा कि महिलाओं ने प्रवेश पाने के बाद से भारतीय रक्षातंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है और 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर पर हवाई हमलों में महिला अधिकारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

## मप्र : नौजवान ने गढ़ी खुद के अपहरण की कहानी, परिवार से तीन लाख रुपये की फिरौती मांगी

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर में खुद के अपहरण की झूठी कहानी गढ़कर अपने परिवार से तीन लाख रुपये की फिरौती मांगने के आरोप में पुलिस ने 20 वर्षीय युवक और उसके तीन साथियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि अपने महंगे शौकों के कारण आर्थिक संकट में फंसे नौजवान ने कर्ज चुकाने के लिए खुद के अपहरण की झूठी कहानी गढ़ी थी। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त रामसनेही मिश्रा ने संवाददाताओं को बताया कि बाणगंगा थाने में यश राठौर (20) के पिता आनंद राठौर ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि अज्ञात बदमाशों ने उनके बेटे का अपहरण कर लिया है और उसकी सुरक्षित रिहाई के लिए तीन लाख रुपये की फिरौती मांगी है। मिश्रा के मुताबिक, पुलिस को जांच के दौरान पता चला कि यश ने खुद के अपहरण की फर्जी कहानी गढ़ी थी और इसमें उसके तीन साथी-राहुल मेहरा (25), आदर्श चक्रवेदी (22) और धर्मेन्द्र लोधी (35) शामिल थे। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त ने बताया,मेहरा पर शहर के अलग-अलग थानों में 13 आपराधिक मामले दर्ज हैं। यश के अपहरण की फर्जी कहानी गढ़ने और फिरौती मांगने में मेहरा का अहम किरदार था। उन्होंने बताया,''यश पर उसके महंगे शौकों के कारण काफी कर्ज हो गया था जिसके कारण उसे अपनी कार तक गिरवी रखनी पड़ी थी। कर्ज चुकाने के लिए उसने अपने अपहरण की फर्जी कहानी गढ़ी और तीन साथियों की मदद से अपने परिजनों से फिरौती मांगी।''

## हल्द्वानी की नव्या पांडे ने जु-जित्सू में रचा इतिहास, एशियाई चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण

**देहरादून :** उत्तराखंड के हल्द्वानी की नव्या पांडे ने नौवीं एशियाई जु-जित्सू चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल कर इतिहास रच दिया है । वह एशियाई जु-जित्सू चैंपियनशिप में भारत के लिए स्वर्ण पदक जीतने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं। जॉर्डन की राजधानी अम्मान में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में नव्या ने 45 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत से न केवल उत्तराखंड बल्कि पूरे देश में गर्व की लहर दौड़ गई है। नव्या की इस उपलब्धि पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं उन्हें फोन कर बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री ने नव्या से शीघ्र ही मुलाक़ात करने की भी बात कही। इस मौके पर नव्या ने उत्तराखंड सरकार द्वारा दी गई नौकरी के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया। पिछले वर्ष नव्या को खेल कोटे के तहत राज्य सरकार ने वन विभाग में नौकरी दी थी।

## भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया: प्रज्ञा ठाकुर

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की पूर्व सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के जरिये पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। उन्होंने भारत-पाक संघर्ष विराम को लेकर पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि युद्ध बराबर के दुश्मन से लड़ा जाता है और एक कुत्ते से हाथी कभी युद्ध नहीं करता। ठाकुर ने इंदौर में 'करणी सेना भारत' नामक संगठन की ''प्रताप पराक्रम यात्रा'' में शामिल होने के दौरान एक सभा को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की तारीफ करते हुए कहा,''पाकिस्तान के गोला-बारूद और आतंकवादी कुछ नहीं कर पाए। उन्होंने जितने भी हथियार चलाए, वे हथियार भारत की सीमा के बाहर ही भस्म हो गए। वे एक आक्रमण नहीं कर पाए और भारत ने उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया।'' भाजपा नेता ने भारत-पाक संघर्ष विराम के संदर्भ में पाकिस्तान पर प्रहार किया और कहा,''लोगों ने कहा कि यह क्या हो गया? युद्ध क्यों बंद कर दिया? अरे, युद्ध तो बराबरी वालों से लड़ा जाता है। एक कुत्ते से हाथी कभी युद्ध नहीं करता।''


## गत 14 साल में उपग्रहों के टकराने से बचाने के लिए 122 बार उनकी कक्षा में बदलाव किया गया : इसरो

**बेंगलुरु :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मुताबिक पृथ्वी की कक्षा में घूम रहे अपने उपग्रहों को टकराने से बचाने के लिए उसने गत 14 साल में 122 बार उनके मार्ग में बदलाव किया है जिसे वैज्ञानिक भाषा में 'कॉलिजन अवॉइडेंस मैन्युवर'(सीएएम) कहा जाता है। इसरो ने अपनी अंतरिक्ष स्थिति आकलन रिपोर्ट में कहा है कि वह भारतीय अंतरिक्ष परिसंपत्तियों के निकट आने वाली अन्य वस्तुओं का पूर्वानुमान लगाने के लिए नियमित रूप से विश्लेषण करता है। इसमें कहा गया है कि किसी भी वस्तु के अति निकट पहुंचने की स्थिति में, संभावित टकराव को टालने के लिए उक्त उपग्रह के लिए सीएएम का प्रयोग किया जाता है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि इसरो के पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले उपग्रहों के लिए अमेरिकी अंतरिक्ष कमान के संयुक्त अंतरिक्ष परिचालन केंद्र (सीएसप-ीओसी) द्वारा जारी 53,000 से अधिक 'अलर्ट' का विश्लेषण अधिक सटीक कक्षीय आंकड़ो का उपयोग करके किया गया। इसरो ने बताया कि विश्लेषण के मुताबिक 2010 से 2024 तक 122 बार सीएएम किये गए और 2022 और 2023 के बीच अधिकतम 23 बार यह प्रक्रिया अपनाई गई। उसने बताया कि 2023 और 2024 के बीच 10 सीएएम किये गए। इसरो ने बताया, ''पिछले साल (2024) में सीएएम की संख्या 2023 की तुलना में कम थी। ऐसा इसलिए है क्योंकि नजदीक आने वाली वस्तु की अधिक सटीकता से विश्लेषण किया गया, वृहद आंकड़ों पर निगरानी रखी गई और सटीक पंचाग के आधार पर कई अवसरों पर उपग्रहों की कक्षा को समायोजित किया गया जिससे संभावित टकराव की वजह से कक्षा में बदलाव की आवश्यकताओं को टालने में मदद मिली।'' इसरो ने यह भी कहा कि 31 दिसंबर 2024 तक कुल 136 भारतीय प्रक्षेपण यान, जिनमें निजी ऑपरेटरों या शैक्षणिक संस्थानों के यान भी शामिल हैं, पृथ्वी की कक्षा में प्रक्षेपित किए गए हैं।

## केरल में मूसलाधार बारिश से व्यापक नुकसान

### आईएमडी ने आठ जिलों में जारी किया 'रेड अलर्ट'

**तिरुवनंतपुरम :** केरल में मानसून के दस्तक देने के बाद मूसलाधार बारिश हो रही है जिसकी वजह से व्यापक नुकसान हुआ है। वहीं भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने बृहस्पतिवार को राज्य के आठ जिलों के लिए 'रेड अलर्ट' जारी किया। भारी बारिश और तेज हवाओं के कारण राज्य में कई पेड़ उखड़ गए तथा निचले इलाकों और नदियों के निकटवर्ती इलाकों में जलभराव और बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। वायनाड जैसे राज्य के पहाड़ी क्षेत्रों में लोगों को राहत शिविरों में ले जाया गया है। केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने कहा कि भारी बारिश के कारण राज्य की विभिन्न नदियों मणिमाला, अचनकोविल, मीनाचिल, कोरापुझा और कबानी का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है। केएसडीएमए ने तटों के



करीब रहने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। आईएन-सीओआईएस ने तटीय क्षेत्रों के मछुआरों और अन्य निवासियों को सतर्क रहने की सलाह दी है, क्योंकि शुक्रवार रात 8.30 बजे तक केरल के तटों पर 1.2 से 3.7 मीटर ऊंची लहरें उठने की आशंका है। आईएन-सीओआईएस ने शुक्रवार रात तक राज्य के तिरुवनंतपुरम, कोल्लम, अलप्पुझा, एर्णाकुलम और त्रिशूर के तटीय क्षेत्रों के लिए 'रेड अलर्ट' और मलप्पुरम, कोझीकोड, कासरगोड और कन्नूर जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है।

## रतलाम-नागदा रेलखंड को मिलेगी नई रफ्तार, तीसरी और चौथी लाइन से जुड़ेगा विकास का ट्रैक

### परियोजना से मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दिल्ली को पश्चिमी तट के बंदरगाहों से मिलेगी बेहतर कनेक्टिविटी

- **हर वर्ष 38 करोड़ किलो सीआटू की बचत, पर्यावरण को मिलेगा 1.5 करोड़ पेड़ों जितना लाभ**
- **खजुराहो से ओंकारेश्वर तक, रेलवे बनेगा मध्यप्रदेश पर्यटन का सेतु**

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री गति शक्ति मास्टर प्लान के अंतर्गत रतलाम-नागदा रेलखंड की तीसरी और चौथी रेल लाइन को मंजूरी के उपलक्ष्य में रेल भवन, नई दिल्ली में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंद्रीय रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने इस महत्वाकांक्षी परियोजना की घोषणा की। इस अवसर पर मंच पर उज्जैन-अलोट के सांसद श्री अनिल फिरोजिया उपस्थित थे, जबकि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव वर्चुअली इस कार्यक्रम से जुड़े। उनके साथ राज्य सरकार के मंत्री श्री चेतन्य कश्यप, सांसद श्रीमती अनीता नागर सिंह चौहान, विधायक श्री मथुरा लाल डामर और विधायक डॉ. तेज बहादुर सिंह चौहान भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए। रेल मंत्री ने बताया कि यह परियोजना मध्य प्रदेश




के विकास में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर साबित होगी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में बुनियादी ढांचे को गति देने के लिए लगातार नई परियोजनाओं को स्वीकृति दी जा रही है। 41 किलोमीटर लंबा रतलाम-नागदा रेल सेक्शन अब तीसरी और चौथी लाइन के साथ चार ट्रैकों वाला बन जाएगा, जिसकी कुल लागत 1,018 करोड़ निर्धारित की गई है। रतलाम जंक्शन देश के उन महत्व-पूर्ण रेलवे जंक्शनों में शामिल है, जहां से उत्तर (नागदा), दक्षिण (वडोदरा), पूर्व (इंदौर) और पश्चिम (चित्तौड़गढ़) की ओर सीधी रेल कनेक्टिविटी है। इस परियोजना से मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और दिल्ली को पश्चिमी तट के बंदरगाहों से तेज और सुगम कनेक्टिविटी मिलेगी, जिससे लॉजिस्टिक्स लागत में कमी और आर्थिक गतिविधियों में बढ़ोतरी होगी। रेल मंत्री ने बताया कि यह परियोजना 'जीरो कार्बन' लक्ष्य की दिशा में भी बड़ा कदम है। इससे हर वर्ष लगभग 38 करोड़ किलोग्राम सीआटू उत्सर्जन में कमी आएगी, जो लगभग 1.5 करोड़ पेड़ों के बराबर है। 11वें वर्ष तक यह संख्या बढ़कर 16.5 करोड़ पेड़ों के बराबर होगी। साथ ही, 7.5 करोड़ लीटर डीज़ल की बचत भी संभव होगी। इस परियोजना से लगभग 27 लाख मानव-दिवस का रोज़गार भी सृजित होगा। इसके अलावा यह रतलाम क्षेत्र से नागदा थर्मल पावर प्लांट, विस्कोस फाइबर एवं केमिकल प्लांट जैसे औद्योगिक इकाइयों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा। कृषि उत्पादों, कोयला, कंटेनर और पेट्रोलियम उत्पादों के परिवहन में भी गति और कुशलता आएगी। परियोजना से खजुराहो, ग्वालियर, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, ओंकारेश्वर, सांची, उज्जैन, भोपाल, इंदौर, जबलपुर, अमरकंटक और भीम जन्मभूमि जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों को जोड़ने में मदद मिलेगी, जिससे राज्य के पर्यटन उद्योग को नया बल मिलेगा। रेल मंत्री ने यह भी बताया कि हाल ही में दिल्ली से डॉ. अंबेडकर नगर के लिए एक नई ट्रेन सेवा शुरू की गई है। इसके साथ ही रीवा-सतना-जबलपुर-पुणे, जबलपुर-रायपुर और ग्वालियर-पुणे-भोपाल-बेंगलुरु के लिए तीन और नई ट्रेन सेवाओं को भी मंजूरी दी जा चुकी है। इनकी समय-सारणी तय हो चुकी है और ये जल्द शुरू की जाएंगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अवसर पर कहा कि यह केवल एक नई सुविधा नहीं है, बल्कि यह विकास के एक नए युग का द्वार है। वास्तव में, आज मध्य प्रदेश का स्वर्णकाल चल रहा है।

# नौ साल बाद आईपीएल के फाइनल में पहुंची आरसीबी

## पंजाब किंग्स को 60 गेंदें शेष रहते हराया

**मुल्लांपुर :** गेंदबाजों के बाद फिल सॉल्ट के अर्धशतक की मदद से रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने क्वालिफायर-1 मुकाबले में पंजाब किंग्स को हराकर आईपीएल 2025 के फाइनल में जगह बना ली है। आरसीबी ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया और पंजाब की टीम को 14.1 ओवर में महज 101 रन पर ऑलआउट कर दिया। जवाब में आरसीबी ने 10 ओवर में दो विकेट पर 106 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया।

### पंजाब के पास एक और मौका

आरसीबी की टीम अब अपना पहला खिताब जीतने से एक कदम दूर है। पंजाब की टीम के पास हार के बावजूद खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने के लिए एक मौका है। ग्रुप चरण में शीर्ष पर रहने के कारण पंजाब को एक अतिरिक्त मौका मिलेगा। पंजाब का सामना क्वालिफायर-2 में रविवार को गुजरात टाइटंस और मुंबई इंडियंस के बीच शुक्रवार को होने वाले एलिमिनेटर की विजेता टीम से होगा। अगर पंजाब वो मुकाबला जीतने में सफल रही तो फाइनल में पहुंच जाएगी जहां उसका सामना तीन जून को अहमदाबाद में आरसीबी से होगा।

### चौथी बार फाइनल में आरसीबी

आरसीबी ने इसके साथ ही आईपीएल के फाइनल में पहुंचने का अपना नौ साल का सूखा समाप्त कर दिया है। आरसीबी आखिरी बार 2016 में खिताबी मुकाबले में पहुंची थी और तब से वह खिताबी मुकाबले में प्रवेश करने के लिए संघर्ष कर रही थी। पिछले सीजन आरसीबी का सफर एलिमिनेटर में ही समाप्त हो गया था, लेकिन इस बार टीम के पास खिताब जीतने का सुनहरा मौका है। आरसीबी ने 2009, 2011, 2016 में भी फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन तब टीम को हार का सामना करना पड़ा था।

### सॉल्ट का दमदार प्रदर्शन

कम लक्ष्य का पीछा करते हुए आरसीबी ने विराट कोहली का विकेट जल्द गंवा दिया था जो 12 गेंदों पर दो चौकों की मदद से 12 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सॉल्ट और मयंक यादव ने पारी आगे बढ़ाई और टीम को जीत के करीब लेकर गए। हालांकि, मुशीर खान ने मयंक को श्रेयस अय्यर के हाथों कैच कराकर पवेलियन भेजा। मयंक 13 गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुए। सॉल्ट टिके रहे और उन्होंने 23 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। यह आरसीबी के लिए आईपीएल प्लेऑफ में सबसे कम गेंदों पर बनाया गया पचासा है। सॉल्ट ने इस मामले में क्रिस गेल को पीछे छोड़ा जिन्होंने 2016 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 25 गेंदों पर अर्धशतक लगाया था।

सॉल्ट यहीं ही नहीं रुके और टीम को जीत दिलाने तक क्रीज पर टिके रहे। कप्तान रजत पाटीदार ने मुशीर खान की गेंद पर छक्का लगाकर टीम को खिताबी मुकाबले में पहुंचाया। सॉल्ट 27 गेंदों पर छह चौकों और तीन छक्के की मदद से 56 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि पाटीदार ने आठ गेंदों पर एक चौके और एक छक्के के सहारे 15 रन बनाए।

### पंजाब का निराशाजनक प्रदर्शन

इससे पहले, पंजाब की बल्लेबाजी बेहद खराब रही और टीम ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। उनके लिए मार्कस स्टोइनिस ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। वहीं, प्रभसिमरन और अजमतुल्लाह उमरजई 18-18 रन बनाकर आउट हुए। उनके छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू पाए। पंजाब की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम पूरे 20 ओवर भी नहीं खेल सकी। पंजाब ने इसके साथ ही एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। पंजाब की टीम इसके साथ



ही आईपीएल प्लेऑफ में सबसे कम ओवर तक बल्लेबाजी करने वाली टीम बन गई है। उसने दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) के 2008 में बनाए इस अनचाहे रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। उस वक्त दिल्ली की टीम राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ 16.1 ओवर तक ही बल्लेबाजी कर सकी थी। यह आईपीएल प्लेऑफ का संयुक्त रूप से तीसरा न्यूनतम टोटल भी है। आरसीबी के लिए जोश हेजलवुड और सुयश शर्मा ने तीन-तीन विकेट झटके जबकि यश दयाल को दो विकेट मिले। इसके अलावा भुवनेश्वर कुमार और रोमारियो शेफर्ड को एक-एक सफलता मिली।

## सात्विक और चिराग सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में, सिंधू और प्रणय बाहर



**सिंगापुर :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल टीम ने बृहस्पतिवार को यहां सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया लेकिन पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। सात्विक और चिराग ने दूसरे दौर के मुकाबले में साबर कार्यमन गुटामा और मोह रेजा पहलवी इस्फहानी की सातवीं वरीयता प्राप्त इंडोनेशियाई जोड़ी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद वापसी करते हुए एक घंटे 14 मिनट तक में 19-21 21-16 21-19 से जीत हासिल की। अगले दौर में भारतीय जोड़ी का सामना गोह से फेई और नूर इज्जुद्दीन की दूसरी वरीयता प्राप्त मलेशियाई जोड़ी से होगा। पिछले कुछ हफ्तों से फिटनेस समस्याओं से जूझने के बाद वापसी कर रही भारतीय जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन किया। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू को हालांकि दुनिया की पांचवें नंबर की खिलाड़ी चीन की चेन यूफेई के खिलाफ 65 मिनट चले कड़े मुकाबले में 9-21 21-18 16-21 से हार का सामना करना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 17वें स्थान पर खिसक चुकी सिंधू ने दूसरे गेम में अपनी पुरानी फॉर्म दिखाई। उन्होंने 19-12 की बढ़त बनाने के बाद दूसरा गेम 21-18 से जीता। हालांकि तीसरे और निर्णायक गेम में चीन की खिलाड़ी ने अपने दमदार स्मैश और कोर्ट पर बेहतर नियंत्रण बनाते हुए मैच जीत लिया।

## विश्व कप से पहले सितंबर में भारतीय महिला टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ तीन एकदिवसीय खेलेगी

**नयी दिल्ली :** भारतीय महिला क्रिकेट टीम इस साल देश में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैयारी के तौर पर सितंबर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैच की घरेलू एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने बुधवार को यह जानकारी दी। बीसीसीआई ने साथ ही कहा कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका की पुरुष 'ए' टीमें सितंबर से नवंबर के बीच भारत का दौरा करेंगी और इस दौरान बहुदिवसीय और सीमित ओवरों के क्रिकेट मैच खेले जाएंगे। बीसीसीआई ने बयान में कहा, 'ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम तीन मैच की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगी जो आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 से पहले टीम की तैयारी में अहम भूमिका निभाएगा।' महिलाओं की श्रृंखला के तीन मैच चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में 14, 17 और 20 सितंबर को खेले जाएंगे। भारत में 50 ओवर के महिला विश्व कप का आयोजन कई स्थलों पर 29 सितंबर से 26 अक्टूबर के बीच किया जाएगा। लगभग इसी समय ऑस्ट्रेलिया की पुरुष 'ए' टीम भी भारत दौरे पर होगी और यहां चार दिवसीय दो मैच खेलने के अलावा तीन एकदिवसीय मैच भी खेलेगी। दौरे की शुरुआत लखनऊ में 16-19 सितंबर तक चार दिवसीय मैच के साथ होगी। दूसरा मैच भी इसी स्थल पर 23-26 सितंबर तक खेला जाएगा। तीन एकदिवसीय मैच कानपुर में 30 सितंबर तथा तीन और पांच अक्टूबर को खेले जाएंगे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ श्रृंखला के बाद अक्टूबर-नवंबर में दक्षिण अफ्रीका की पुरुष 'ए' टीम के खिलाफ भी श्रृंखला होगी। बीसीसीआई ने बयान में कहा, 'दक्षिण अफ्रीका की पुरुष ए टीम भी विस्तृत श्रृंखला के लिए भारत का दौरा करेगी जिसमें बहुदिवसीय और सीमित ओवरों के प्रारूप के मैच बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

## याराजी और साबले ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीते

**गुमी (दक्षिण कोरिया) :** भारत की महिला बाधा दौड़ की नंबर एक धाविका ज्योति याराजी और राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गुरुवार को यहां 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अपनी-अपनी स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। साबले सत्र का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए की 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले 36 साल में पहले भारतीय पुरुष बन गए। इसके तुरंत बाद ज्योति ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 12.96 सेकंड का चैम्पियनशिप का नया रिकॉर्ड बनाते हुए इस प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक जीता। पिछला रिकॉर्ड



13.04 सेकंड का था, जिसे 1998 में कजाकिस्तान की ओल्गा शिशिगिना और 2011 में चीन की सन यावेई ने बनाया था। साबले ने आठ मिनट 20.92 सेकंड (8:20.92 सेकंड) का समय लेकर पहला स्थान हासिल किया। यह एशियाई चैंपियनशिप में उनका दूसरा पदक है। इससे पहले उन्होंने 2019 में रजत पदक जीता था। उनका आज का प्रदर्शन हालांकि 2024 में हासिल किए गए उनके 8:09.91 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के कहीं भी करीब नहीं था। भारत की तरफ से इससे पहले दीनाराम ने 1989 में इस स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। हरबेल सिंह 1975 में पुरुषों की स्टीपलचेज स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय थे। ज्योति ने 2023 में एशियाई चैंपियनशिप में 13.09 सेकंड के प्रयास के साथ स्वर्ण पदक जीता। उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय 12.78 सेकंड है जो राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी है। एशियाई खेलों की रजत पदक विजेता ज्योति एशियाई चैंपियनशिप की 100 मीटर बाधा दौड़ में स्वर्ण पदक का बचाव करने वाली पांच एथलीटों के चुनिंदा क्लब में शामिल हो गईं। उनसे पहले यह उपलब्धि जापान की एमी अकीमोटो (1979, 1981, 1983) तथा चीन की तीन खिलाड़ियों झांग यू (1991, 1993), सु यिनपिंग (2003, 2005) और सुन यावेई (2009, 2011) ने हासिल की थी।


## उज़्बेकिस्तान से मैत्री मैच खेलेगी भारतीय महिला फुटबॉल टीम

**बेंगलुरु :** भारतीय महिला फुटबॉल टीम आगामी एएफसी महिला एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वालीफायर की तैयारियों के लिए शुक्रवार को यहां दो अंतरराष्ट्रीय मैत्री मैचों में से पहले मैच में उज्बेकिस्तान से भिड़ेगी। भारतीय टीम को 23 जून से पांच जुलाई तक एएफसी एशियाई कप क्वालीफायर में खेलना है। भारत के मुख्य कोच क्रिस्पिन छेत्री ने मैच की पूर्व संध्या पर पत्रकारों से कहा कि वे आगामी मैचों के लिए गंभीरता से तैयारी कर रहे हैं। छेत्री ने कहा, 'हम सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। टीम ने लगभग 25 दिन तक तैयारी की है और सब कुछ उम्मीदों के अनुरूप चल रहा है।' फरवरी में जब से छेत्री ने भारतीय टीम के मुख्य कोच का पद संभाला है, तब से सीनियर महिला टीम में कई युवा खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, 'हमारी टीम युवा और अनुभव का अच्छा मिश्रण है। टीम में भले ही कई युवा खिलाड़ी हैं, लेकिन हमारे पास कुछ बहुत अच्छे सीनियर खिलाड़ी भी हैं, जिनमें पंथोई (चानू एलांगबाम), ग्रेस (डांगमेई), स्वीटी (देवी नगांगबाम), अंजू (तमांग) और रतन (नोंगमाईथेम रतनबाला देवी) शामिल हैं।'



# जवाबी शुल्क पर अमेरिकी अदालत की रोक के बाद शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स 321 अंक चढ़ा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में लगातार दो दिन की गिरावट के बाद बृहस्पतिवार को तेजी रही। अमेरिका में एक अदालत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन के 'जवाबी शुल्क' के फैसले पर रोक लगा दी है, जिससे वैश्विक बाजारों में उछाल आया। इससे स्थानीय शेयर बाजार भी चढ़ गया। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 320.70 अंक यानी 0.39 प्रतिशत चढ़कर 81,633.02 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 504.57 अंक चढ़कर 81,816.89 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का 50 शेयरों वाला निफ्टी 81.15 अंक या 0.33 प्रतिशत चढ़कर 24,833.60 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में इंडसइंड बैंक 2.41 प्रतिशत चढ़ गया। बाजार नियामक सेबी ने बैंक के पूर्व सीईओ (मुख्य कार्यपालक अधिकारी) सुमंत कठपलिया और चार अन्य अधिकारियों को बैंक के शेयर में कथित भेदिया कारोबार के मामले में




प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है। इसके अलावा सन फार्मा, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा और एक्सिस बैंक के शेयर भी फायदे में रहे। वहीं, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, बजाज फिनसर्व और एशियन पेंट्स के शेयर नीचे आए। अमेरिका की संघीय अदालत ने आयात पर 'जवाबी' शुल्क लगाने के राष्ट्रपति ट्रंप के फैसले पर रोक लगा दी है, जिससे निवेशकों की धारणा मजबूत हुई। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी अदालत ने ट्रंप की 'जवाबी' शुल्क नीति पर रोक लगाई, जिसके बाद वैश्विक धारणा में सुधार हुआ। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि और अमेरिकी 10-वर्षीय बॉन्ड पर प्रतिफल बढ़ने से घरेलू बाजार दिन में ज्यादातर समय तक एक दायरे में कारोबार करता रहा। उन्होंने कहा, व्यापार तनाव कम होने की उम्मीद के बीच आईटी और फार्मा जैसे निर्यात-केंद्रित क्षेत्रों ने अच्छा प्रदर्शन किया। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.48 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप 0.39 प्रतिशत के नुकसान में रहा। मेहता इक्विटीज लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, ''शुरुआत में बाज़ार में सुस्त चाल देखने को मिली, जबकि मासिक डेरिवेटिव अनुबंध के निपटान के दिन शॉर्ट कवरिंग के बीच चुनिंदा शेयरों में खरीदारी से बाजार में सुधार आया।'

## बिजली की पूरी मांग को सौर ऊर्जा से पूरा करने वाला दीव देश का पहला जिला बना

**नयी दिल्ली :** दीव अपनी पूरी बिजली मांग को सौर ऊर्जा से पूरा करने वाला देश का पहला जिला बन गया है। इसने कुल 11.88 मेगावाट क्षमता हासिल की है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री (एमएनआरई) प्रल्हाद जोशी ने कहा कि दीव नवीकरणीय ऊर्जा अपनाने में एक राष्ट्रीय उदाहरण है। जहां दिन के समय की पूरी बिजली की मांग सौर ऊर्जा से पूरी की जाती है। जोशी ने बृहस्पतिवार को दीव का दौरा किया और सौर ऊर्जा अपनाने में इसकी उल्लेखनीय प्रगति की समीक्षा की तथा पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना के कार्यान्वयन का आकलन किया। मंत्री ने दीव में केंद्र शासित प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सौर ऊर्जा उत्पादन की स्थिति, इसकी वर्तमान आपूर्ति रूपरेखा तथा भविष्य के विस्तार की संभावनाओं की समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की।

## आरबीआई के पास मौजूद सोने का मूल्य 2024-25 में 57.12 प्रतिशत बढ़कर 4.32 लाख करोड़ रुपये

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने (स्वर्ण जमा सहित) का मूल्य 31 मार्च, 2025 तक 57.12 प्रतिशत बढ़कर 4,31,624.8 करोड़ रुपये हो गया। इसकी मुख्य वजह सोने की मात्रा में 54.13 टन की वृद्धि और इसकी कीमतों में बढ़ोतरी रही। बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने का मूल्य 31 मार्च, 2024 तक 2,74,714.27 करोड़ रुपये था। आरबीआई की बृहस्पतिवार को जारी वित्त वर्ष 2024-25 की वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार, '' 31 मार्च, 2025 तक केंद्रीय बैंक के पास कुल सोना 879.58 टन था, जबकि 31 मार्च, 2024 तक यह 822.10 टन था। यह गत वित्त वर्ष में सोने की मात्रा में 57.48 टन की वृद्धि को दर्शाता है।'' इसमें कहा गया कि 31 मार्च, 2025 तक 879.58 टन में से 311.38 टन सोना निर्गम विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखा गया। 31 मार्च, 2024




तक निर्गम विभाग के पास 308.03 टन सोना रखा गया था। बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में 31 मार्च, 2025 तक शेष 568.20 टन सोना रखा गया जबकि 31 मार्च, 2024 तक यह 514.07 टन था। रिपोर्ट कहती है, '' बैंकिंग विभाग की परिसंपत्ति के रूप में रखे गए सोने (स्वर्ण जमा सहित) का मूल्य 57.12 प्रतिशत बढ़कर 31 मार्च, 2025 तक 4,31,624.80 करोड़ रुपये हो गया।

## एआई ला रहा व्यापक बदलाव, उद्योग खुद को रखें तैयार: वैष्णव



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) से समाज और विभिन्न उद्योगों में बड़े पैमाने पर बदलाव आने की संभावना जताते हुए कहा कि हर क्षेत्र को इन बदलावों के लिए तैयार रहने और उनके अनुकूल होने की जरूरत है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री वैष्णव ने यहां उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में एआई एक 'वास्तविकता' है और यह लंबे समय तक बनी रहने वाली है। उन्होंने कहा कि अतीत में जिस तरह इंटरनेट और इलेक्ट्रॉनिक्स ने समाज की दिशा को बदला है, कुछ उसी तरह एआई भी बहुत बड़ा बदलाव लेकर आएगा। वैष्णव ने कहा, एआई के कारण जब वह बदलाव आए तो हमें हर क्षेत्र या उद्योग में उस बदलाव का सामना करने के लिए तैयार रहना चाहिए।

## सेमीकंडक्टर क्षेत्र में कुशल कार्यबल के साथ चीन को चुनौती देने की स्थिति में है भारत : थर्डआईटेक

**नयी दिल्ली :** 'फैबलेस चिप' बनाने वाली कंपनी थर्ड आईटेक की मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) वृंदा कपूर ने कहा है कि सेमीकंडक्टर उद्योग में चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए कुशल कार्यबल के साथ भारत एकमात्र देश है। उन्होंने कहा कि दुनिया की 20 प्रतिशत सेमीकंडक्टर डिजाइन प्रतिभा बेंगलुरु, हैदराबाद और पुणे में है। उन्होंने कहा कि दशकों से वैश्विक प्रौद्योगिकी दिग्गजों द्वारा भारत में बड़े अनुसंधान एवं विकास केंद्र स्थापित करने के कारण बनी इस अद्वितीय बढ़त ने देश को वैश्विक सेमीकंडक्टर क्षमता में, खासकर रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में चीन के प्रभुत्व को चुनौती देने की स्थिति में रखा है। रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स में 2030 तक चीन की हिस्सेदारी 65 प्रतिशत रहने की संभावना



है। उद्योग मंडल भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वैश्विक व्यापार शिखर सम्मेलन-2025 को संबोधित करते हुए कपूर ने कहा, भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसके पास चीन के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए पर्याप्त कुशल जनशक्ति है। क्यों? क्योंकि 70 के दशक से ही अमेरिकी कंपनियां भारत आई हैं। यूरोपीय कंपनियां भारत आई हैं और उन्होंने विशाल प्रौद्योगिकी केंद्र स्थापित किए हैं। इसलिए, हमारे जीसीसी (वैश्विक क्षमता केंद्र) आखिरकार रंग ला रहे हैं। कपूर ने इस बात पर प्रकाश डाला कि रक्षा इलेक्ट्रॉनिक्स आपूर्ति शृंखलाओं में चीन के तेजी से विस्तार (2004 से 600 प्रतिशत की वृद्धि) के बावजूद, भारत के कुशल इंजीनियर और डिजायनर का विशाल पूल एक महत्वपूर्ण प्रतिस्पर्धी बढ़त रखता है।

## सरकार ने केंद्र प्रायोजित, केंद्रीय योजनाओं के मूल्यांकन की पांच वर्षीय प्रक्रिया शुरू की

**नयी दिल्ली :** वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होने वाली केंद्र प्रायोजित और केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं को अगले पांच साल जारी रखने को लेकर मूल्यांकन और अनुमोदन का कार्य शुरू किया। वित्त मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले व्यय विभाग ने बृहस्पतिवार को विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के सचिवों के साथ मंत्रिमंडल सचिव टी वी सोमनाथन की अध्यक्षता में एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस मौके पर वित्त सचिव अजय सेठ, व्यय सचिव वुमलुनमंग वुअलनम और अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने कार्यशाला के माध्यम से एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होने वाली केंद्र प्रायोजित और केंद्रीय क्षेत्र की योजनाओं को अगले पांच साल जारी रखने को लेकर मूल्यांकन और अनुमोदन का विस्तृत कार्य शुरू किया। पांच साल का चक्र एक अप्रैल, 2026 से शुरू होगा। यह 16वें वित्त आयोग (एफसी) चक्र के अनुरूप है। बैठक में मंत्रिमंडल सचिव ने मूल्यांकन प्रक्रिया कठोरता से अपनाए जाने पर जोर दिया और सचिवों से कहा कि वे योजना को पुनः संतुलित करने, अनावश्यक और अप्रभावी बाधाओं को हटाने, योजनाओं को मिलाने और उन योजनाओं को बंद करने की सिफारिशें करें जिनकी उपयोगिता समाप्त हो गई है या जिनके उद्देश्यों पूरे हो गए हैं। इससे सार्वजनिक संसाधनों का अधिकतम उपयोग संभव हो सकेगा। व्यय विभाग ने वित्तीय संसाधनों की उपलब्धता का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। सचिवों को अगले पांच वर्ष के चक्र में अपनी योजनाओं के लिए प्रत्येक विभाग/मंत्रालय के संसाधन व्यय तय करने के मानदंडों से अवगत कराया गया। इनमें 54 केंद्र प्रायोजित योजनाएं और 260 केंद्रीय योजनाएं हैं, जो 31 मार्च, 2026 तक स्वीकृत हैं। इन्हें पुनः मूल्यांकन के लिए प्रस्तुत किए जाने की संभावना है।

## अब लकड़ी के बोर्ड बनाने में काम आएंगे कटे-फटे नोट



**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक कागजी नोट के निपटान को और अधिक पर्यावरण अनुकूल बनाने के लिए कदम उठा रहा है। इसके तहत आरबीआई लकड़ी के बोर्ड (पार्टिकल बोर्ड) बनाने में कटे-फटे बैंक नोट का इस्तेमाल करेगा। केंद्रीय बैंक (आरबीआई) ने इस प्रकार का बोर्ड बनाने वालों को पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आरबीआई ने 2024-25 की अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा कि भारत में सालाना उत्पादित बैंक नोट के टुकड़ों या उससे बने ब्रिकेट (टुकड़ों को मिलाकर बनाया गया ब्लॉक) का कुल वजन 15,000 टन रहा है। केंद्रीय बैंक इसके निपटान के लिए हरित विकल्पों की तलाश में है। परंपरागत रूप से, अधिकांश केंद्रीय बैंक और मुद्रा प्रबंधन से जुड़े अन्य प्राधिकरण कटे हुए बैंक नोट का निपटान जमीन भरने या ईंधन के रूप में उसे जलाने में करते हैं, जो पर्यावरण के लिए अनुकूल नहीं है। रिपोर्ट में कहा गया है कि आरबीआई ने कुछ वैकल्पिक समाधान की तलाश के लिए केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत आने वाले स्वायत्त निकाय, काष्ठ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान से एक अध्ययन कराया। रिपोर्ट में कहा गया, 'अध्ययन से पता चला है कि फटे-पुराने नोट से बने ब्लॉक लकड़ी के बोर्ड की तकनीकी आवश्यकताओं के अनुरूप हैं।' केंद्रीय बैंक पार्टिकल बोर्ड विनिर्माताओं को पैनल में शामिल करने की प्रक्रिया शुरू की है। ये विनिर्माता अपने बोर्ड में लकड़ी के कणों की जगह अंतिम उपयोग के लिए ब्रिकेट खरीदेंगे।

वर्ष 10, पूर्णांक 3251 अंक 061, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in